e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 11, अंक 64
मंगलवार
05.03.2024
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

कभी-कभी आंखें भी धोखा दे जाती है, इसलिए हमेशा अपनी आंख और कान दोनों खोल कर रखें।

## क्विक न्यूज

### जेएमएम के स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई कल्पना सोरेन

**गिरिडीह :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन सोमवार को गिरिडीह में झामुमो के 51वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि मैं भारी मन से आपके सामने खड़ी हूं। एक पिता के रूप में मेरे ससुर और मेरी सासू मां चिंतित हैं। संबोधन के दौरान कल्पना सोरेन के आंसू छलक गए। उन्होंने कहा कि मुझे लगा था, मैं आंसू रोक लूंगी, लेकिन आपका प्यार देखकर मैं अपने आंसू रोक नहीं सकी। आप यहां से जोर से चिल्लाकर बता दीजिए कि आपका उत्साह आपके दादा (हेमंत सोरेन) तक जाए। जेल तक जाए। इतना बड़ा षड्यंत्र रचा गया कि हेमंत सोरेन जेल में है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दिल्ली वालों के दिल धड़कते नहीं हैं, उन्हें लगता है वह आदिवासी दलित के साथ कुछ भी कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को पद छोड़ने पर मजबूर कर दिया। झारखंड में हमारी सरकार को गिराने की मंशा उनकी बिखर गई। हमारे जितने भी कार्यकर्ता खड़े हैं उनके मनोबल से लगता है कि हमने उन्हें हरा तो दिया, लेकिन आने वाले समय में आप सभी को मिलकर उस आशीर्वाद को वोट में बदलना है।

### हाई कोर्ट से ईडी अधिकारियों को मिली राहत

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की शिकायत पर ईडी के अधिकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देने वाली ईडी अधिकारियों की याचिका पर सुनवाई की। मामले में न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट ने ईडी अधिकारियों के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी। साथ ही मामले में हेमंत सोरेन को नोटिस जारी किया है। ईडी की ओर से अधिवक्ता एके दास एवं सौरभ कुमार ने पैरवी की।यह एफआईआर।रांची के एससी/एसटी पुलिस थाना में दर्ज की गई है। यह एफआईआर हेमंत सोरेन के दिल्ली आवास पर ईडी द्वारा की गई तलाशी के संबंध में एक शिकायत को लेकर की गई है। ईडी की ओर से इस केस को निरस्त करने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। एफआईआर में ईडी के सीनियर अधिकारियों पर दिल्ली में हेमंत सोरेन के आवास पर की गई तलाशी का आरोप लगाया गया है। इस एफआईआर में ईडी के अतिरिक्त निदेशक कपिल राज, सहायक निदेशक देवव्रत झा और अनुमान कुमार और अमन पटेल के साथ-साथ अज्ञात अधिकारियों का नाम शामिल है। इसमें हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके दिल्ली आवास पर ईडी का तलाशी अभियान उन्हें और उनके समुदाय को परेशान करने और बदनाम करने के इरादे से चलाया गया।

### अमित शाह, जेपी नड्डा समेत कई भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर बदला बायो

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत कई वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया पर अपना बायो बदल लिया है। भाजपा नेताओं ने अपने बायो में नाम के आगे मोदी का परिवार लिख लिया है। पीएम मोदी के साथ एकजुटता दिखाने के लिए ऐसा किया गया है। दरअसल रविवार को बिहार में जन विश्वास महारैली के दौरान राजद नेता लालू प्रसाद यादव ने परिवारवाद के मुद्दे पर पीएम मोदी पर निशाना साधा था। उसी के पलटवार में भाजपा नेताओं ने ये रणनीति अपनाई है।

### कोलकाता में रह रहे बांग्लादेशी ने दी थी विमान उड़ाने की धमकी, दिल्ली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** दिल्ली पुलिस की टीम ने पश्चिम बंगाल की कोलकाता से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जिसने विमान को बम से उड़ाने की धमकी दी थी। 27 फरवरी को एक उड़ान में विस्फोटक होने के संबंध में दिल्ली हवाई अड्डे पर फर्जी ईमेल भेजने के आरोप में 29 वर्षीय बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित की पहचान बांग्लादेश निवासी मोहम्मद नजरूल इस्लाम के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक, 27 फरवरी को आईजीआई एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में डायल एयरपोर्ट सुरक्षा अधिकारी ने शिकायत की थी। इसमें कहा गया था कि एयरपोर्ट ड्यूटी मैनेजर की ईमेल आईडी पर एक धमकी भरा ईमेल आया है। इसमें लिखा है कि दिल्ली से कोलकाता की फ्लाइट में विस्फोटक है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $26^{0}$ |
| न्यूनतम | $12^{0}$ |

सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में सुनाया महत्वपूर्ण फैसला

# घूस लिए हैं तो केस चलेगा ही : सुप्रीम कोर्ट

**5 जजों की संविधान पीठ के 1998 वाले फैसले को पलट दिया है।**

एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने वोट के बदले नोट मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में 5 जजों की संविधान पीठ के 1998 वाले फैसले को पलट दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस संबंध में सांसदों को राहत देने पर सहमत नहीं है। शीर्ष अदालत ने कानून के संरक्षण में सांसदों को छूट देने से इनकार किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को घूस की छूट नहीं दी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली सात जजों की संवैधानिक बेंच इस मामले में सुनवाई की। पीठ ने कहा कि वोट के लिए नोट लेने वालों पर केस चलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के सात जजों की बेंच ने सोमवार को 1998 के फैसले को खारिज कर दिया। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच ने इस मामले में सुनवाई के बाद पांच अक्टूबर 2023 को फैसला सुरक्षित रख लिया था। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एम एम सुंदरेश, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस एएस बोपन्ना, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस पीवी संजय कुमार की पीठ ने सुनाया फैसला। पीठ ने कहा कि अनुच्छेद 105 या 194 के तहत रिश्वतखोरी को छूट नहीं दी गई है क्योंकि रिश्वतखोरी में लिप्त सदस्य एक आपराधिक कृत्य में लिप्त होता है। पीठ ने कहा कि हम पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले से असहमत हैं। पीवी नरसिम्हा मामले में फैसले, जो विधायक को वोट देने या भाषण देने के लिए कथित तौर पर रिश्वत लेने से छूट प्रदान करता है, के व्यापक प्रभाव हैं और इसे खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा कि विधायकों द्वारा भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी भारतीय संसदीय लोकतंत्र की कार्यप्रणाली को नष्ट कर देती है।



### सीता सोरेन के कारण दोबारा सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा मामला



देश की सर्वोच्च अदालत में मामला दोबारा पहुंचने के पीछे सीता सोरेन का केस था। दरअसल, 2012 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की विधायक सीता सोरेन पर राज्यसभा चुनाव 2012 में एक उम्मीदवार को वोट देने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। बाद में जब चुनाव आयोग ने पाया कि राज्यसभा चुनावों में समझौता किया गया था तो चुनावों को रद्द कर दिया। इसी मामले में उनके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया गया। सीता सोरेन विधायी छूट का दावा करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय पहुंच गईं। सुनवाई के दौरान सीता सोरेन ने तर्क दिया था कि राज्य विधानमंडल के सदन में उनके द्वारा डाले गए किसी भी वोट के लिए उन्हें अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट प्राप्त है। नरसिम्हा राव मामले के हवाले से जेएमएम विधायक ने तर्क दिया था कि अनुच्छेद 194(2) के तहत छूट न केवल विधायिका में उनके द्वारा डाले गए किसी भी वोट के लिए बल्कि ऐसे वोट डालने से जुड़े सभी कार्यों के लिए भी है। झारखंड उच्च न्यायालय ने विधायी छूट का दावा करने वाली सोरेन की याचिका खारिज कर दिया।सीता सोरेन ने झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। याचिका की सुनवाई करने वाली तीन जजों की बेंच ने माना कि मामले में उठाए गए मुद्दे व्यापक सार्वजनिक महत्व के हैं। लिहाजा मार्च 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ को भेज दिया। सितंबर 2023 को मामले की सुनवाई कर रही पांच जजों की बेंच ने बताया कि झारखंड उच्च न्यायालय का फैसला और सीता सोरेन का बचाव दोनों नरसिम्हा राव वाले मामले पर निर्भर थे। इसके अलावा बेंच ने कहा कि नरसिम्हा राव मामले की फिर से जांच करनी पड़ सकती है। इस तरह से मामला सात न्यायाधीशों की पीठ को भेज दिया गया।

गिरिडीह : मुख्यमंत्री ने 587 करोड़ रुपए की लागत से 156 विकास योजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

# बुनियादी व्यवस्था को कर रहे हैं मजबूत : चम्पाई सोरेन

*** राज्यवासियों को 125 यूनिट नि:शुल्क बिजली की दी सौगात**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि आज हमारी सरकार गिरिडीह की इस धरती पर कई महत्वपूर्ण योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास कर रही है। रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत को पूरा करते हुए बुनियादी व्यवस्थाओं को भी मजबूत बनाने का कार्य राज्य सरकार निरंतर कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यहां के लोगों की सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए कृत संकल्पित है। पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी कार्य प्रतिबद्धता के साथ किए गए हैं। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। हमारी सरकार ने राज्य में शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ और अपग्रेड करने का काम किया है।मुख्यमंत्री श्री चम्पाई सोरेन नगर भवन गिरिडीह में आयोजित विभिन्न विकास योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति:** इस अवसर पर मंत्री हफीजुल हसन, विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक निजामुद्दीन अंसारी, पूर्व विधायक डॉ. जयप्रकाश वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, जिले के उपायुक्त समेत अन्य पदाधिकारीगण तथा बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



### 156 योजनाओं की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर गिरिडीह जिले को 156 योजनाओं की सौगात दी। इनमें 57 योजनाओं का उद्घाटन और 99 योजनाओं की आधारशिला रखी गई। जिसके तहत लगभग 587 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जहां उद्घाटन योजनाओं की राशि 166.75 करोड़ है, वहीं शिलान्यास योजनाओं की राशि 420.16 करोड़ रुपए है।

### शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करने पर जोर

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि राज्य में किसान के बच्चे, मजदूर के बच्चे, हर गरीब परिवार के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सके इस निमित्त छात्रवृत्ति राशि में तीन गुना तक वृद्धि की गई है। पैसों के अभाव में अब विद्यार्थियों की पढ़ाई न रुके इसके लिए सभी जरूरी सुविधाएं राज्य सरकार दे रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक व्यवस्थाओं को निरंतर मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने राज्य के 5 हजार प्राईमरी स्कूलों को बंद करने का कार्य किया था।

### पाइपलाइन के जरिए खेतों तक पानी पहुंचा रही राज्य सरकार

मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि हाल के दिनों में धनबाद जिला अंतर्गत सिंदरी यूरिया कारखाना का उद्घाटन हुआ है। मेरा मानना है कि इस कारखाने से उत्पादित यूरिया का लाभ झारखंड के किसानों को तभी मिल सकेगा जब उनके खेतों पर पाइपलाइन के जरिए पानी पहुंचाई जाए। हमारी सरकार पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के सोच के अनुरूप यहां के किसान भाइयों के खेतों पर साल के 12 महीने पाइपलाइन के जरिए सिंचाई हेतु पानी पहुंचाने का कार्य कर रही है। हमारी सरकार की सोच है कि राज्य के भीतर असंगठित मजदूरों को संगठित कर उन्हें उनका हक-अधिकार दी जाए।

**सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य हुए:** मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में हमारी सरकार ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे में आने वाले सभी पात्र लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से जोड़ने का कार्य किया है। हमारी सरकार ने जन भावनाओं के अनुरूप योजनाओं को बनाने का कार्य किया है। सभी योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं। वर्तमान समय में राज्य के भीतर सभी पात्र विधवा, दिव्यांग, वृद्ध को पेंशन से जोड़ा गया है।

# पलामू : आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ गैंग रेप, 2 गिरफ्तार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू में छत्तीसगढ़ की आर्केस्ट्रा कलाकार के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आया है। घटना जिले के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र की है। महिला नर्तकी को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है। उसके बयान के बाद सोमवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि एक आरोपी फरार है। जिले की एसपी रीष्मा रमेशन ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि तीन आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। दो को गिरफ्तार किया गया है। एक फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में 29 वर्षीय अजय कुमार रवि उर्फ अजय कुमार उर्फ छक्का पिता लखन राम, ग्राम कुलिया, थाना पांडु एवं 26 दीवाना उर्फ बिंदेश्वरी कुमार, पिता मुंद्रिका राम, ग्राम उर्सला, थाना-रेहला शामिल हैं।घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिश्रामपुर के गोलू नामक युवक ने छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर की रहने वाली महिला आर्केस्ट्रा कलाकार की बुकिंग शनिवार रात के लिए हैदरनगर इलाके के लिए की थी। हैदरनगर में कार्यक्रम नहीं होने पर महिला डांसर और उसकी बहन को लेकर गोलू रविवार की अहले सुबह विश्रामपुर अपने घर ले आया था। यहां दोनों बहनों को अलग-अलग कमरों में रखा। इसी क्रम में 21 वर्षीय महिला आर्केस्ट्रा कलाकार को कोल्ड ड्रिंक पीने के लिए दिया। महिला कलाकार का आरोप है कि कोल्ड ड्रिंक में कुछ नशीला पदार्थ मिला हुआ था। हालांकि कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद भी वह होश में थी। इसी क्रम में गोलू और उसके साथ दो अन्य सार्थियों ने उसके साथ बारी बारी से दुष्कर्म किया। सुबह करीब 7 बजे उसने अपने पुरुष साथी (सिंगर) को घटना की जानकारी दी।

# परिवारवादी पार्टियों में झूठ और लूट का समान चरित्र : पीएम मोदी

**पीएम ने कांग्रेस पर इस संबंध में कार्रवाई करने के बजाय फाइलों पर बैठे रहने का आरोप लगाया.**

एजेंसी

**आदिलाबाद :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परिवारवादी पार्टियों पर हमला करते हुए सोमवार को कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन झूठ और लूट का उनका चरित्र समान है. यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि उनका जीवन एक खुली किताब की तरह है और उन्होंने खुद को जन कल्याण के लिए एक सेवक के रूप में समर्पित कर दिया है.

उन्होंने आरोप लगाया,परिवारवादी दलों का चेहरा अलग हो सकता है लेकिन उनका चरित्र एक ही है - झूठ और लूट.मोदी ने आगे कहा कि टीआरएस, बीआरएस बन गई, लेकिन इससे तेलंगाना के लिए कुछ भी नहीं बदला.



उन्होंने दावा किया कि अब कांग्रेस इस क्षेत्रीय दल की जगह पर सत्ता में आई है लेकिन कुछ नहीं होने वाला है.उन्होंने आरोप लगाया कि बीआरएस ने अपने कार्यकाल के दौरान कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना जैसे घोटाले किए. उन्होंने सत्तारूढ़ कांग्रेस पर इस संबंध में कार्रवाई करने के बजाय फाइलों पर बैठे रहने का आरोप लगाया. पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव द्वारा स्थापित टीआरएस का नाम बदलकर बीआरएस कर दिया गया था.रैली में प्रधानमंत्री ने देश में पिछले 15 दिनों में किए गए कई विकास कार्यों का उल्लेख किया और कहा कि यह आत्मनिर्भर भारत को और मजबूत कर विकसित भारत बनाएगा. इसे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित 56,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 56,000 करोड़ रुपये की यह परियोजनाएं कई राज्यों में विकास का नया अध्याय लिखेंगी.

# दुमका : सड़क हादसे में 3 की मौत, एक गंभीर

प्रभात मंत्र संवाददाता

**दुमका:** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई. हंसडीहा चौक के पास हुआ है. दुर्घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने दुमका-भागलपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया.

करीब 4 घंटे के जाम के बाद प्रशासन के आश्वासन पर लोग शांत हुए. बताया जा रहा है कि कुछ लोग हंसडीहा चौक के पास एक चाय की दुकान में चाय पी रहे थे.



उसी वक्त एक बेलगाम मालवाहक लॉरी दुकान में घुस गई. जिससे चार लोग इसके चपेट में आ गए. मृतकों की पहचान हंसडीहा थाना क्षेत्र मोजाहिद अंसारी (पिता मुदिन अंसारी), गुलाम अंसारी ऊर्फ गुल्ली (पिता रत्तू अंसारी). वहीं तीसरे मृतक की पहचान हड़ोखा गांव निवासी प्रभु मंडल के रूप में की गई है. घायल युवक की पहचान तालझारी थाना क्षेत्र निवासी रमेश मंडल के रूप में हुई है.मिली जानकारी के अनुसार बनियारा गांव के पास खराब ट्रक को मिस्त्री मोजाहिद और गुलाम के द्वारा मरम्मती की जा रही थी. इसी बीच भागलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने मिस्त्री मुजाहिद और गुलाम के साथ-साथ बाइक से हंसडीहा की ओर जा रहे प्रभु मंडल और रमेश मंडल को बुरी तरह कुचलते हुए खड़ी ट्रक में टक्कर मारते हुए खेत मे चली गई. इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने दुमका भागलपुर स्टेट हाइवे को हंसडीहा चौक पर जाम कर दिया. प्रशासन ने आश्रितों को मुआवजा देने और सारी सरकारी सुविधा देने के आश्वासन पर 4 घंटे बाद जाम हटा.

### आदित्य राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक के पद पर नियुक्त

**रांची :** झारखंड के पशुपालन निदेशक के पद पर पदस्थापित आदित्य रंजन को स्थानांतरित करते हुए राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके साथ आदित्य रंजन अगले आदेश तक निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकार झारखंड तथा निदेशक झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, रांची के पद पर अतिरिक्त प्रभार में रहेंगे। इस संबंध में सोमवार को आदेश जारी किया गया है। पूर्व निदेशक किरण कुमारी पासी को पशुपालन निदेशक रांची के पद पर नियुक्त किया गया है।

### इजरायली सेना का भीषण हमला जारी

**येरूसलम (एजेंसी):** गाजा में एक तरफ युद्धविराम की चर्चा हो रही है, तो दूसरी तरफ इजरायली सेना जबरदस्त हमले कर रही है. यहां दीर अल-बहाल और रफाह सहित कई जगहों पर आईडीएफ ने भीषण बमबारी की है. इसमें 12 से अधिक लोगों की मौत हो गई है, जिसमें महिलाएं और दो बच्चे भी शामिल हैं. वहीं, सैकड़ों की संख्या में लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं.

दिल का हाल सुने दिल वाला....
रोग नहीं, रोकथाम जरूरी
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता ! सीने के दर्द को गैस न समझे।
यदि आपकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है, थकान, घबराहट, सीने में दर्द, साँस फूलना, चक्कर, उच्च रक्तचाप या मधुमेह हो तो एक बार हृदय विशेषज्ञों से मिलने में हर्ज़ ही क्या है?
78083 68888 www.asarfihospital.com
असर्फी हॉस्पीटल,धनबाद

## संक्षिप्त खबरें

### प्राकृतिक पर्वत सरहुल मानने को लेकर सरना समाज की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छत्तरपुर :** अद्दि कुड़ुख सरना समाज पलामू की मासिक बैठक धुमकुडिया भवन पोखराहा कला में किया गया। बैठक में सरहुल की तैयारी को लेकर विशेष चर्चा की गई। एवं 11 अप्रैल 2024 को सरहुल शोभायात्रा की तिथि घोषणा की गई। तथा यह निर्देशित किया गया कि पलामू जिले के सभी प्रखण्ड अपने अपने सरना स्थलों में पूजा करने के बाद जिला मुख्यालय डालटनगंज में अपने जत्थे के साथ विशाल सरहुल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। और साथ ही साथ कोष का भी व्यवस्था एवं समाज में शिक्षा पर जागरुकता आभियान पर भी चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप उपस्थित जिला अध्यक्ष मिथलेश उरांव, जिला सचिव शंकर उरांव, उपाध्यक्ष सरिता उरांव, संयोजक श्यामलाल उरांव, ओमप्रकाश उरांव, छतरपुर प्रखंड सचिव संजीत उरांव, छतरपुर प्रखंड विष्णु उरांव आदि शामिल रहे।

# आई एम वेरिफाइड वोटर सोशल मीडिया कैंपेन का हुआ आयोजन

## कार्यक्रम का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करना : डीसी शशि रंजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले में मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से सोमवार को मेदिनीनगर शहर के शिवाजी मैदान में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत हैशटैग आईएम वेरिफिएड वोटर सोशल मीडिया कैंपेन का जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया.जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने संयुक्त रूप से दिप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की.मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि आज स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर यह अभियान पूरे राज्य में चलाया जा रहा है। जिसका एकमात्र उद्देश्य है मतदाता जागरूकता व मतदाता के रूप में खुद को वेरिफिएड करना.खुद को वेरिफिएड करने से




तात्पर्य है कि आप सभी अपने बूथ पर जाकर या वीएचए के माध्यम से अपना नाम ज़रूर चेक करें और अगर आपका नाम नहीं जुड़ा हो या उसमें कोई विसंगति है तो फौरन संबंधित फॉर्म 6,7,8 भरे व जमा करें.उन्होंने कहा कि तकनीक के इस युग में जहां मोबाइल के माध्यम से सारे कार्य हो रहें हैं, इसी में शामिल है वीएचए एप. इस ऐप के जरिये निर्वाचन से जुड़े सारे कार्यों का निष्पादन किया जा सकता है.इस ऐप में इलेक्शन से जुड़ी सारी जानकारी उपलब्ध रहती है.उन्होंने कहा कि जब आप समुचित जानकारी के साथ मतदान करने जाते हैं तो उसके अपने फ़ायदाये हैं.उन्होंने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम भविष्य में भी चलाया जायेगा। ताकि जिले में अधिकाधिक मतदान सुनिश्चित किया जा सके.इसी तरह उप विकास आयुक्त रवि आनंद,नगर आयुक्त जावेद हुसैन व उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने स्वीप जागरूकता पर ज़ोर दिया। **कहीं रंगोली तो कहीं मेहंदी के ज़रिए लोगों को मतदान हेतु किया गया प्रेरित :** शिवाजी मैदान में आयोजित कार्यक्रम को लेकर पूरे मैदान परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया था.मैदान के चारों तरफ मतदाता जागरूकता से संबंधित सेल्फी बूथ, कहीं फूलों की रंगोली,कहीं मेहंदी तो कहीं पेंटिंग के माध्यम से लोगों को वोट देने हेतु प्रेरित किया गया.इस दौरान स्कूली बच्चों की ओर से कुल 19 अलग-अलग प्रकार के रंगोली बनाये गये थे साथ ही 20 से अधिक विभिन्न प्रकार के पेंटिंग्स के जरिये मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया। **सभी ने लिया मतदान प्रतिज्ञा, मेहंदी, रंगोली, पेंटिंग के प्रतिभागी हुए पुरस्कृत :** शिवाजी मैदान में उपस्थित सभी लोगों को मतदान प्रतिज्ञा दिलाया गया.इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त व सहायक समाहर्ता रवि कुमार ने मैदान में उपस्थित सभी लोगों से विशेष रूप से बच्चों से इलेक्शन से जुड़े कई सवाल किये व सही जवाब देने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी तरह रंगोली, पेंटिंग व बेहतर मेहंदी लगाये बच्चियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे नुक्कड़ नाटक से भी लोगों को मतदान के महत्व के विषय पर प्रकाश डाला गया साथ ही मतदाता जागरूकता लिखे पम्पलेट को गुब्बारे के साथ हवा में उड़ाकर भी मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे अन्य पदाधिकारी, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे समेत आमजन उपस्थित रहे।

## विलासपुर बाजार स्थित दुकान से चोरों ने उड़ाए एक लाख दस हजार, अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज




**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर उंटारी प्रखंड में विलासपुर मुख्य बाजार स्थित विश्वकर्मा मेडिकल स्टोर से अज्ञात चोरों ने एक लाख दस हजार रुपये उड़ा लिए जाने की खबर है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन प्रारम्भ कर दिया है।प्रखण्ड के सीमावर्ती विलासपुर बाजार में एनएच 75 पर स्थित विश्वकर्मा मेडिकल स्टोर से रविवार की रात्रि में ताला तोड़कर एक लाख रुपये चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इससे बाजार के दुकानदारों में भय व्यप्त हो गया है। इस संबंध में मेडिकल स्टोर के संचालक कंचन विष्वकर्मा का कहना है कि प्रतिदिन की तरह रविवार को रात्रि में दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब दुकान पर पहुँचे तो देखा कि दुकान का शटर काटा हुआ है। इसके बाद मेरे होश उड़ गए। जब दुकान अंदर गया तो सब कुछ सही था। लेकिन दुकान का लॉकर भी टूटा हुआ था। जिसमे रखे लगभग एक लाख दस हजार रुपए गायब था। सूचना पर अगल बगल के लोगो की भीड़ लग गई। सूचना के बाद पहुँची नगर उंटारी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों कर खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान में जुट गई है।

## भाजपा नेताओं ने प्रश्न-पत्र लीक मामले की जांच सीबीआई से करने की मांग राज्यपाल से की



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेताओं ने महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम लिखे आवेदन प्रखंड विकास पदाधिकारी को देकर प्रश्न पत्र लिक मामले की जांच सीबीआई से कराने तथा राज्य में व्याप्त भय, भूख, भ्र्ष्टाचार पर अंकुश लगाने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि राज्य में प्रश्न पत्र लीक होने के संदर्भ में सरकार द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं का भविष्य अधर में लटका हुआ है। सरकार के चहेते लोगों के द्वारा सेटिंग कर नौकरी बेचा जा रहा है। इस व्यवस्था में छात्र-छात्राओं को नौकरी से वंचित रखा जा रहा है। राज्य में चारों तरफ भय, भूख व भ्रष्टाचार चरम पर है। अबुआ आवास के नाम पर प्रति आवास 30-40 हजार रूपये वसूला जा रहा है। चोरी, हत्या, बलात्कार झारखंड सरकार की पहचान बन चुकी है। मांग करने वालों में विधायक प्रतिनिधि लालमोहन प्रसाद यादव, राजेंद्र प्रताप देव, सत्येंद्र चौबे, अनिल पासवान, विपेश कुमार तिवारी, राकेश कुमार चौबे, अनुज चौधरी सहित अन्य के नाम शामिल है।

# पटना की महिला के साथ भवनाथपुर में दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** भवनाथपुर थाना क्षेत्र में नगर उंटारी-भवनाथपुर स्थित जंगल मे पटना की एक महिला के साथ दुष्कर्म की घटना प्रकाश में आई है। घटना 3 मार्च शाम लगभग पांच बजे की बताई जाती है। घटना के बाद भवनाथपुर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। वहीं महिला को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया है। घटना के संबंध में पीड़िता ने बताया कि मैं अपने पति के साथ गुजरात के सूरत के फैक्ट्री में काम करती थी। इसी दौरान भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बेल पहाड़ी गांव निवासी जहारुद्दीन अंसारी जो उसके साथ फैक्ट्री में काम करता था से संपर्क हुआ। संपर्क के दौरान जहूर अंसारी



45000 रुपये नगद के अतिरिक्त मेरा मोबाइल लेकर अपने घर आ गया था। 1 मार्च को मैं अपने सात माह के बच्चे के साथ पैसे और मोबाइल लेने के लिए ट्रेन पड़कर नगर ऊंटारी स्टेशन 3 मार्च को पहुंची नगर ऊंटारी पहुंची। जब जहारुद्दीन अंसारी को फोन किया तो उसने ऑटो लेकर स्टेशन पर पहुचने की बात कही। फिर उसने भवनाथपुर पहुच कर पैसे देने की बात कही। इसके बाद मैं उसके साथ ऑटो से भवनाथपुर जाने लगी। इसी दौरान जहूरुदीन अंसारी ने रास्ते स्थित जंगल में ले जाकर मेरे साथ मारपीट करते हुए मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसके साथ ही धमकी दिया की घटना को लेकर किसी को जानकारी दिया तो जान से मार देंगे। घटना के बाद जहरुदीन अंसारी फरार हो गया। मैं किसी तरह नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन पहुंची। रेलवे स्टेशन से ही मैं 100 नंबर डायल कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल ले जाकर मेरा इलाज कराया। पीड़िता के बयान पर भवनाथपुर थाने में सुदृढ़ धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# राज्य सरकार के खिलाफ भाजपाईयों ने दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय व पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया मौके पर मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पाण्डेय ने कहा कि राज्य मे गठबंधन का सरकार निकमी सरकार है राज्य सरकार भ्रष्टाचार एंव नियुक्ती प्रक्रिया मे लोगो का अहित करने मे हमेशा लगी रह रही है ऐसे भ्रष्ट सरकार को जनता 2024 मे उखाड फेकने का काम करेगी गठबंधन का सरकार राज्य का जनता के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है भाजपा जिला मंत्री धीरेंद्र कुमार दुबे ने कहा कि गठबंधन की सरकार 5 वर्ष के लिए अपनी ही झोली भरने के लिए बनी है ऐसी निकम्मी सरकार को राज्य की जनता 2024 में उखाड फेंकने का काम करेगी राज्य सरकार राज्य के जनता को चलने का काम कर रही है ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकने की जरूरत है जिस की जनता की भला हो सके पात्रा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने कहा कि राज्य में गठबंधन का सरकार है जो की ठग बंधन का सरकार है ऐसे ठग बंधन सरकार को राज्य की जनता को उखाड़ फेंकने की जरूरत है जिससे कि जनता के हक और अधिकार मिल सके जिला परिषद सदस्य रामलाल चौरसिया ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार है जॉकी राज्य के जनता के साथ हमेशा सौतेला व्यवहार करने में लगी है ऐसी सरकार को राज्य की जनता को हमेशा के लिए अलविदा कर देने की जरूरत है जिससे कि दोबारा कोई भी सरकार राज्य में आए तो जनता के हक और अधिकार को छिनने का काम करने की हिम्मत नहीं कर सके मौके पर आनंद सिंह अमलेश चौरसिया रूपेश कमलापुरी भीष्म चौरसिया मनीष कुमार पाण्डेय गुलाब भुईया विनोद चौरसिया सहित कई अन्य

## जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष ने सीएम से मिल कर सौपा मांग पत्र

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ने मुख्यमंत्री चम्पई सोरेन के गढवा आगमन पर उनसे मिलकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को चालू कराने सहित 9 सूत्री मांग पत्र सौंपा.श्री राम ने मुख्यमंत्री से प्रखंड के विभिन्न गांवों में स्थित छोटे डैम एवं चेक डैम का जीर्णोद्धार कराने, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना को चालू करवाने, प्रखंड में विगत 4 माह से प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी का पद रिक्त है, प्रखंड में उन्हें पदस्थापित कराने, तुलसी दामर डोलोमाइट खदान चालू करवाने,अंचल क्षेत्र में 6 हल्के के लिये मात्र दो राजस्व कर्मचारी हैं, शेष चार राजस्व कर्मचारियों को पदस्थापित कराने, प्रखंड में पशु शेड, मिट्टी मोरम रोड बनवाने, प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत में धुरकी मोड़ से नागिया आहर होते हुए विजय मेहता के घर तक गार्डवाल सहित पीसीसी रोड बनवाने तथा उक्त पंचायत में आर ई ओ रोड से कउआ खोह तिहारा तक पीसीसी रोड बनवाने की मांग किया है।

# आभूषण दुकान में 10 लाख रुपये की भीषण चोरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल मुख्यालय में इन दिनों चोरो की सक्रियता इतनी बढ़ गई है कि शहर की बीचो-बीच स्थित आभूषण की दुकान से लगभग 15 लाख की चोरी दुकान का दीवार काट कर कर ले रहे है। जिससे पुलिस की सक्रियता पर प्रश्न चिन्ह लग गया है।बीते दिन जनरल स्टोर में चोरी के बाद लगातार दूसरी रात चोरों ने आभूषण दुकान में हाथ साफ कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत रात्रि शहर के बीचों बीच चचेरिया पुल के पास स्थित यमुना ज्वेलर्स नामक आभूषण दुकान से लाखों रुपए के आभूषण और नगदी की चोरी चोरों द्वारा कर लिया गया है। दुकान के दीवार को काटकर भीतर घुसे चोरों ने लाकर को तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। घटना में लगभग 7 से 8 किलो चांदी के आभूषण, 22 एवं 18 कैरेट के सोने के आभूषण के साथ-साथ 40000 नगदी समेत लगभग 10 लाख रुपए चोर ले उड़े। उक्त दुकान चितबिश्राम पंचायत के मुखिया के ससुर यमुना सेठ की बताई जाती है। घटना की जानकारी मिलने पर पहुंचे पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक मामले की छानबीन में जुट गये है।

# सुदूरवर्ती खिलपर गांव में विवाह मंडप का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद के सुदूरवर्ती जमुआ पंचायत के खिलपर गांव में विवाह मंडप का उद्घाटन एनसीपी के वरिष्ठ नेता सह हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह व हैदरनगर बीस सूत्री अध्यक्ष बिमलेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने कहा कि एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह के दौरे के क्रम में ग्रामीणों ने विवाह मंडप की आवश्यकता बताई थी। उन्होंने ग्रामीणों की मांग से स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह को अवगत कराया था। चंद महीने में ही योजना को स्वीकृति दिला कर कार्य पूर्ण कराने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि उनके क्षेत्र में सिंचाई की भी व्यवस्था की गई है। पइन पूरी तरह से विलुप्त हो चुकी थी। उसका जीर्णोद्धार कर दिया गया है। जिससे खेतो तक आसानी से पानी पहुंच जाएगा। विवाह मंडप के बाद नेताओ ने गांव के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई जल यात्रा में भी शामिल हुए। कार्यक्रम में एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान, हंसराज सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# महाशिवरात्रि को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) :** नौड़ीहा बाजार थाना परिसर मे सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी शुभम बेला टोपन की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की सफल संचालन थाना प्रभारी श्री गोपाल कृष्ण ने किया। त्योहार को सौहार्दपुर्वक माहौल मे मनाने के लिए अपील किया। थाना प्रभारी ने सभी आयोजकों व प्रबंधन समिति के सदस्यों से वार्ता कर निकाले जाने वाली शिव बारात या मेला से सबंधित जानकारी ली और निर्धारित मार्ग से जुलुस निकालने की बात कहा। उन्होंने ने कहा कि पर्व मे किसी प्रकार की नई परम्परा कायम नहीं किया जाये। सभी लोगो शांति वातावरण माहौल मे पर्व को मनाए। मौके पर जीप सदस्य सुदामा पासवान, पूर्व जिला परिषद सीता राम पासवान, मुखिया जितेंद्र पासवान, मुखिया प्रतिनिधि आलोक यादव, मुखिया प्रतिनिधि धनंजय प्रसाद, पूर्व मुखिया लाल विहारी यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह, समाज सेवी नन्दन कुमार सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक टुनटुन कुमार राय, प्रमोद कुमार राय, सुनील कुमार त्रिपाठी, पुलिस अवर निरीक्षक आशीष कुमार, अजय राम समेत सभी मीडिया कर्मी मौजूद थे।

## भाजपा मंडल केतार के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को दिया पत्र



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा मंडल केतार के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को महामहिम राज्यपाल झारखंड के नाम पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी को दिया। उक्त पत्र में भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं ने यह उल्लेख किया है कि लीक हुए प्रश्न पत्र मामला को सीबीआई से जांच कराई जाए। पीएम किसान, मनरेगा, दाखिल खारिज, जन वितरण प्रणाली, एवं आंगनवाड़ी में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोका जाए। साथ ही यह भी मांग किया गया है कि रुके हुए सभी तरह के पेंशन को चालू कराया जाए एवं 50 वर्ष के सभी वर्गों को पेंशन का लाभ दिया जाए। इस मौके मंडल प्रभारी उमेंद्र यादव, पर जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, रविंद्र सोनी, मनोज फौजी, सत्येंद्र ठाकुर सहित अन्य लोग शामिल थे।

# मां गंगा के आशीर्वाद से सभी भक्तों की मनोकामना होगी पूरी : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जिले में रविवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा पांच बड़ी योजनाओं के लोकार्पण के मौके पर संध्या में गंगा आरती का आयोजन किया गया। जनता को समर्पित बिरसा मुंडा हेलीपैड पार्क में काशी विश्वनाथ से आए विद्वानों ने पूरे विधि विधान के साथ गंगा आरती की। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मंत्री श्री ठाकुर ने गंगा आरती के लिए काशी विश्वनाथ से आए सभी विद्वान कलाकारों को सम्मानित किया। जबकि टाउन हॉल के मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाहर से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की। कलाकारों की प्रस्तुति



से मौजूद सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। पद्मश्री मुकुंद नायक एवं उनकी टीम ने झारखंडी लोक संस्कृति की झलक एवं कत्थकली नृत्य प्रस्तुत की। इस दौरान कलाकारों ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जीवनी की झलक प्रस्तुत की। इसकी प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की दर्शकों ने काफी सराहना की। जबकि संध्या में सुविख्यात लोकगीत गायक चंदन तिवारी एवं कुमार सत्यम ने गीत-गजल की प्रस्तुती की। कलाकारों ने ऐसी समा बांधी कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस कार्यक्रम में बाहर से आए कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकार उमेश विश्वकर्मा, प्रभा विश्वकर्मा, सोनी पांडेय आदि ने भी एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने पूजा अर्चना कर गढ़वा एवं पूरे राज्य की खुशहाली व सुख समृद्धि की कामना की। मंत्री ने कहा कि मां गगा के आशीर्वाद से सभी भक्तों की मनोकामना पूरी होगी। उन्होंने कहा कि ईश्वर की कृपा से ही आज गढ़वा में चारों तरफ विकास की रोशनी जगमगा रही है।

# भाजपा मंडल कमिटी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ राज्यपाल के नाम पत्र दिया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भवनाथपुर :** भाजपा मंडल इकाई के द्वारा राजयपाल के नाम पत्र बीडीओ को दिया। उक्त पत्र के माध्यम से भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव ने झारखंड प्रदेश के वर्तमान परिस्थितियों पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए उल्लेख किया है की छुस्स्ष्ट प्रश्न पत्र लिक होने के मामले मे झारखंड सरकार के द्वारा अभी तक कोई ठोस कदम नही उठाये गये, जिसके चलते पढ़ने वाले एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र/छात्राओं मे काफी असंतोष व्याप्त हो गया है एवं उनका अपना भविष्य अंधकारमय दिखने लगा है,सरकार के चहेते लोगों के द्वारा सेटिंग कर नौकरी बेचीं जा रही है। वही सभी विभागों मे कमीशनखोरी हावी है, साथ ही प्रशाशनिक विभागों मे आम अवाम एवं गरीबों का काम बिना चढ़ावा के नही हो रहा है। वही अबुवा आवास मे भी कमीशनखोरी का



दुकान चालु है। जबकी योग्य एवं जरूरतमंद लोगों का नाम सूची से ही गायब है,जबकी ग्राम सभा के अधिकार का हनन कर सरकारी बाबुओं के द्वारा ही आवास की प्राथमिकता सूची तय कर दी गई जिसमे भारी मात्रा मे त्रुटी व्याप्त है। राज्य मे चारो तरफ भय भूख और भ्रस्टाचार हावी है, चोरी हत्या, बलात्कार झारखंड की पहचान बन चुकी है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, जिला कार्यसमिति सदस्य अनिल चौबे, मनोज सिंह, विवेकानंद पांडेय, मुकेश चौबे, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, इजराईल अंसारी, रामप्रवेश प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह, विपिन चौबे, भानू गुप्ता, महमूद आलम,पूर्व प्रमुख रीता देवी, दयानन्द सोनी, मनोज बैठा, दयानन्द प्रजापति, विनोद दुबे, विनोद यादव, अजीत चौबे, उमेश बियार सहीत अन्य लोग उपस्थित थे।

## भय-भूख-भ्रष्टाचार और अबुआ आवास में धांधली के खिलाफ भाजपा ने किया प्रदर्शन




**पीपरा (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के पीपरा प्रखंड इकाई द्वारा सोमवार को प्रखंड मुख्यालय पर भय, भूख और अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संजय मेहता तथा संचालन चंदन सिंह ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम प्रभारी भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि राज्य में गिरते विधि व्यवस्था , ठप विकास कार्य,अबुआ आवास योजना में धांधली, सरकार की वादाखिलाफी, खनिज संपदा की मची लूट, आदिवासी, दलित समाज पर बढ़ते अत्याचार, जमीन की लूट ,प्रखंड से लेकर सचिवालय तक फैले भ्रष्टाचार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर ध्यान आकृष्ट करवाया इसके अलावा कर्नल संजय कुमार सिंह ने झारखंड सरकार पर कई आरोप लगाए गए। जिसमें अनियमित बिजली आपूर्ति सड़क की दुर्दशा को लेकर तीव्र विरोध किया गया। साथ ही किसानों की समस्याओं को लेकर भी कई सवाल खड़े किए गए। धान की कीमत नहीं मिलने पर रोष व्यक्त किया गया । उन्होंने बताया गया कि राज्य सरकार की लापरवाही निरंकुशता और जनविरोधी फैसले का सख्त विरोध किया जाता है। आदिवासी दलित महिलाएं युवा विरोधी सरकार को पद से त्यागपत्र देना चाहिए। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य लालबहादुर सिंह सांसद प्रतिनिधि मथुरा प्रसाद गुप्ता विजय यादव कपिल देव राम अजय सिंह सत्यनारायण यादव अमित सिंह संजय कुमार सिंह विजय सोनी अकेला पासवान विजय प्रजापति लक्ष्मण चन्द्रवंशी अनिल प्रजापति बिपिन सिंह अनरवा देवी मंजू देवी तेतरी देवी देवनिया देवी सहित सैकड़ों संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## नारी सम्मान समारोह कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची** । नारी सम्मान समारोह कार्यक्रम में सन्मार्गम फाऊंडेशन के अध्यक्ष रोशन कुमार के द्वारा मुख्य अतिथि , डीआईजी कार्मिक नौशाद आलम को शॉल तथा मोमोंटे देकर सम्मानित किया गया।उक्त कार्यक्रम दिव्यम ड्रीम फाउंडेशन, स्टोरी लाइन इंडिया एवं एन एस एस के संयुक्त तत्वाधान में राँची विश्विद्यालय के आर्यभट्ट सभागार मोराबादी राँची में आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में निवर्तमान महापौर आशा लकड़ा , सांसद संजय सेठ भी उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम में 500 लोगो को सम्मानित किया गया।

## ऊर्जा विकास श्रमिक संघ का मुख्यालय घेराव 7 मार्च को

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से आगामी 07 मार्च 2024 को अपनी पाँच सूत्री माँग को लेकर ऊर्जा निगम मुख्यालय धुर्वा के समक्ष घेराव प्रदर्शन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केन्द्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि ऊर्जा निगम के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक के नाम अपनी मांगो से संबंधित ज्ञापन निगम मुख्यालय को दिया गया है ! ज्ञापन में कहा गया है कि उमा देवी बनाम कर्नाटक सरकार तथा नरेंद्र तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार के आदेशानुसार दैनिक वेतन भोगी कर्मी को भी नियमित करने के संदर्भ निदेशक मंडल की 64वीं बैठक में दिनांक 6.2.2024 को झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के कुल 70 एवं ऊर्जा संचरण निगम लिमिटेड के 10 कर्मियों को कर्नाटक राज्य बनाम उमा देवी तथा नरेंद्र कुमार तिवारी एवं अन्य बनाम झारखंड सरकार के आदेश अनुसार नियमितीकरण के प्रस्ताव पर अंतिम रूप से अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

# चुनाव प्रभावित करने वाले पर रहेगी पुलिस की नजर : एसएसपी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। और इसी क्रम में रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने रांची जिला के सभी डीएसपी व पुलिस कर्मियों के साथ बैठक की। और बारी-बारी से सभी थानेदारों से उनके थाना क्षेत्र की बूथों एवं अपराधियों की सूची भी मांगी और उन्हें सख्त निर्देश दिया है कि अपने-अपने थाना क्षेत्र में कोई भी मामला पेंडिंग ना रहे, कोई वारंटी जेल से बाहर ना रहे, जिसका भी वारंट है उसे गिरफ्तार का जेल भेजने का काम किया जाए । वहीं ऐसे भी अपराधियों पर नजर रखना है जो कई बार जेल जा चुका है और उसके वजह से समय-समय पर बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया जा सकता है । चुनाव को प्रभावित किया जा सकता है। मतदाताओं को प्रभावित किया जा सकता है, ऐसे लोगों पर नक़ल कसने और उसे नोटिस कर जेल भेजने की भी हिदायत दी गई है ।

वहीं सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य यही था कि चुनाव से संबंधित किसी भी तरह की त्रुटियां ना रहे और जो लोग चुनाव को प्रभावित करते हैं। गली, मोहल्ले समाज के बीच उन लोगों पर भी नजर रखना है , उसे पर भी कार्रवाई की जानी है । इस बैठक मेंएस एसपी चंदन सिन्हा , सिटी एसपी राजकुमार मेहता सहित सभी क्षेत्रों के डीएसपी व थाना प्रभारी एवं सब इंस्पेक्टर उपस्थित थे।

# राज्य भर में चला मतदाता सूची में नाम जांचने का अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने #IamVerifiedVoter अभियान का शुभारंभ राजधानी के एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जांचने के लिए जागरूक करना है। इसके तहत सभी जिलों के बूथों पर बीएलओ द्वारा मतदाता सूची प्रदर्शित किया जा रहा है। वोटर हेल्पलाईन ऐप, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखण्ड की वेबसाईट एवं भारत निर्वाचन आयोग के वोटर पोर्टल पर जाकर भी अपना नाम देखकर सत्यापित कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि ने कहा कि मतदान करना हम सब का अधिकार और कर्तव्य है। मतदाता वोटर आईडी की अनुपलब्धता में 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी वोट कर सकते है। किंतु जो सबसे जरूरी अनिवार्यता है वह है मतदाता सूची में नाम होना। अगर वोटर लिस्ट में किसी का नाम नही है तो वह मत देने के अधिकार से वंचित हो जाता है। उन्होंने कहा कि अभी भी समय है, लोग अपना नाम वोटर लिस्ट में चेक कर लें, अगर किसी प्रकार की त्रुटि या विसंगति है तो उसे दूर करवा लें ताकि मतदान के दिन कोई दिक्कत नहीं हो।

संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, पलामू क्षेत्र के लिए उप निर्वाचन पदाधिकारी मुख्यालय संजय कुमार, खूंटी के लिए ओएसडी गीता चौबे, कोडरमा के लिए अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, संथाल क्षेत्र के लिए एस एन जमील को जिम्मेदारी दी गयी थी। रांची के कार्यक्रम में प्रशासक रांची नगर निगम अमित कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, अवर सचिव देव दास दत्ता, उपसमाहर्ता भूमि सुधार मुकेश कुमार,जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक कुमार सुमन सहित राँची जिला के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया पिंकथॉन का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद द्वारा इम्पावर हर के तहत 04 मार्च, 2024 को पिंकाथोन का आयोजन दोनों उपक्षेत्र प्रमुख उमेश चंद्र, ब्रजेन्द्र कुमार सिंह और इम्पावर हर अंचलीय समिति सदस्य सोनल गौतम के नेतृत्व में किया गया । इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया : क्षेत्रीय कार्यालय, धनबाद के मुख्य प्रबन्धक उमेश कुमार, क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी ओमप्रकाश और स्टाफ सदस्य प्रियंका कुमारी, संजाली श्रीवास्तव, रश्मि कुमारी, स्टेला मेरी सुन्दी, सुनीता कुमारी व अन्य तथा शाखा प्रमुख एलसी रोड शाखा अनिल कुमार उपस्थित रहे ।

# ऑटो चालक वर्दी पहनकर चलाएं ऑटो , कटेगा जुर्माना लाइसेंस भी हो सकता है रद्द : डीएसपी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** न्यू पुलिस लाइन रांची के मैदान में नव प्रतिनियुक्ति गृह रक्षक कर्मियों को यातायात से संबंधित प्रशिक्षण दिलाया गया। जिनके द्वारा रांची यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में सहयोग मिलेगा। अब तक कुल 82 गृह रक्षक कर्मियों को सुगम यातायात व्यवस्था के लिए प्रशिक्षित किया गया। ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केसरी ने बताया कि रांची शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर काफी समस्याएं हैं समय-समय पर इन समस्याओं के निदान के लिए ट्रैफिक पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाती है ।

बावजूद इसके कुछ सुधार होता नहीं दिख रहा है। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा, क्योंकि अब हम लोग नगर निगम के संयुक्त प्रयास से सभी को सूचित कर दिए हैं कि कोई भी फुटपाथ में अपना दुकान ना लगाए, इधर-उधर बेतरतीब तरीके से वाहनों का पार्किंग भी ना करें । ऑटो चालकों को भी निर्देश दे दिया गया है कि वह वर्दी पहनकर ऑटो चलाएं , अब रांची शहर में जोर-जोर से अभियान चलाया जाएगा । जुर्माना काटा जाएगा और ऐसे नियमों को जो बार-बार उल्लंघन कर रहा है उसका लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा।

# रेड सी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद उठाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** रेड सी इंटरनेशनल स्कूल आजाद बस्ती रांची के विद्यार्थियों का एजुकेशनल टूर का आयोजन किया गया जिसमे बच्चो को चशायर होम बरियातू रांची , बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम होटवार खेलगांव तथा स्टेट म्यूजियम होटवार खेलगांव ले जाया गया । इस टूर में कक्षा पांचवी से आठवीं तक के विद्यार्थी शामिल थे । बच्चो को चशायर होम बरियातू ले जाया गया जहां वे उन लोगो से मिल पाए जो शारीरिक रूप से स्वस्थ नहीं थे तथा उन्हें यह बताया गया की किस प्रकार वे इन कमियों के बाद भी किसी सामान्य व्यक्ति से कम नहीं है तथा अपना जीवन खुशी और उल्लास के साथ जीते है । बच्चो को बिरसा मुंडा एथलेटिक स्टेडियम खेलगांव ले जाया गया।

डायरेक्टर डॉ एम एन जुबैरी, प्रिंसिपल सोनी सितारा केरकेट्टा तथा सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान व शोध को किसानों के बीच पहुंचाना चाहिए : राज्यपाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन सोमवार को बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित 'एग्रोटेक किसान मेला-2024 कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम राज्यपाल ने कहा कि वैज्ञानिकों को अपने अनुसंधान व शोध को किसानों के बीच पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरा कृषि से गहरा संबंध रहा है। मैंने भी खेती की है और मेरे दादा जी एवं पिताजी भी खेती किए हैं, मेरा पूरा परिवार कृषि से जुड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि वे किसानों की समस्याओं व चुनौतियों को समझते हैं। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड राज्य सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अग्रणी है। उन्होंने कहा कि उन्हें स्मरण है कि विगत



दिनों एक आम महोत्सव में भाग लिया था, जिसमें एक साथ कई प्रजाति के आम थे। इतने प्रजाति के काम इससे पूर्व कभी नहीं देखे थे। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने समाचार पत्र में जापानी आम के बारे में पड़ा, एक आम की कीमत 30 हजार बताई जाती है। राज्यपाल ने कहा कि बिरसा कृषि विश्वविद्यालय को ऐसे प्रजाति के आम विकसित करने चाहिए। यदि एक आम की कीमत 300 भी हो तो किसानों की आय तिगुनी तक हो जाएगी। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी किसानों की आय बढ़ाने और उनके कल्याण के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना देशभर के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई महत्वपूर्ण योजनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया था। जब किसान विकसित होंगे तो देश उन्नत होगा। राज्यपाल ने प्रगतिशील किसानों को सम्मानित भी किया।

# शहरी क्षेत्र में मतदाता जागरूकता की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा शहरी क्षेत्र में व्यापक मतदाता जागरूकता एवं चुनावी तैयारीयों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में 62, खिजरी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता (नक्सल) रांची, सुदर्शन मुर्मू, 64, हटिया,निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अपर जिला दंडाधिकारी (विधी-व्यवस्था) रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, 65, कांके, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उप-समाहर्ता, मुकेश कुमार, अपर नगर आयुक्त रांची, उप नगर आयुक्त रांची, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, सभी सिटी मैनेजर एवं सम्बंधित सभी अधिकारी/ पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा द्वारा यूएलबी के लिए कार्रवाई के बिंदु पर चर्चा करते हुए निम्न निर्देश दिए गए। पर्यवेक्षण के तहत प्रत्येक वार्ड में सिटी मैनेजर, सिटीमिशन मैनेजर, वार्ड पर्यवेक्षकों, सफाई मित्रों, यूएलबी के अन्य फील्ड स्टाफ, बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों के बीच साप्ताहिक समन्वय बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए गए।

एसडब्ल्यूएम वाहनों के माध्यम से मतदान दिवस के स्वीप संदेश मतदान के दिन थोक एसएमएस कराना सुनिश्चित कराने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया एवं मतदान के दिन सोशल मीडिया अभियान, मतदान के दिन बूथों तक पहुंचने के लिए 80+ वरिष्ठ मतदाताओं और पीडब्ल्यूडी मतदाताओं के लिए परिवहन आवश्यकताओं को सुनिश्चित कराने, मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर 18 वर्ष से कम आयु के स्वयंसेवकों, एनसीसी और एनएसएस कैडेटों को शामिल कराने, मतदाताओं और मतदान दलों के लिए शहरी क्षेत्रों में मतदान केंद्रों के पास सामान्य दिनों के दौरान सशुल्क सेवाओं सहित मुफ्त पार्किंग क्षेत्र सेवाएं और मुफ्त शौचालय सेवाएं देने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

# डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : रांची के खेलगांव स्थित हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में छह मार्च को मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन (50-60 वर्ष) के शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारियों का सोमवार को डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जायजा लिया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को ससमय पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मंच, वीआईपी लाउंज, लाभुकों के आवागमन, उनके बैठने, खाने-पीने, शौचालय, पार्किंग, ब्रांडिंग आदि व्यवस्था की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीडीसी रांची दिनेश कुमार यादव, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पाण्डेय एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सच्चाई फिर एकबार उजागर हुई है : मरांडी

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने वोट के बदले रिश्वत मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस केस में शिकायतकर्ता में वे भी शामिल रहे हैं और आज के फैसले से शिबू सोरेन परिवार की सच्चाई फिर एकबार उजागर हुई है। बाबूलाल मरांडी सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए शिबू सोरेन परिवार पर हमला बोला। मरांडी ने कहा कि यह फैसला कई मिथक को तोड़ने वाला है। चाहे सदन हो या कहीं और यदि मामला आपराधिक है तो आपराधिक ही माना जायेगा।

# दीवार गिरने से मजदूर के दो बच्चे की मौत, ठेकेदार और मालिक फरार

**प्रभता मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सोमवार को डोरंडा थाना क्षेत्र के हिनू के यूको बैंक व सृष्टि हॉस्पिटल के पास बन रहे अपार्टमेंट के निकट स्थित एक दीवार ढह गई। जिसमें दो मासूम बच्चों की दीवार के नीचे दब जाने दोनों बच्चों की मौत हो गई। इससे गुस्साये लोगों ने हिनू चौक को जाम कर दिया है। मृतक बच्चों में सुमन (5) और चाहत कुमारी हैं। सुमन गुमला का रहने वाला है। वहीं लीलावती नाम की एक महिला भी घायल हुई है। पिता शिव गुमला से आकर काम




कर रहा था। घटना के बाद अफर तफरी मच गई। लोगों ने सड़क जाम कर दिया और आवागमन बाधित कर दिया। मृतकों के लिए 25-25 लाख रुपए मुआवजा और घायल को 10 लाख रुपए देने की मांग की जा रही थी। अरगोड़ा के अंचल अधिकारी, रांची के सिटी एसपी राजकुमार और हटिया के विधायक नवीन घटनास्थल पर पहुंच थे। मजा बुझा कर सड़क से जाम हटाया गया। इस पूरे मामले में बताया गया कि देर रात बारिश होने से दीवार भींग गया था, वहीं ठेकेदार ने इस पूरे काम में लापरवाही बरते नजर आया। इस मामले में पुलिस के तरफ से ठोस पहल होता नहीं दिखा। जिससे स्थानीय लोगों ने सड़क जाम से हटने के बाद भी पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जता रहे थे।

# विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलईडी रथों को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश भाजपा ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के निमित्त विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत एलईडी रथ को रवाना किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भाजपा की झंडा दिखाकर प्रदेश कार्यालय से रवाना किया।इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रदेश के 14 लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर एलईडी रथों के माध्यम से जनता को जानकारी देगी कि पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार ने क्या-क्या जनकल्याणकारी कार्यक्रम किए देश को दिए है। गांव, गरीब, किसान, मज़दूर, महिला, युवा के लिए मोदी सरकार समर्पित रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो प्रयास हुए हैं वह ऐतिहासिक हैं। रथों के माध्यम से विकसित भारत संकल्प पत्र के लिए प्रदेश भर से सुझाव भी लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में आमजन और विभिन्न प्रकार के संगठनों और संस्थाओं से सुझाव लेकर लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार




हो रहा है।

इसकी शुरूआत आज प्रदेश भाजपा मुख्यालय से एलईडी वाहनों को रवाना कर की जा रही है। 9090902024 नम्बर पर मिस कॉल करके, नमो एप और सोशल मीडिया के माध्यम से भी आमजन और कार्यकर्ता अपने सुझाव दे सकते है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश मुख्यालय के बाद जिला मुख्यालयों पर एलईडी रथ यात्रा की शुरुआत की जायेगी। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में एलईडी रथ गांव-गांव, शहर-शहर जाएंगे। पार्टी के अभियानों से लेकर बैठकों और जनसभाओं में सुझाव पेटिका रखी जाएगी। सभी वर्गों से सुझाव लिए जाएंगे। भाजपा के सभी कार्यकर्ता जिलों में अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत 2047 के विजन को पूरा करने के उद्देश्य से एलईडी रथों को रवाना किया जा रहा है।

# होली से पहले सभी झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मान पेंशन दे सरकार : पुष्कर महतो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि सरकार होली से पूर्व सभी झारखंड आंदोलनकारियों का सम्मान पेंशन राशि का भुगतान एरियर के साथ हो। झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान पेंशन राशि के भुगतान में जो विसंगतियां हैं उसे भी शीघ्रता शीघ्र दूर किया जाना चाहिए।

सम्मान से झारखंड आंदोलनकारी भी होली का पर्व एवं अन्य त्योहार हर्षो उल्लास व भाई चारा के साथ मना सके। महतो आज एक प्रेस बयान जारी करते हुए उक्त बातें कही।

उन्होंने कहा कि 2023 से ही झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान पेंशन राशि का भुगतान कई जिलों में लंबित है। जामताड़ा, धनबाद जिले में आठ माह से आंदोलनकारियों के राशि लंबित हैं। रांची गिरिडीह कोडरमा हजारीबाग पलामू लातेहार धनबाद दुमका पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम , खूंटी, रामगढ़ सहित राज्य के अन्य जिलों में भी सम्मान पेंशन राशि का भुगतान अनियमित होता रहा है। जिसके कारण आंदोलनकारियों के आश्रित परिवार को अतिरिक्त परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

झारखंड आंदोलनकारियों के लंबित सम्मान पेंशन राशि का भुगतान होली से पूर्व करें।

## आगामी चुनाव को लेकर बुथों पर एएमएफ की सुचारु व्यवस्था के निमित समीक्षा बैठक आयोजित

**खूंटी (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आसन्न लोकसभा (आम) निर्वाचन- 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, खूँटी लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में मतदान केंद्रों पर न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुचारु रुप से होने के निमित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विशेष रूप से विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची, गीता चौबे शामिल हुई। इस दौरान संबंधित अधिकारियों से बुथों पर पेयजल, बिजली, शौचालय, रनिंग वाटर, रैम्प सहित उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की विस्तार से जानकारी ली गई। मौके पर संबंधित अधिकारियों को बुथों पर मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। निर्देशित किया गया कि संबंधित अधिकारी अपने स्तर से प्रत्येक मतदान केंद्र का निरीक्षण करें और व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक पहल करें। बैठक में जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर प्रशासक, खूंटी सहित अन्य शामिल थे।

## निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन

**मरकच्चो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मध्य पंचायत मरकच्चो स्थित उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में सोमवार को निशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह के नेतृत्व में किया गया। शिविर में 85 लोगो के आंखों का जाँच किया गया। जांच बेहरा आश्रम चौपारण के द्वारा किया गया। जिसमें आम मरीजों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। चश्मा भी बहुत कम मूल्यों पर दिया गया। शिविर मे कुल 28 मोतियाबिंद के मरीज़ मिले जिसमें से 23 लोगो का ओपरेशन विदेशी लेंस फेको विधि द्वारा बहेरा आश्रम चौपारण में निशुल्क किया जाएगा। हॉस्पिटल के जाँच डॉक्टर अर्चना कुमारी ने लोगो को घरेलु नुक्शे और आँखों के बचाव के सारे तरीके से ग्रामीणों को जागरूक किया। शिविर मे हॉस्पिटल टीम के वारिश खान, रंजीत कुमार ,साजिद खान, विनय कुमार आदि ने भी कैंप को सफल बनाने मे महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## एसडीओ के नेतृत्व में चला हस्ताक्षर अभियान

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: आगामी लोकसभा चुनाव 2024 हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह की अगुवाई में अनुमंडल कार्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरुकता के लिए हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। हस्ताक्षर अभियान में मतदाता जागरुकता के लिए अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह व अनुमंडल कार्यालय के कर्मी व आमजनों ने अपने-अपने संदेश देते हुए हस्ताक्षर किया। हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम के जरिए अनुमंडल पदाधिकारी ने कोडरमा जिला के सभी मतदाताओं को मतदान करने एवं मतदान के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने पूरे जिला वासियों से अपील की कि सभी अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। अपने अधिकार के बारे में जानें व आस-पास के लोगों को भी मतदान के महत्व को बताएं। मतदान करना जरुरी है और अपने मताधिकारी का अवश्य प्रयोग करें।

## एनएसई पर पंजीकृत ग्राहक कोड की कुल संख्या 16.9 करोड़ पहुंचा

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) में पंजीकृत निवेशक आधार 29 फरवरी, 2024 तक 9 करोड़ (90 मिलियन) अद्वितीय निवेशकों (अद्वितीय पैन) और 16.9 करोड़ (169 मिलियन) कुल खातों तक पहुंच गया है। डिजिटलीकरण में तेजी से वृद्धि, बढ़ती निवेशक जागरूकता, वित्तीय समावेशन और मजबूत बाजार प्रदर्शन के कारण पिछले पांच वर्षों में 3 गुना वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष 24 की शुरुआत से 29 फरवरी, 2024 तक, निफ्टी 50 ने लगभग 27% रिटर्न दिया, जबकि निफ्टी 500 ने 38% रिटर्न दिया। अक्टूबर 2023 से लगभग 42% नए निवेशकों ने बाजार में प्रवेश किया है, जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र ने नए निवेशकों की सबसे बड़ी संख्या में योगदान दिया है।

## सामाजिक अधिकार शिविर का हुआ आयोजन

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: समर्पण एवं आरएमई के तत्वावधान दिन रविवार को बेंदी पंचायत अंतर्गत ग्राम बोंगादाग टोला कुल्गुद्दा में एकदिवसीय सामाजिक अधिकार शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 60 से ज्यादा सरकारी योजना से वंचित परिवारों ने भाग लिया । इस शिविर में रिसोर्स पर्सन भोला प्रसाद सिंह एवं शिवकुमार सिंह के द्वारा 4 लोगों का राशन कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया किया गया, जबकि 34 लोगों का आयुष्मान कार्ड, 24 लोगों का आभा कार्ड, 18 लोगों का ई-श्रमिक कार्ड, 06 लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं 02 लोगों का वृद्धा पेंशन बनाने हेतु प्रक्रिया किया गया। मौके पर उपस्थित ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बुद्धन सिंह के द्वारा कहा गया कि समर्पण संस्था के माध्यम से जो शिविर का आयोजन किया गया है इससे हम ग्रामीणों को काफी राहत मिली है, इस शिविर को सफल बनाने में परियोजना समन्वयक नवीन कुमार , परियोजना कार्यकर्ता मनीष लहरी, राजेश कुमार एवं क्षेत्रीय कार्यकर्ता महेंद्र सिंह की अहम भूमिका रही।

## बैंको की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**कोडरमा (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: उपायुक्त कोडरमा मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैंको की जिला स्तरीय प्रमर्शदात्री समिति दिसम्बर 2023 तिमाही के बैठक सम्पन्न हुई। अग्रणी जिला प्रबन्धक निवास कुमार ने बैंको द्वारा दिसम्बर तिमाही वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही का वित्तीय लेखा जोखा प्रस्तुत किया। उपायुक्त द्वारा अग्रणी जिला प्रबन्धक को निर्देश दिया गया की प्रखण्ड स्तर पर सरकार केन्द्रित योजनाओं विशेषकर सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना के नवीनीकरण एवं इसके फायदे के लिए जागरूकता कैंप लगाएंगे। वार्षिक जमा ऋण अनुपात में बैंको द्वारा 40.73% की उपलब्धि प्राप्त की गई। प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना, सुरक्षा बीमा योजना में जिले का अनुपात बेहतर रहा है। विदित है कि वर्ष 2022- 23 के कोडरमा जिले कि जिला ऋण योजना के तहत प्राथमिक क्षेत्र में रु 828.92 करोड़ के लक्ष्य की तुलना में उपलब्धि रु 677.33 करोड़ रही जो 81.71% थी। कृषि ऋण कि लक्ष्य प्राप्ति आशानुकूल नहीं है इसपर अध्यक्ष द्वारा सभी बैंको को प्रगति में वृद्धि एक लक्ष्य को मार्च महीने मे ही पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त द्वारा रसेटी डाइरेक्टर को निर्देश दिया गया की वे मतस्य पालन पदाधिकारी के साथ समन्वय कर मछली पालन का नया बैच शुरू करें। बैठक में कोडरमा सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, आरबीआई सहायक महाप्रबंधक सन्नि कुमार, डीडीएम नाबार्ड मोजाम्मिल हुसैन, अग्रणी जिला प्रबन्धक निवास कुमार, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र कोडरमा से राजीव सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी ब्रह्मदेव साह, जिला मतस्य पालन पदाधिकारी विजय सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अरविंद सिन्हा, आरसेटी निदेशक मनोहर लाल निराला, कोडरमा के सभी बैंको के जिला समन्वयक एवं अन्य पदाधिकारी सम्मलित हुए

# आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी** : आसन्न लोक सभा चुनाव को लेकर जिला के प्रत्येक मतदान केंद्रों पर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का शुभारंभ हुआ। विशेष कार्य पदाधिकारी, मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग, रांची, गीता चौबे खूंटी पहुंचीं। उन्होंने जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का लिया जायजा। साथ ही बुथों पर उपलब्ध न्यूतम मूलभूत सुविधओं का निरीक्षण किया। मौके पर पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। निर्वाचन मंत्रीमंडल विभाग, झारखंड, रांची की संयुक्त सचिव ने जिला मुख्यालय अंतर्गत एसएस + 2 उच्च विद्यालय में स्थित बुथ संख्या- 188, 189, 190, राजकीय हिंदी मध्य विद्यालय (सीएम एक्सेलेंस गर्ल्स स्कूल) स्थित बुथ संख्या- 174,175,176,177 एवं सामुदायिक भवन, नामकोम स्थित बुथ संख्या- 201 पर पहुंची। तत्पश्चात् संयुक्त सचिव द्वारा मुरहू प्रखंड अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय,



कुदी बरटोली स्थित मतदान केंद्र संख्या 213 का दौरा किया। मौके पर मतदाताओं द्वारा मतदाता सूची में अपने नाम की जाँच के उपरांत संतुष्ट होने पर मतदाता सूची के साथ सेल्फी/फोटोग्राफी कराई गई। सोशल मीडिया पर हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर पोस्ट कराया गया। मतदान केन्द्र पर आने वाले सभी मतदाताओं को आन लाइन वोटर हेल्प लाइन ऐप के बारे में जानकारी देते हुए उक्त ऐप को डाउनलोड कराया गया। आन लाइन वोटर हेल्प ऐप के माध्यम से मतदाता का नाम संबंधित मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में दर्ज है, इसकी जाँच करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। मतदाताओं को बताया गया कि यदि नाम मतदाता सूची में किसी का नाम दर्ज नहीं है अथवा कोई अन्य त्रुटि हो तो बी0एल0ओ0 के पास उपलब्ध प्रपत्र 6 एवं 8 प्रयोग कर नाम दर्ज या त्रूटि में सुधार कराया जा सकता है। मौक पर मौजूद मतदाताओं से हैश टैग आई एम वेरिफाईड वोटर अभियान का प्रचार-प्रसार करने की अपील की गई। साथ ही निर्भिक होकर चुनाव के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। निर्वाचन मंत्रीमंडल विभाग, झारखंड, रांची की संयुक्त सचिव ने बुथ भ्रमण के दौरान उक्त बुथों पर उपलब्ध न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं यथा- पेयजल, बिजली, शौचालय, रैम्प आदि का निरीक्षण किया। मौक पर संबधित अधिकारियों को यथाशीघ्र उक्त न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं बहाल करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 60-खूंटी सह अनुमंडल पदाधिकारी, खूंटी अनीकेत सचान, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस गॉडवीन कुजूर, खूंटी एवं अन्य मौजूद थे।

# सिल्ली में भव्य रूप से मनाया जाएगा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस तैयारी को लेकर सुदेश महतो ने की महिलाओं के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली** : सिल्ली में आगामी 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाने एवं नव निर्मित कलाभवन के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन के लिए रविवार को सिल्ली स्टेडियम परिसर में एक बैठक का आयोजन विधायक सुदेश कुमार महतो की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में सिल्ली विधानसभा के सक्रिय महिला शामिल हुए। ज्ञात हो कि आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। परंतु



उस दिन महाशिवरात्रि का पर्व होने के कारण एक दिन पुर्व आगामी 7 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा किया गया। विधायक ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस अम्बेडकर पार्क के समीप स्थित पहाड़ पर नव निर्मित कला भवन में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर अभी से तैयारी करना है। विधायक ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रूपरेखा के तैयारी पर भी चर्चा किये। वहीं विधायक ने ग्राम स्तर पर बैठक कर कार्यक्रम कि तैयारी को लेकर महिलाओं को कई निर्देश दिए। इस मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, पुर्व उप प्रमुख शिला साहू, जेएसपीएल के बीपीएम अमिता राहिल टुटी समेत महिला समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# कुपोषण मुक्त खूंटी एवं स्वस्थ खूंटी के उद्देश्यों को पूर्ण करने की पहल पर आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूँटी** : खूँटी जिला अंतर्गत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के कुपोषित बच्चों के पोषण स्थिति में सुधार एवं मरीजों का निशुल्क ईलाज एवं दवा वितरण के उद्देश्य से आरोग्य रथ परियोजना का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त, लोकेश मिश्रा द्वारा समाहरणालय परिसर से आरोग्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इसका क्रियान्वयन राजकुमारी फाउंडेशन के सहयोग से किया जा रहा है। एक चालित वाहन से दो या दो से अधिक जगहों पर पोषण शिविर संचालित होगा। इस चालित वाहन से 30 मिनट के अंतराल पर भोजन एवं अन्य सामाग्री दो या दो अधिक शिविर स्थान पर पहुँचाई जा सकेगी। यह वाहन भंडार कक्ष का भी कार्य करेगी जिसमे पोषण शिविर की समग्रियों का सुरक्षित भंडारण किया जाएगा । यह वाहन शिविर कर्मियों को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र तक



ले जाने में सहयोग करेगी। केंद्रीय कृत निगरानी वाहन में लगे क्लाउड बेस्ड कैमरे द्वारा शिविर के प्रत्येक गतिविधियों की निगरानी रखी जाएगी। उम्र के सापेक्ष में कम वजन वाले अति कुपोषित बच्चे एवं उनके अभिभावक अधिकतम 40 कुपोषित बच्चे प्रत्येक शिविर में लाभान्वित होंगे। कुपोषित बच्चों को उम्र के हिसाब से उपयुक्त पौष्टिक भोजन दिन में तीन बार दिया जाएगा यह भोजन विशेषज्ञ की देखरेख में बनाया जाएगा। मौके पर उपायुक्त ने बताया कि इस माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करते हुए पोषण से संबंधित जानकारियां उपलब्ध करायी जाएगी। कुपोषण के मामलों को ठीक करने के लिए एक उचित माध्यम के रूप में गांव-गांव तक पहुंचकर सेवा दी जाएगी। आज आरोग्य रथ सोसोकुटि एवं तेलंगाडीह पहुंची। इस दौरान बिरहोर परिवारों का सुगम रूप से स्वास्थ्य जांच किया गया। साथ ही बच्चों की जांच कर कुपोषण के मामलों को चिन्हित किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों के परामर्श एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई। कुपोषित बच्चों को उचित रूप से आहार एवं पोषण भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त वैन खूंटी प्रखण्ड के प्रत्येक पंचायत में कुपोषण के मामलों को चिन्हित कर आवश्यक सेवाएं प्रदान करेगी। विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निःशुल्क टेलीमेडिसिन परामर्श प्रदान किया जाएगा। परामर्श के अनुसार मुफ्त दवाइयां और निःशुल्क नैदानिक परीक्षण प्रदान किए जायेंगे।

# भाजपा पिपरवार मंडल ने टंडवा प्रखंड कार्यालय मे किया धरना-प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार** : भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर टंडवा प्रखंड कार्यालय के समाज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।झारखंड के वर्तमान सरकार द्वारा भ्रष्टाचार कुशासन तथा जेएसएससी में व्याप्त भ्रष्टाचार पेपर लीक जैसे मुद्दों पर यह धरना प्रदर्शन किया गया।जिसमे ।पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व मे कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए।कार्यक्रम का संचालन टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविन्द तिवारी ने किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी दी और आक्रोश प्रकट किया।पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड सरकार के मनमानी से राज्य की जनता परेशान है।आगामी चुनाव में जनता इसका जवाब देने का काम करेगा।उन्होंने कहा कि अबुवा आवास मे धांधली सहित राज्य मे व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा के द्वारा आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,मंडल महामंत्री संजय कुमार भोगता,जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता,टंडवा मंडल अध्यक्ष गोविंद तिवारी,जिला विधायक प्रतिनिधि अक्षयवट पांडे,सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडे मंडल,रामप्रसाद महतो,ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष राजेश महतो,महिला मोर्चा अध्यक्ष माधुरी देवी,राघवेंद्र सिंह,संतोष गिरी,धनराज भोक्ता,बबिता देवी,संगीता कुमारी,सोनी कुमारी,पुष्पा एक्का,केके शर्मा,राजू साहू, रामलाल महतो,रविंद्र उरांव, प्रदीप महतो,रूपलाल महतो, राहुल कुमार भोगता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## व्यापक भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रखंड कार्यालय का घेराव किया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भारतीय जनता पार्टी सिल्ली मंडल एवं पतरातू मंडल के संयुक्त रूप से सोमवार को राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार के विरुद्ध सिल्ली प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के नेतृत्व में घेराव किया गया और साथ ही ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर कार्यक्रम के प्रभारी मनोज चौधरी उपस्थित रहे एवं पतराहातू मंडल अध्यक्ष सृष्टिधर प्रजापति दोनों मंडल के पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष एवं भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा ने प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया



**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: नारकोपी व बेड़ो मंडल के सयुक्त तत्वधान में भष्टाचार के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन प्रखंड मुख्यालय में किया गया. राज्य सरकार के भष्टाचार नीति, बिगड़ते कानून व्यवस्था,महिलाओं पर अत्याचार, बालू का कालाबाजारी व बढ़ते बिजली बिल सहित अन्य मुद्दो को लेर धरणा प्रदर्शन किया। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के हर्षवर्धन पांडे, राजीव रंजन अधिकारी,आलोक मिश्रा, धनंजय कुमार राय,चंद्रकिशोर उरांव, तेजू दास, गणेश महथा, आनंद साहु, मोती गुप्ता, रंथा उरांव, सेवंती देवी,बबिता देवी, नारायण महली, आलोक खन्ना, कमलेश लाल,नीरज शाही, पिंटू महतो, मनोज सिंह,असिश महतो, विजय तिर्की,संदीप ठाकुर,खेदुवा उरांव,रंजीत लोहरा, रूपन देवी, मंजू देवी सहित भाजपा कार्यकर्ता सामिल थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री बलराम सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रकाश साहू ने किया।

## रांची लोकसभा से संजय सेठ को टिकट दिये जाने पर भाजपाइयों में खुशी



**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: भाजपा द्वारा दुबारा रांची लोकसभा संसदीय क्षेत्र से माननीय संजय सेठ जी को टिकट दिये जाने पर शीर्ष नेताओं का आभार जताया है। वही खिजरी व टाटीसिल्वे मंडल के पदाधिकारियों ने संजय सेठ को बधाई देते हुए कहा की यहाँ पुनः भाजपा की जीत होगी। बधाई देने वाले में मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, अशोक मुंडा महामंत्री अमित मिश्रा, रुद्रेशवर राय, गिरिधर मिश्र, गोरखनाथ सिंह,अशोक नायक,प्रज्ञा भारती,रंथु नायक,खिजरी विधानसभा प्रभारी सह सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, रामावतार केरकेटा,राजेश मिश्रा,सत्यजीत सिंह,गोवर्धन महतो,सीदाम सिंह मुंडा,विनोद अग्रवाल,राजन साहू इत्यादि ने बधाईया दी।

## आईआरबी थ्री के पिपरवार कैम्प मे विदाई समारोह का हुआ आयोजन



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: इंडिया रिजर्व बटालियन आईआरबी थ्री के पिपरवार कैंप में सोमवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यालय डीएसपी श्री रामसमद और संचालन अवर निरीक्षक रंजीत कुमार ने किया।इस कार्यक्रम में आईआरबी थ्री पिपरवार कैंप से रांची विशेष शाखा में तबादला किए गए डीएसपी बिरेंद्र बाड़ा को विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी एवं जवानों ने बारी-बारी से डीएसपी बिरेंद्र बाड़ा को माला पहनाकर सम्मानित किया और शॉल एवं उपहार प्रदान कर उन्हें विदाई दी गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डीएसपी बिरेंद्र बाड़ा के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके कार्यकाल की जमकर प्रशंसा की गई।वहीं डीएसपी बिरेंद्र बाड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपने कार्य के अनुभव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।इस मौके पर मुख्यालय डीएसपी श्री रामसमद, डीएसपी महावीर शीलानन्द किंडो,मनीमोहन प्रसाद, सत्येन्द्र मिश्रा,मन्टु कुमार, परेश मंराडी,शमशेर खान, सुशिल पाण्डेय,संजीव कुमार,बिरेन्द्र सिंह,प्रहलाद कुमार,राजीव रवि,पवन कुमार,अजमल हुसैन, इकबाल अंसारी,शक्ति चौबे, गोल्डेन चौबे,जितेन्द्र शुक्ल सहित कई पुलिस पदाधिकारी और जवान मौजूद थे।

## पिपरवार मे हुई ट्रक ऑनर एवं डीओ लिफ्टर की संयुक्त बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के चिरैयांटांड़ चार नम्बर कांटा घर के समक्ष पिपरवार क्षेत्र के ट्रक ऑनर एंव डीओ होल्डर व लिफ्टरो की संयुक्त बैठक बिजय महतो की अध्यक्षता मे हुई।बैठक मे भाड़ा संबंधित बातो पर विचार विमर्श किया गया।बैठक मे नगद एंव तय भाड़ा ऑनरो को भुगतान करने, विस्थापित और रैयत ग्रामीणों के ट्रक को पहले प्राथमिकता देने,आगामी 6 मार्च को पुनः ट्रक ऑनर और डीओ होल्डर लिफ्टर की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से विजय महतो,महेंद्र गंझु,रंथु गंझु,इदरीश अंसारी,रामबालक गंझु, महेश कुमार,संतोष कुमार,सुरेंद्र महतो,प्रमोद उरांव,दिलीप गंझु, सिकंदर कुमार, प्रदीप कुमार,दीपक कुमार, लियाकत अंसारी,फुलेश्वर महतो, सुरेंद्र राम सहित कई लोग मौजूद थे।



## पिपरवार में हुई राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय बचरा में संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कासिम उर्फ मुन्ना और संचालन क्षेत्रीय सचिव विद्यापति सिंह ने किया। बैठक में कोयला मजदूरों की कई समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई,जिसमें मुख्य रूप से आवास आवांटन, आवास मरम्मति,प्रमोशन, संडे डयुटी,चिकित्सा सुविधा सहित कोयला मजदूरों की कई मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई एवं सदस्यता अभियान चलाने और समस्याओं के समाधान करने को लेकर सीसीएल प्रबंधन से वार्ता करने का निर्णय लिया गया।बैठक में होली पर्व से पूर्व यूनियन के द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया।बैठक मे कासिम उर्फ मुन्ना, विद्यापति सिंह,मिथिलेश कुमार शर्मा,शंकर मुखर्जी, संतोष दास,मोहम्मद कुर्बान, रामेश्वर यादव,आलोक सिंह, जगदेव प्रसाद,रमेश सिन्हा, राजेंद्र गुप्ता,निवास प्रसाद, सुबोधकांत वर्मा,मोजाहीद ईमाम,बसंत गुप्ता,उमेश यादव,मोहम्मद मिस्टर, संतोष यादव,रविंद्र कुमार सिंह सहित काफी संख्या में यूनियन के लोग मौजूद थे।



## यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष ने किया पिपरवार थाना प्रभारी का स्वागत

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: पिपरवार थाना के नए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा से सोमवार को यूथ कांग्रेस के टंडवा प्रखंड अध्यक्ष रवि भारद्वाज ने शिष्टाचार मुलाकात किया।इस दौरान रवि भारद्वाज ने बुके देकर नए थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा का स्वागत किया।इस दौरान स्थानीय कई समस्याओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।उन्होंने पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र की समस्या से थाना प्रभारी को अवगत कराया।इस दौरान थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने थाना क्षेत्र मे विधि व्यवस्था बहाल करने एंव आम जनता के साथ बेहतर तालमेल बनाकर काम करने का भरोसा दिया।उन्होने जन प्रतिनिधियो एंव आम जनता से भी पुलिस को सहयोग करने एवं किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## विधायक दशरथ ने राइडिंग क्वालिटी में सुधार व सड़क सौंदर्यीकरण कार्य का किया शिलान्यास



**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला पथ निर्माण विभाग की ओर से तकरीबन 20 करोड़ रुपये खर्च कर चक्रधरपुर से खरसावां विधानसभा क्षेत्र के भोया चौक तक राइडिंग क्वालिटी में सुधार सह सड़क का सौंदर्यीकरण कार्य किया जायेगा। सोमवार को खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने कियापता चौक के समीप उक्त कार्य का शिलान्यास किया. गागराई ने कहा कि इससे क्षेत्र के बड़ी आबादी को आवागमन में सुविधा होगी. बताया गया कि इस सड़क में करीब 16.17 किमी की विशेष मरम्मती की जायेगी. इसके अलावे विधायक ने डीएमएफटी मद से खूंटपानी प्रखंड के पासुहातु चौक एनएच 75 से जोड़ा आम पेड़ तक पीसीसी सड़क, बंदरांगरूई गांव में तीन हजार फीट पीसीसी सड़क व ठाकुरागुटु में लखना गोप के घर से हरदन के घर तक 1400 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर किया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि अर्जुन उर्फ नायडू गोप, प्रखंड अध्यक्ष डिम्बु तियू, बीस सूत्री अध्यक्ष राहुल गोप, मुखिया हरिचरण हेम्ब्रम, सतीश पुरती, मोनिका बोयपाई, ज्योति बोदरा, पांडु बोदरा, अर्जुन हेम्ब्रम समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आरकेएफएल में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ




**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** औद्योगिक क्षेत्र गम्हरिया स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड कंपनी के प्लांट एक परिसर में 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित प्लांट हेड एम बालामुरली कृष्णा और विशिष्ट अतिथि चिकित्सा पदाधिकारी अनिल मोहन प्रसाद सिन्हा ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। इस मौके पर कंपनी के सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को सुरक्षा का शपथ दिलाया। कार्यक्रम को यूनियन के अध्यक्ष अभय लाभ ने भी सम्बोधित किया। बताया गया है कि सुरक्षा सप्ताह के तहत क्विज, चित्रांकन, वाद-विवाद, कहानी व कविता लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं के सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को समापन के अवसर पर आगामी 14 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी ने किया। इस मौके पर एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, रजनीश शर्मा, विवेक कांत, मिथिलेश सिंह, सतीश महतो, यूनियन के सदस्य शैलेन्द्र सिंह, नवल झा समेत काफी संख्या में कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## आई एम वेरिफाईएड वोटर कार्यक्रम में शामिल हुए संयुक्त सचिव



**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आई एम वेरिफाईएड वोटर कार्यक्रम के अनुसार,झारखंड निर्वाचन विभाग के संयुक्त सचिव सुबोध कुमार द्वारा सोमवार को जिले के गम्हरिया प्रखंड का दौरा कर गम्हरिया और आदित्यपुर क्षेत्र के कई बूथों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 105 से 122 तक तथा बूथ संख्या 145, 147, 148, 149 एवं 150 का निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के क्रम में इन सभी बूथों पर सम्बंधित बूथ के बीएलओ और पर्यवेक्षक उपस्थित पाए गए। संयुक्त सचिव ने सभी बीएलओ को कई आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शत प्रतिशत मतदान हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार और अंचलाधिकारी कमल किशोर सिंह भी मौजूद थे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया आई एम वैरिफाइड वोटर अभियान का शुभारम्भ

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला द्वारा सोमवार को समाहरणालय सभागार से स्वीप कार्यक्रम के तहत सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे हैशटैग आई एम वेरिफाइड वोटर अभियान का शुभारम्भ किया गया।चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सहित मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज से यह अभियान प्रारम्भ किया गया। उपायुक्त ने विभिन्न विभाग के वरीय पदाधिकारी तथा कर्मियों के साथ बैठक कर वोटर हेल्पलाईन एप से जुड़ी बिंदुवार जानकारियां साझा की।आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 को लेकर शत प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक करने हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज से प्रारम्भ किए जा रहे इस अभियान की जानकारी देकर अभियान मे सभी को अपनी सहभागिता सुनिश्चित करनें तथा अन्य लोगो को भी प्रेरित करने की उन्होंने अपील की।इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी कानूराम नाग, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा समेत विभिन्न विभाग के वरीय एवं सहायक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।।

# आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना बीजेपी को पड़ेगा महंगा : विधायक

## - बाइक रैली के साथ झामुमो कार्यकर्ताओं ने निकाली न्याय यात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता



**पटमदा :** झामुमो पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के निर्देशानुसार सोमवार को पटमदा प्रखंड के पार्टी कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली के साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की न्याय यात्रा निकाली। रैली के दौरान कार्यकर्ता हेमंत सोरेन जिंदाबाद व केंद्र सरकार मुर्दाबाद, जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा का नारा लगाया। कार्यकर्ताओं ने कांकीडीह स्थित सिदो - कान्हू की मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए पदयात्रा की शुरुआत की। विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू व झामुमो नेता सुभाष कर्मकार के नेतृत्व में निकाली गई बाइक रैली काटिन बाजार, बिड़रा, माचा, पटमदा बाजार होते हुए बेलटांड़ चौक पहुंचकर समाप्त की गई। न्याय यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक मंगल कालिंदी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में जनता के आशीर्वाद से हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही विरोधियों के पेट में दर्द होना शुरू हो गया था। इसके बाद सरकार को लगातार अस्थिर करने का प्रयास केंद्र की भाजपा सरकार करती रही और ईडी, सीबीआई लगाकर परेशान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता घबराएं नहीं, झामुमो ने संघर्ष और लड़ाई की बदौलत ही सत्ता हासिल की है, आदिवासी मुख्यमंत्री को प्रताड़ित करना भाजपा को महंगा पड़ेगा। झामुमो के केंद्रीय सदस्य महाबीर मुर्मू ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा ने राज्य की खनिज संपदा को लूटने के लिए साजिश के तहत जिस केस में हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया।इस दौरान मुख्य रूप से झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, चन्द्रशेखर टुडू, छुटुलाल हांसदा, कालीपद महतो, हिमांशु महतो, काजल सिंह, सिजेन हेम्ब्रम, रामू कुंभकार, बेबी महतो, निर्मल मुर्मू, जामिनी प्रमाणिक, महेंद्र महतो, विनय मंडल, खेदु गोप, आबीर प्रमाणिक, जलधर महतो, सिजेन हेंब्रम, सुधीर हांसदा, संजय सिंह, राजू कर्मकार समेत पटमदा-बोड़ाम के सैकड़ों झामुमो नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पूर्वी सिंहभूम जिले के सरकारी गोदामों में अनाज की कमी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ज्योतिष कुमार यादव का कहना हैं कि पूर्वी सिंहभूम जिला के अंतर्गत ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के राज्य खाद्य निगम के गोदामों में अनाज की भारी कमी है। सिर्फ कागज में स्टॉक को दिखाकर गोदाम के आवंटन स्टॉक रजिस्टर और वितरण की मात्रा में बहुत बड़ा घोटाला हो रहा है, जिसके फल स्वरूप जनता के बीच अनाज का वितरण महीने में काफी कम हो रहा है। सोमवार को कांग्रेस नेता ज्योतिष द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार किसी साजिश के तहत कांग्रेस-झामुमो गठबंधन की राज्य सरकार को बदनाम करने के उद्देश्य से जिला परिवहन अभिकर्ता, डीएसडी परिवहन अभिकर्ता, जिला प्रबंधक और सहायक गोदाम प्रबंधक की मिलीभगत प्रतीत होती है। साथ ही ऐसा लगता हैं कि विभाग के बड़े पदाधिकारी का भी संरक्षण इन घोटालेबाजों को प्राप्त है। उदाहरण स्वरूप पूर्वी सिंहभूम जिला में जिला में जिला अभिकर्ता संवेदक के रूप में सुरेंद्र प्रसाद ठेकेदार के रूप में कार्यरत है जो की सत्येंद्र प्रसाद राहुल प्रसाद जो की पूर्व में भी संवेदक रहे हैं उनके संबंधी है (वर्तमान में वह लोग काली सूची में हैं)। हरा कार्ड धारी की मद्द कि खाद्य सामग्री (महीना मई- जून 2023) में घोटाला हुआ हैं। सभी गोदाम में नमक का वितरण भी कागज में किया जा रहा है। अलॉटमेंट सिर्फ इशू कर दिया जा रहा है और डीलरों को नहीं दिया जाता है। इस संबंध में कांग्रेस नेता ज्योतिष कुमार यादव ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच समिति गठित करवा कर जांच कर दोषियों पर कड़ी कानूनी करवाई करने की मांग की हैं। उपायुक्त कार्यालय में सौंपे गये मांग पत्र के अनुसार करणडीह ब्लॉक परिसर गोदाम में लगभग 8500 क्विंटल, पोटका ब्लॉक के गोदाम में लगभग 7000 क्विंटल और पटमदा ब्लॉक गोदाम में लगभग 8000 क्विंटल अनाज की कमी है। कांग्रेस नेता का कहना हैं कि जनता के बीच में अनाज सही समय पर नहीं मिलने के कारण राज्य सरकार की छवि प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में जनता के बीच में धूमिल हो रही है।

## 55.50 लाख की लागत से होगा उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण : विधायक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रामगढ़ में पीएम आयुष्मान भारत स्वास्थ्य विभाग से स्वीकृत उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास सोमवार को ईचागढ़ विधायक सविता महतो ने विधिवत शिलापट्ट अनावरण किया। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा कि आसनबानी पंचायत के रामगढ़ में उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण होगा और स्वास्थ्य केंद्र में नर्स व डॉक्टर की उपलब्ध रहेंगे। उप स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण 55 लाख 50 हजार रुपये कि लागत से बनेगा। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण करने वाले संवेदक को ससमय व गुणवत्ता पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, मुखिया बिदु मुर्मू ,उप प्रमुख प्रदीप महतो, आदि उपस्थित थे।

## सुनील महतो के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** चांडिल स्थित राहुल पैलेस में झामुमो ने जमशेदपुर के पूर्व सांसद स्व सुनील महतो के पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उन्हें नमन किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद स्व सुनील महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको श्रद्धांजलि दी। इस दौरान दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता सुखराम हेंब्रम ने कहा की ईचागढ़ क्षेत्र स्व सुनील महतो का कर्मभूमि रहा है। वे हर दिल अजीज तथा जनप्रिय नेता थे। उनके सपनों का झारखंड गढ़ना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर विश्वनाथ मंडल, अंगद सिंह, लालमोहन गोराई, जितेन प्रमाणित, शंकर हांसदा, हाड़ीराम सोरेन, बुद्धेश्वर गोप, भास्कर टुडू, कांग्रेस नेता तरुण प्रमाणिक आदि उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चचेरे भाई दयानंद सोरेन का चांडिल में हुआ स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चांडिल :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के चचेरे भाई युथ आइकॉन दयानंद सोरेन का रांची से जमशेदपुर आने के दौरान चांडिल डैम स्थित होटल जोहार मे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके पर दयानद सोरेन ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा के संगठन मजबूती और पार्टी के कट्टर सिपाही बनकर खड़ा रहना होगा। सरकार के विभिन्न जनकल्याण कार्य योजनाओ को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने का कार्य करे। साथ ही साथ बीजेपी के तानाशाही को जड़ से उखाड़ने को ठान ले ताकि 2024 विधानसभा चुनाव मे झामुमो की सरकार बने। इस मौके पर झामुमो संयुक्त सचिव धर्मु गोप, झारखंड छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष सह जेएमएम जिला मिडिया सदस्य सुदामा हेम्ब्रम, बैद्यनाथ टुडू, दीनबंधु महतो, सोनाराम मार्डी, अवधेश मुर्मु ,महावीर हांसदा आदि उपस्थित थे।

## टाटा स्टील यूआईएसएल ने राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस पर 134 लाइनमैन को किया सम्मानित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने बिजली मंत्रालय और केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए आज जुस्को ग्रीन में राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस मनाया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन लाइनमैनों को सम्मानित करना था जो निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, खासकर कोविड-19 महामारी जैसे चुनौतीपूर्ण समय के दौरान।इस अवसर पर, ऋतु राज सिन्हा, एमडी, टाटा स्टील यूआईएसएल, रघुनाथ पांडे ,अध्यक्ष, जुस्को श्रमिक यूनियन, कैप्टन धनंजय मिश्रा ,सीनियर जीएम टाउन ओएम एंड आरई, वी पी सिंह, सीनियर जीएम - पावर सर्विसेज, और सत्यराज रथ, मुख्य मंडल



प्रबंधक, सुरक्षा,सहित प्रतिष्ठित लोगो ने झंडा फहराया। 134 लाइनमैनों को ऋतु राज सिन्हा, रघुनाथ पांडे और वीपी सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन में जुस्को श्रमिक यूनियन के उपाध्यक्ष उमेश राय ने आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में 500 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया।

## मंत्री ने 432 महिलाओं के बीच वृद्धावस्था पेंशन सर्टिफिकेट के साथ बांटी स्वच्छता बाल्टी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** राज्य सरकार के मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कदमा स्थित कार्यालय में कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर, साकची, मानगो की रहने वाली 50 वर्ष से अधिक आयु की 432 महिलाओं के बीच वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया. अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जाएगा. इस दौरान पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ स्वच्छता के लिए एक स्वच्छता बाल्टी भी दिया। इस दौरान संजय तिवारी, प्रभात ठाकुर, बिजेंदर तिवारी, श्याम किनकर झा, राकेश जयसवाल, बिशु दा, राजेश गोराई , इरशाद हैदर, जितेंद्र सिंह, तुला दा, धनु महतो, माजिद



अख्तर, सुकुमारी,जयप्रकाश साहू, सरबजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, मनोज भगत, शिल्पी चक्रवर्ती, शिवा उपस्थित थे।

# मीडिया कप क्रिकेट 2024 : दलमा और कालीमाटी फाइनल में

## मैन ऑफ द मैच दलमा के अभिषेक की शतकीय पारी, वकील ने कालीमाटी के लिए चार विकेट झटके

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के मेगा खेलोत्सव मीडिया कप क्रिकेट के फाइनल में दलमा एकादश और कालीमाटी एकादश की टीम आमने सामने होगी। आज खेलें गए पहले सेमीफाइनल में दलमा ने दोमुहानी को 47 रन से और दुसरे सेमीफाइनल में कालीमाटी ने जुबिली को 5 विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। अब 6 मार्च को कीनन स्टेडियम में दलमा और कालीमाटी खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। आज पहले सेमीफाइनल में टॉस





जीतकर दोमुहानी के कप्तान इंद्रजीत पिंटू ने टॉस जीत कर दलमा के कप्तान को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। अभिषेक की धमाकेदार 111 रनों की पारी की बदौलत दलमा ने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 205 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने 61 गेंदों पर 12 चौकों और 6 छक्के की मदद से 111 रन तो जोड़े ही दूसरी पारी में तीन विकेट भी झटके। शेखर सुमन ने 32 रन का योगदान दिया। प्रतीक ने 2 विकेट चटकाए। जवाबी पारी में दो की पूरी टीम 9 विकेट पर 158 रन ही जोड़ सकी। इसमें बुलंद ने सर्वाधिक 43, अजय कुमार ने 30, अभिषेक पीयूष ने 27 बनाए। दलमा के गेंदबाजों अभिषेक ने 3 विकेट लिया।दूसरे सेमीफाइनल के पांच पांच ओवर खराब मौसम की वजह से घटा दिए गए थे। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में जुबिली एकादश ने 6 विकेट पर 119 रन बनाए। जिसे कालीमाटी ने 13.2 ओवर में 5 विकेट पर हासिल कर लिया। जुबिली की ओर से निसार ने 51 रनों की पारी खेली। रोहित ने 30 रनों की पारी खेली जिसमे 3 चौके शामिल थे। मैन ऑफ द मैच ने वकील ने 14 रन देकर 4 विकेट लेकर जुबिली टीम को धराशाही कर दिया। श्याम और अमित ने एकही एक विकेट लिया। जवाबी पारी में काली माटी के कप्तान जयप्रकाश राय और मुरारी की सलामी जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए जीत की बुनियाद रख दी। जयप्रकाश राय ने 22, मुरारी ने 18, श्याम ने महत्वपूर्ण 24, अमित ने 10, वकील ने 6 रन जोड़े। गेंदबाजी में कप्तान त्रिलोचन को 2 और निसार को एक विकेट मिला।

## करीम सिटी कॉलेज विमेंस सेल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, करीम सिटी कॉलेज की वूमेंस सेल ने कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। आयोजित कार्यक्रमों में कविता प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, कॉमिक स्क्रिप्टिंग, स्क्रैप क्राफ्ट प्रतियोगिता और कुकिंग विदाउट फायर शामिल थे। कुकिंग विदाउट फायर में कुल 21 टीमों ने भाग लिया। कुकिंग विदाउट फायर के जज डॉ. फखरुद्दीन थे। इस कार्यक्रम में करीम सिटी कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमडी रेयाज़ भी मौजूद थे। कार्यक्रम महिला सेल की कोऑर्डिनेटर डॉ. कौसर तस्नीम के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। विजेताओं की घोषणा बाद में किया जाएगा।

## स्प्रिंगडेल स्मार्ट स्कूल ने बोर्ड में उत्तीर्ण छात्रों को किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** मानगो ओल्ड पुरुलिया रोड स्थित स्प्रिंगडेल स्मार्ट स्कूल के फेयरवेल पार्टी का आयोजन आज सैफरन बैंक्वेट हॉल में किया गया। सत्र 2023- 24 में बोर्ड परीक्षा देने वाले छात्रों को स्कूल से विदाई दी गई। विदाई समारोह के अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर मो खालिद हबीब एवम स्कूल की प्राचार्य आलिया रुखसार भी उपस्थित थे। मौके पर डायरेक्टर एवम प्राचार्य ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। छात्रों को सर्टिफिकेट व मेडल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किया और अपने अनुभव साझा किया। वरिष्ठ शिक्षक हेशामुल हक और क्लास शिक्षिका शबनम मुमताज़ ने विदाई भाषण दिया।

## एनआईटी के छात्रों के बीच प्रबंधकीय कौशल और प्रेरणा पर इंटरएक्टिव सत्र आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

**जमशेदपुर :** आरएसबी समूह के सहयोग और कंपनी के चेयरमैन आर. के बेहरा की पहल पर प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच प्रबंधकीय कौशल का निर्माण तथा व्यक्तिगत विकास के लिए समग्र दृष्टिकोण विकसित पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। आर्डिनरी टू एक्स्ट्रा आर्डिनरी शीर्षक कार्यक्रम में आरएसबी की ग्रुप एचआर निदेशक निर्मला बेहरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई। एचआर लीडर के रूप में अपने व्यापक अनुभव का लाभ उठाते हुए, उन्होंने उत्सुक छात्रों के साथ मूल्यवान अंतर्दृष्टि और युक्तियाँ साझा की। आरएसबी समूह और छात्रों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करते हुए, एनआईटी में सॉफ्ट स्किल क्लब के प्रभारी प्रोफेसर राजीव भूषण ने दिलचस्प सत्रों को सुविधाजनक बनाने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनआईटी के उप निदेशक प्रोफेसर राम विनॉय शर्मा ने इस पहल की सराहना की और भविष्य के इंजीनियरों को न केवल कुशल पेशेवरों के रूप में बल्कि जिम्मेदार और सहानुभूतिपूर्ण व्यक्तियों के रूप में आकार देने में इसके महत्व पर जोर दिया।

संपादकीय

# संदेशखाली पर घिरी ममता सरकार

**एक** बार फिर ममता बनर्जी की सरकार को न्यायालय ने आईना दिखाया है। संदेशखाली के मामले में न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथ लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की अस्मिता से जुड़े मामले में महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उदासीनता दिखायी है। आरोपी शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करना तो दूर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब तक उसके खिलाफ एक शब्द नहीं कहा है। जबकि संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं अब तो खुलकर सामने भी आ गईं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर ये महिलाएं लड़ाई लड़ रही हैं लेकिन उनकी मुख्यमंत्री न जाने कहाँ चुप्पी साधकर बैठ गई हैं। भले ही न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है परंतु ममता सरकार कार्रवाई करेगी, इसकी संभावना दिख नहीं रही है। परंतु इतना तय है कि संदेशखाली से आ रहा हिंदू महिलाओं का पीड़ित स्वर ममता सरकार के पतन का कारण बनेगा। याद रखें कि महाभारत में जब द्रोपदी की अस्मिता पर कौरवों के हाथ उठे तो शक्तिशाली साम्राज्य ध्वस्त हो गया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अपराधों का घड़ा भी अब भरने को है। तथाकथित सेकुलर ताकतों की चुप्पी भी उनके पाखंड को उजागर कर रही है। वे इसलिए चुप है कि ममता सरकार के खिलाफ बोलेंगे तो उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को न मिल जाए। तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ के कारण कई नेताओं की जुबान पर ताला लग गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इस मामले में मुखर नहीं हो रहे। क्या संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की चीख–पुकार राहुल गांधी के कानों तक नहीं पहुंच रही है? बहरहाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह समझ लेना चाहिए कि संदेशखाली में उनका निरंकुश व्यवहार, उनकी राजनीति पर बहुत भारी पड़ेगा। राजनीतिक विश्लेषक स्पष्ट तौर पर कह रहे हैं कि लोकसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी के लिए संदेशखाली हिंसा का प्रकरण बड़ी मुसीबत बनेगा। जिस तरह से राज्य सरकार भाजपा सहित नागरिक समुदाय को संदेशखाली जाने से रोक रही है, उससे जाहिर होता है कि ममता सरकार शाहजहां शेख को संरक्षण दे रही है। सरकार यहां तक लोकतंत्र का गला दबा रही है कि भाजपा को कोलकाता में भी प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी गई। यह अच्छी बात है कि भाजपा ने इस मुद्दे को जबरदस्त ढंग से उठाया है। इसी कारण संदेशखाली का सच समाज के सामने आ सका है। न्यायालय के सख्ती दिखाने के साथ ही राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने भी कह दिया है कि यदि सरकार कार्रवाई नहीं करेगी तो उन्हें हस्तक्षेप करना पड़ेगा। निःसंदेह, राज्यपाल का काम यह देखना है कि सरकार नियमों के तहत कब कार्रवाई करती है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो राज्यपाल को हस्तक्षेप करना ही चाहिए। संविधान, कानून और मौलिक अधिकारों को सुरक्षा करना आवश्यक है। संदेशखाली मामले में अब न्याय की उम्मीद न्यायालय से ही है। केंद्र सरकार को भी हस्तक्षेप करने में अधिक विलंब नहीं करना चाहिए।


संदेशखाली के मामले में न्यायालय ने ममता बनर्जी की सरकार को आड़े हाथ लिया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि महिलाओं की अस्मिता से जुड़े मामले में महिला होकर भी मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उदासीनता दिखायी है। आरोपी शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करना तो दूर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अब तक उसके खिलाफ एक शब्द नहीं कहा है। जबकि संदेशखाली की पीड़ित महिलाएं अब तो खुलकर सामने भी आ गईं। अपना सबकुछ दांव पर लगाकर ये महिलाएं लड़ाई लड़ रही हैं लेकिन उनकी मुख्यमंत्री न जाने कहाँ चुप्पी साधकर बैठ गई हैं। भले ही न्यायालय ने ममता सरकार को फटकार लगाते हुए शाहजहाँ शेख को गिरफ्तार करने का आदेश दिया है परंतु ममता सरकार कार्रवाई करेगी, इसकी संभावना दिख नहीं रही है। परंतु इतना तय है कि संदेशखाली से आ रहा हिंदू महिलाओं का पीड़ित स्वर ममता सरकार के पतन का कारण बनेगा। याद रखें कि महाभारत में जब द्रोपदी की अस्मिता पर कौरवों के हाथ उठे तो शक्तिशाली साम्राज्य ध्वस्त हो गया। तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के अपराधों का घड़ा भी अब भरने को है। तथाकथित सेकुलर ताकतों की चुप्पी भी उनके पाखंड को उजागर कर रही है। वे इसलिए चुप है कि ममता सरकार के खिलाफ बोलेंगे तो उसका लाभ लोकसभा चुनाव में भाजपा को न मिल जाए। तुच्छ राजनीतिक स्वार्थ के कारण कई नेताओं की जुबान पर ताला लग गया है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रहे कांग्रेस के नेता राहुल गांधी भी इस मामले में मुखर नहीं हो रहे। क्या संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की चीख–पुकार राहुल गांधी के कानों तक नहीं पहुंच रही है? बहरहाल, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह समझ लेना चाहिए कि संदेशखाली में उनका निरंकुश व्यवहार, उनकी राजनीति पर बहुत भारी पड़ेगा।


भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं

# खराब न होने दें अपनी माटी का स्वास्थ्य

अरुण कुमार दीक्षित


हमारे लोकजीवन में बार–बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक–सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा, कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं।


**हम** सबके जीवन में माटी का बड़ा महत्व है। चाहे हम भारत में हों या दुनिया के किसी भी देश में हों, बात जब माटी की होगी तब भारत का ही नाम लेते हैं। अपनी माटी अपनी ही है। हमारे लोकजीवन में बार-बार माटी की बात होती है। कथित आधुनिक सोच ने मिट्टी को डस्ट और एलर्जी वाली वस्तु बताना काफी पहले शुरू किया। इससे माटी के प्रति हमारी अवधारणा भी बहुत हद तक प्रभावित हुई है। पहले घर भी माटी के होते थे। आज भी गांवों में माटी के बहुत सारे घर हैं। यह और बात है कि आर्थिक-सामाजिक परिवर्तन के कारण अब पक्के घर अधिक दिखाई देते हैं। माटी के घरों की पुताई माटी से ही होती थी। नीचे माटी, ऊपर माटी, सब तरफ माटी ही प्रयोग होती रही है। घर में गृहस्थी के नाम पर सबसे अधिक माटी के बर्तन होते थे, जिन्हें हम गगरी, घड़ा, कलश, मटका, सुराही आदि नाम से जानते हैं। अब गांव और नगर दोनों में सुराही के पानी पर चर्चा होती है। अपने गांव में कुम्हार परिवार माटी के खिलौने, गगरी, कलश, सुराही, मटका, मटकी, दीया, दियाली के अलावा विभिन्न प्रकार माटी के उत्पादों को बनाते थे। अब परम्परा टूट गई। कुम्हार परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट है। वे उपेक्षा का शिकार हैं। गांव में भी प्लास्टिक की टोंटी वाली बाल्टी पहुंच गई है, जिसे वाटर बैग कहते हैं। माटी के सोंधेपन से हम गांववासी सीधे जुड़े हैं। कोई एक गिलास सुराही, घड़े का पानी पिला दे तो लगता है कि हम अपना बचपन वाला पानी पी रहे हैं। जिन लोगों को माटी के कुएं, ईंट से बने कुओं का पानी पीने का सौभाग्य मिला, वही उसकी तासीर को आत्मसात कर सकते हैं। मांगलिक कार्यक्रमों विवाह, तिलकोत्सव, (फलदान) मुंडन, छेदन, उपनयन संस्कार में माटी के बर्तन ही प्रयुक्त प्रयोग होते थे। मांड़ौ (मंडप) के नीचे कलश माटी का ही जल भरकर रखा जाता है। रंग-बिरंगे अक्षत लगाए जाते हैं। उसकी सतरंगी छटा हम सबने देखी है। हमें याद है, अस्सी के दशक तक मांगलिक कार्यक्रम में रसगुल्ला, जलेबी, बर्फी और कुल्फी माटी की ही तश्तरियों में ही अतिथियों को परोसी जाती थीं। पानी पीने के लिए दिए जाने वाले पात्र को लोग हुंडा कहते हैं। लोकभाषा में इसे कुज्जा भी कहा जाता है। तब की स्थिति में उसे हम सब तालाब से आई माटी ही जानते थे। कुम्हार तालाब से माटी लाते। माटी को कूटते। पीसते। पानी डालकर चाक पर



बर्तन बनाते। आवां में बर्तन पकाकर प्रयोग के लिए तैयार करते। यही बर्तन लोगों को प्रयोग के लिए देते थे। माटी के बर्तन प्रयोग के बाद फिर वापस माटी में मिल जाते। यह प्राकृतिक समन्वय था। इस पर मीटिंग और बैठकों के प्रस्ताव नहीं होते थे। हमारे कवि मनीषियों ने बताया है कि हमारा शरीर भी माटी है। कुछ भी कर लो। लगा लो और महका लो चमेली से, जूही से, गुलाब से, पारिजात से, मगर माटी को माटी ही होना है। इसे कबीर दास ने कागद कहा। यहु संसार कागद की पुड़िया बूंद परे घुलि जाना है। अब हम अति शहरी जीवन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। कुम्हारों का भारी नुकसान हुआ है। उन्हें प्रजापति भी कहा जाता है। हो सकता है वह प्रजापति। दक्ष प्रजापति के वंशज हों। माटी के बर्तनों का काम आदिकाल से करते हैं। पूरी दुनिया के वैज्ञानिक मृद्भांडों से सभ्यताओं और संस्कृतियों के निष्कर्ष निकालते हैं। सिंधु घाटी और मोहनजोदड़ो में यही जांचा। राखीगढ़ी और धोलावीरा को जांचा। खुदाई से प्राप्त रथों को भी जांचा। मतलब साफ है, माटी हमारे आदि-अनादि के प्रमाण दे रही है। मगर आधुनिक वैज्ञानिकों ने प्लॉस्टिक की बोतल बनाई। पहले बड़ी और अब छोटी भी उपलब्ध है। एक बड़ा हिस्सा हमारे जीवन में प्लॉस्टिक का है। वह हमें प्रतिपल प्रभावित कर रही है। हम जिस पेन से लिख रहे हैं, इसका का भी 98 प्रतिशत भाग प्लॉस्टिक का ही है। प्लॉस्टिक ने हमें माटी से दूर किया। परंपरा को प्लास्टिक ने नष्ट किया। कुम्हारों का व्यवसाय तहस-नहस किया। सामग्री रखने के लिए आधुनिक डिब्बे हैं। कुछ डिब्बे खुलने के और बंद होने की मशीनों से युक्त हैं। मगर माटी से तो पृथक ही किया प्लॉस्टिक ने। आज हमारे कुम्हार परिवार अपनी महान परंपरा से बाहर हैं। अन्य व्यवसाय करने के लिए विवश हैं। सरकारों ने मिट्टी के लिए कुछ कुम्हारों को भूमि का पट्टा भी दिया है। मगर कुम्हारों का मिट्टी के बर्तन बनाने से पलायन नहीं रोक पाए। इससे रासायनिक कचरे को बढ़ने का संबल मिला। हालात यह है कि रासायनिक कचरे नदियों और समुद्र के जल में घुल रहे हैं। जब तक हम प्लास्टिक प्रदूषण और स्टील के बर्तनों के प्रदूषण को शरीर में पहुंचाते रहेंगे, शरीर रुग्ण रहेंगे। बीमारियां बढ़ती रहेंगी। लाखों रुपये इलाज पर खर्च होते रहेंगे। हालात यह है कि माटी का स्वास्थ्य खराब हो रहा है। जिस तरह से हमारे अंदर प्राण है, उसी तरह से धरती में प्राणवायु है। पृथ्वी में एक विशेष गंध है। उसे सगंधा कहा गया है। वह गंध अनेक जहरीले रसायनों से खराब हुई है। खेती करने की परंपरा को काफी पहले खाद से हटाकर वैज्ञानिकों ने किसानों को उर्वरकों की ओर ध्यान आकर्षित कराया था। फिर फसलों को कीट-पतंगों से बचाने के लिए रसायनों के छिड़काव के परामर्श आकाशवाणी और अन्य समाचार माध्यमों से प्रसारित किए गए। अब कृषि वैज्ञानिक ही कह रहे हैं कि रसायनों के प्रयोग से बचें। हम कह सकते हैं कि भारत की आदिकालीन कृषि परंपरा में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की दखल कराकर क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचाया गया है। इसकी भरपाई हाल-फिलहाल होती नहीं दिख रही है। प्राचीन साहित्य में खेती की विशद चर्चा है। हमारे ऋषियों ने कहा कि जरा भी असावधानी कृषि और पशुओं को नष्ट कर देती है। जीवन का आधारभूत तत्व पृथ्वी है। इसी पर सारे प्राणी जन्म लेते हैं। पृथ्वी ही सबको धारण करती है। इसी से उसका नाम धरा है। पृथ्वी ही सभी प्राणियों वनस्पतियों का मधु है। सभी प्राणी इस पृथ्वी के सारतत्व हैं। भूमि पर ही ऐश्वर्य है। भूमि पर ही सारे भोग हैं। यही हमारी संस्कृति है। पृथ्वी ही हमारी सीता है। पृथ्वी के अपने विविध रंग हैं। कहीं वह काली है, कहीं भूरी है तो कहीं लाल। कहीं कंकड़ीली है। भारत की संस्कृति में प्रातः काल धरती को प्रणाम करने की ऋषि परम्परा है, जिसे हम प्रणाम करते हैं। उसके प्रति श्रद्धाभाव और आदर होता है। इसलिए आइए, हम सब अपनी मातृभूमि माटी की रक्षा और उसके स्व के लिए मिलकर काम करें। जिम्मेदारी हमारी-आपकी भी है। अपनी माटी के लिए एक कदम चलें।

दृष्टि कोण

# गोवा को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाने की तैयारी

**अयोध्या** में श्री राम जन्मभूमि पर श्री रामलला के दर्शनपूजन करके खुद को धन्य महसूस कर रहा हूं। अंत में यह सवाल है कि क्या गोवा भारत की धरमिक और आध्यात्मिक राजधानी बन सकती है? निःसंदेह, यह हो सकता है। जिस प्रकार से गोवा अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है, मुमकिन है कि जल्द ही यह भारत की आध्यात्मिक राजधानी बन जाएगी। कितने भारतीयों को पता है कि पुर्तगाली राज, खूबसूरत समुद्री तटों, नाइट लाइफ और प्रवृतिक सुंदरता से इतर गोवा का सनातन संस्वृति और ऐतिहासिक मंदिरों का समृद्ध इतिहास रहा है? गोवा अपने इसी गौरवशाली अतीत को एक बार फिर से स्थापित करने की ओर बढ़ रहा है। पुर्तगाली शासकों ने अपने 450 वर्षों से अधिक के शासनकाल के दौरान राज्य में मंदिरों को नुकसान पहुंचाया। 1961 तक देश के इस सबसे छोटे राज्य पर शासन के दौरान पुर्तगाली शासकों ने मुस्लिम शासकों की तरह ही हिदू मंदिरों को नष्ट किया था। गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का दावा है कि पुर्तगालियों ने अपने शासनकाल के दौरान मंदिरों को नष्ट करना शुरू कर दिया था। मराठा राजाओं की चेतावनी और शांति समझौते पर हुए हस्ताक्षर के बाद उन्होंने मंदिरों को नुकसान पहुंचाना बंद किया। 17वीं सदी में मराठा साम्राज्य की स्थापना करने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक की 350वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एक समारोह में उन्होंने कहा कि राज्य को उसके समृद्ध सनातन संस्वृति लौटाने के लिए भारतीय जनता पाटा (भाजपा) की सरकार योजना बना रही है। समारोह में उन्होंने कहा कि कम से कम गोवा की आजादी के 60 साल बाद हमें पुर्तगालियों के निशान मिटा देने चाहिए। गौरतलब है कि मराठा शासक ने ही सबसे पहले देश में स्वराज या स्वशासन का विचार रखा। उन्होंने गोवा आकर सप्तकोटेश्वर मंदिर का पुर्ननिर्माण कराया और पुर्तगालियों को मंदिरों को नष्ट करने के खिलाफ चेतावनी दी। राज्य के मुख्यमंत्री ने कहा कि 'यही कारण है कि हम कहते हैं कि हिदू संस्वृति को बचाने का प्रमुख श्रेय शिवाजी और उनके बेटे संभाजी को जाता है।' इस बीच, गोवा पर्यटन विभाग ने एकादश तीर्थ की शुरुआत कर आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सयतागत और सांस्वृतिक राष्ट्रवाद पर जोर देना शुरू कर दिया है। इस योजना के एक हिस्से के रूप में राज्य भर में 11 मंदिरों के आसपास समुदाय- आधारित पर्यटन वेंद्र विकसित करने की तैयारी जोरों पर है। ये सभी 11 मंदिर राज्य के उन सात पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्रों से होंगे, जहां विकास एवं निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। एकादश तीर्थ परियोजना आध्यात्मिकता, स्वदेशी, सयतागत और सांस्वृतिक राष्ट्रवाद व जागरूक पर्यटन के चार मुख्य स्तंभों पर आधारित है। इस परियोजना का उद्देश्य देश के पर्यटकों को थाईलैंड और इंडोनेशिया जैसे देशों की जगह गोवा की ओर आर्कषित करना है। एकादश तीर्थ परियोजना में पर्यटन विभाग मंदिरों के आसपास स्थानीय समुदायों और खास कर महिलाओं के नेतृत्व वाले समूहों की भागीदारी सुनिात करेगा। यहां आने वाले पर्यटकों को मंदिरों में पूजापाठ करने के साथ यहां के स्थानीय समुदायों के साथ समय बिताने और उनकी जीवनशैली को समझने का मौका मिलेगा। इस बीच, गोवा पर्यटन विकास निगम (जीटीडीसी) ने क्यूपेम, सत्तारी, वैनाकोना और सवोर्डेम में स्थित मंदिरों को नया और भव्य रूप देने की दिशा में कदम बढ़ाना शुरू कर दिया है। राज्य पर्यटन विभाग गोवा को दक्षिण का काशी के रूप में पहचान दिलाने के लिए लगातार पहल कर रहा है। इसी पहल के तहत गोवा के धरमिक पक्ष, विशेष रूप से मंदिरों को पर्यटकों के लिए खोला जा रहा है। जीटीडीसी ने सत्तारी स्थित महत्वपूर्ण मंदिरों में पर्यटन के लिहाज से सुविधाएं बढ़ानी शुरू कर दी हैं। यहां के मंदिरों के सौंदयाकरण के साथ इसके आसपास के ढाचें को पर्यटन के लिहाज से विकसित करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एक सलाहकार भी नियुत्त कर लिया गया है। सत्तारी में मंदिरों के साथ-साथ शांतादुर्ग मंदिर, श्री बेताल नागनाथ मंदिर और वैनाकोना में अगोंदेश्वर मंदिर के सौंदयाकरण का कार्य तेजी से आगे बढ़ेगा। गोवा पर्यटन बोर्ड की अधिकार प्राप्त समिति जल्द ही आध्यात्मिक पर्यटन स्रकिट को अंतिम रूप देगी। साथ ही संवोर्डेम के ढाडे में श्री बेताल नागनाथ मंदिर में चार करोड़ रुपये की लागत से शौचालय, प्रवेश द्वार, लाइटिग की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। सूत्रों के मुताबिक, र्आकिटेक्चरल फर्म फोर्थ डायमेंशन र्आकिटेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड इस काम के लिए सलाहकार है। यही फर्म फतोरपा में शांतादुर्गा मंदिर की सुविधाओं के विकास और सौंदयाकरण की भी देखरेख करेगी। इस परियोजना के लिए भी चार करोड़ रुपये की राशि का अनुमान लगाया गया है।

# रामगढ़ आस-पास की खबरें

## झारखंड मे एक भी लोकसभा सीट नही जीत पाएगा बीजेपी : विनोद किस्कू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** हजारीबाग लोकसभा भावी उम्मीदवार सह जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ग्राम पंचायत बलकुदरा पहुंचे। राज्य के झारखंडी योद्धा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई एवं न्याय की मांग को लेकर झामुमो के युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव के तत्वाधान में आयोजित न्याय यात्रा में मुख्य रूप से विनोद किस्कू शामिल हुए। न्याय यात्रा के तहत सैकड़ो लोगों के साथ आगे आगे मार्च किया एवं केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की। लगभग दो(2) किमी की इस न्याय यात्रा में पैदल मार्च करते हुए सभी लोग बलकुदरा के जिंदल ऐ गेट से बी गेट,पाहन टोला,नया टोला,बडका टोला होते हुए पुराना टोला तक पहुंचे। जिला अध्यक्ष विनोद किस्कू ने कहा कि केंद्र की सरकार सत्ता के हनक में डूबी हुई है। देश को तानाशाही के जरिए




चलाना चाह रही है। लोकतांत्रिक तरीके से जब एक आदिवासी युवा मुख्यमंत्री हेमंत जी से ये लोग नहीं सके तो सत्ता के हनक के तहत साजिशों का ताना बाना बुन कर जांच एर्जेसियों का दुरुपयोग करते हुए हेमंत सोरेन जी को जेल भेजने का काम किया है। लेकिन झारखंड की सवा तीन करोड़ जनता सजग है। केंद्र के इशारे पर हुए सारे खेल को समझ चुकी है और आगामी चुनावों में इसकी भारी कीमत भाजपा को चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि जल्द हेमंत सोरेन जी की रिहाई नहीं हुई तो आदिवासी मूलवासी व्यापक उग्र आंदोलन करने को तैयार हैं। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष योगेंद्र यादव ने कहा कि जब से झारखंडी योद्धा हेमंत सोरेन जी की सरकार बनी थी उस समय से भाजपा को यह पच नहीं रहा था और हर दिन सरकार गिरने और गिराने की बात करते रहे। लेकिन हेमंत सोरेन जी ने स्वाभिमान को झुकने नहीं दिया और उनकी दिलेरी से डर कर केंद्र के इशारे पर उन्हें जेल में डाला गया है। लेकिन इसका भारी खामियाजा भाजपा को झेलना पड़ेगा। जसमे मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता रंजीत बेसरा, जिला उपाध्यक्ष मुमताज अंसारी, पंचायत अध्यक्ष सुनिल मुंडा, पंचायत सचिव सन्नी मुंडा, मनोज महली,अनिल मुंडा, रवि महली, गुलचंद मुंडा, आनद मुंडा, सतीश मुंडा, पंकज मुंडा, बालेश्वर यादव, दिपक यादव, विकास यादव, अरविंद यादव, कुणाल यादव, ईश्वर प्रसाद, समीर मुंडा, सुभाष यादव, दिलीप महली,चंदन महतो, अशोक उरांव, जितेंद्र यादव, सुरज यादव, दिवाकर नाग, संदीप मुंडा, पिंटू मुंडा, विजय मुंडा, सोरभ राणा,बंधन मुंडा, अनिल कुमार, सुकेश मुंडा, दिनेश यादव, सुरज मुंडा, संजय मुंडा,शशि यादव,रूपेश मुंडा, रोशन मुंडा, विरेन्द्र यादव, बालदेव मुंडा, अमित महली, उमेश महली, संतोष सिंह, दिपक मुंडा इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## गिद्दी डीएवी विद्यालय में फीस बढोतरी के विरुद्ध सौंपा मांग पत्र

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** डीएवी विद्यालय में फीस बढोतरी को लेकर सोमवार को विधालय में पढ़ने वाले छात्रों के अभिभावक विद्यालय के समक्ष एकत्रित हुए जहां सालींता पूर्वक विचार विमर्श किया एवं एक संयुक्त रूप से मांग पत्र लिखा जिसमें कहा गया है कि उक्त विद्यालय सीसीएल के बिल्डिंग में है जिसका रख रखाव बिजली पानी एवं शिक्षकों की आवास सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराती है। परंतु विद्यालय में प्रत्येक वर्ष री एडमिशन के नाम पर मोटी रकम लेना बंद करें, टी जी टी एवं पी जी टी के शिक्षक की कमी है,स्वच्छ शौचालय का अभाव होने से बच्चों में इन्फेक्शन हो रहा है, कम्प्यूटर कि कमी है, खेलकूद की सामग्री उपलब्ध कराने, जनरेटर के नाम पर पैसा लेना बंद करने, सहित अन्य मांग रखा गया है और अंत में कहा गया है कि बेतहाशा फीस पर रोक लगाया नहीं गया तो केन्द्रीय विद्यालय को पुनः चालू करने की मांग किया गया है। साथ ही कहा गया है कि जब तक उचित निर्णय नहीं लिया जाता है तब तक री एडमिशन नहीं करायेंगे।मौके पर गुड्डू यादव, पुरुषोत्तम पांडे गौतम बैनर्जी पवन कुमार रविंद्र कुमार अरविंद उपाध्याय बिरजू साहू सलीम शहजादा दिलीप देसाई मुकेश महतो सनी प्रसाद शाहबाज आलम मोहम्मद सिराजुद्दीन विपुल सिंह संदीप कुमार सिंह रविंद्र कुमार नागेंद्र कुमार उत्तम कुमार सुरेश महतो पुनीत ठाकुर राजकुमार यादव शाहिद सैकड़ो अभिभावा के उपस्थित थे।

## दुलमी प्रखंड के पंचायत भवन सिरु रैयतों के मुआवजे को लेकर आम सभा का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड के पंचायत भवन सिरु रैयतों की मुआवजा को लेकर आम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश अंचल लिपिक हैदर अली मौजूद थे। सुधीर मंगलेश ने कहा कि ललकी घाटी से मरगमरचा पथ निर्माण में वैसे रैयत जिनका अंचल कार्यालय में आवेदन जमा नही होने के कारण पंचायत सचिवालय में आम सभा की तिथि रखी गई थी। रैयतों आग्रह है कि मुआवजा संबंधित कागजात जल्द अंचल कार्यालय में जमा करें। नहीं तो मुआवजा की राशि ट्रेजरी जमा हो जाने के बाद मुआवजा की राशी निकासी करने में कठाई होंगी। साथ ही अन्य पंचायत के रैयतों से आग्रह है कि मुआवजा को लेकर अंचल में जल्द पेपर जमा करें।

## बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल का किया स्वागत

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू में मनीष जायसवाल का स्वागत बाजे गाजे के साथ फूल फूल माला पहनकर बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने किया। जिसमें बीजेपी के रामगढ़ जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता ने विधायक मनीष जायसवाल को बुके देकर स्वागत किया। मनीष जायसवाल को लोकसभा चुनाव का टिकट मिलने पर भाजपाइयों के बीच काफी खुशी का माहौल है। पार्टी के कार्यकर्ताओं में मुख्य रूप से मनोहर गुप्ता, गणेश सोनी, पूर्व मुखिया निर्मल करमाली, मुकेश कुमार, रतन साहू, धनेश्वर प्रसाद, अशोक कुमार, बसंत साहू, मनोज गिरी, जागेश्वर प्रजापति, जनक प्रसाद, दशरथ केसरी, कोलेश्वर महतो, शंभू ठाकुर नरेश महतो, खीरोधार साहू, अनिल केसरी, दिनेश प्रसाद केसरी, राजकुमार सिंह उर्फ राजू मंडल अध्यक्ष लोकेश सिंह बड़का चुम्मा मुखिया राजेंद्र कुशवाहा उर्फ राजू सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि



प्रधानमंत्री का नारा है अबकी बार चार सौ पर वह आपके सहयोग से कर दिखाना है और एक माला रामगढ़, कुजू, मांडू से जाना चाहिए हमारे प्रधानमंत्री के लिए वहीं श्री जायसवाल ने कहा कि विकास की धारा और तेज होगी जिसमें देश के विभिन्न प्रखंडों में विकास का कार्य तेजी होगी। मै कामना करता हूं कि मांडू प्रखंड तेजी से विकास करें।

## हजारीबाग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल का किया गया जोरदार स्वागत

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीजेपी के द्वारा लोकसभा के टिकट के घोषणा के बाद पूरे झारखंड में सबसे चर्चित हजारीबाग लोकसभा सीट पर इस बार मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया गया है रांची से हजारीबाग संसदीय क्षेत्र पहुंचने पर पतरातु लेक रिसोट होते हुए सौंदा बस्ती में भी कार्यकर्ताओं में भरपूर जोश देखने को मिला। मनीष जायसवाल ने बताया कि बीजेपी में नीचे के कार्यकर्ताओं को भी मौका दिया जाता है। इसके के लिए हम तैयार रहते हैं। बीजेपी ऐसी पार्टी है कि इसमें प्रयास करने की जरूरत नहीं है किशी भी कार्यकर्ता में अगर क्षमता है तो पार्टी उसके क्षमता को देखते हुए। आपको मौका देती है उन्होंने कहा कि कोई भी चुनाव चुनौती होता है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो काम किया है।हर क्षेत्र में जनता के लिए भारतीय जनता पार्टी को इस बार देश की जनता बड़े भारी बहुमत से पूरे देश भर में भारतीय जनता पार्टी को जीत मिलेगी उन्होंने कहा कि विकास ही हजारीबाग में मुद्दा रहेगा। वाही कार्यकर्ताओं ने बताया की ओबीसी समाज के प्रत्याशी बनने पे हम लोगों को काफी हर्ष है कार्यकर्ताओं ने हाय कमान को धन्यवाद देते हुए कहा की इस बर चार सो के पार।स्वागत करने वालों में सुखदेव प्रसाद, गजान्द प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, दयानन्द प्रसाद, प्रभात कुमार, नागेंद्र प्रसाद, मिंटू कुमार, अरूण प्रसाद, सहित अन्य शमिल थे।

## पंचमुखी हनुमान अरगड्डा मंदिर में भंडारा व हरि कीर्तन में विधायक को किया गया आमंत्रित

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा के सुभाष नगर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के प्रांगण में सोमवार प्रातः 10 बजे से वार्षिक उत्सव को लेकर पूजा, आरती, अखंड कीर्तन का आरंभ किया गया। 24 घंटे के अखंड हरी कीर्तन एवं स्थापना दिवस धूमधाम से दूसरे दिन मंगलवार को हवन, आरती, प्रसाद वितरण, भंडारा के साथ पूरा होगा।



इसे लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर समिति के सदस्यों ने अनुष्ठान में मुख्य अतिथि के रुप में रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी को आमंत्रण पत्र सौंपा हैं। मौके पर समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार महतो, कार्तिक पासवान, सीताराम पासवान समेत समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

**संक्षिप्त खबरें**

## विद्यालय में लगा सोलर प्लेट की बीते रात हुई चोरी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा प्रखंड अंतर्गत राजकीय मध्य विद्यालय सोपारम में मोटर से पानी चढ़ाने के लिए लगे सोलर प्लेट को रविवार की रात में चोरी कर ली गई है। सोलर प्लेट की चोरी हो जाने से बच्चों के बीच पानी पीने को लेकर समस्या उत्पन्न हो गई है। चोरी के इस घटना को लेकर टंडवा थाना को सूचना दी गई, सूचना पाते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर चोरी का जायजा लिया। आपको बता दें कि विगत कुछ माह पूर्व में भी इस विद्यालय से आठ सीलिंग पंखा एवं सोलर प्लेट की चोरी की गई थी। इसके बाद कोयद पंचायत के मुखिया के सहयोग से पिछले बुधवार को दुबारा सोलर प्लेट लगाया गया था। इस तरह के विद्यालय में बार-बार चोरी की घटना को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक काफी दुखी हैं।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जेएसएससी नियुक्ति घोटाले के विरुद्ध किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर मैन गेट के सामने भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के विरुद्ध व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन सोमवार को किया गया।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बीते दिनों जे एस एस सी नियुक्ति में रिकॉर्ड घोटाले किए गए।साथ ही साथ गरीबों को मिलने वाले अबुआ आवास में भी जमकर भ्रष्टाचार देखने को मिल रहा है। लेकिन राज्य सरकार में शामिल मंत्रियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, सभी अपने-अपने सम्पत्ति अर्जित करने में लगे हैं।धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के कार्यकर्ता अशोक गुप्ता, ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला प्रभारी बिंदेश्वरी यादव,पूर्व जिला कार्यसमिति सदस्य लखन दांगी, शीला देवी, रामानंद दांगी, मंडल उपाध्यक्ष संतोष दांगी अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रसादी पासवान पंचायत संयोजक राकेश गुप्ता, बिरेंद्र साव, श्यामदेव दांगी, ब्रह्मदेव यादव, चमारी दांगी, शिवकुमार दांगी, राजु साव, दिनेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया महेंद्र राम, जवाहर यादव, तुलेश्वर यादव, ब्रजेश सिन्हा,अरविंद सिंह, शोभा देवी, भेखलाल रविदास, सुनील पांडेय, प्राणेश गुप्ता, रोहित दांगी, दामोदर दांगी, समेत कई लोग मौजूद थे।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापुर :** प्रखंड के जेएसएलपीएस के द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रो व गांवो मे मतदान की प्रतिशत बढाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व जेएसएलपीएस के बीपीएम अभिषेक कुमार के द्वारा किया गया। इस दौरान एघारा, टंडवा के विभिन्न क्षेत्रो मे समूह की महिलाओ व कर्मियो ने स्वीप के तहत विभिन्न गलियो,सडक मे घूमघूमकर मतदान संबंधी कई स्लोगन लगाये तथा लोगो को घर घर जाकर आगामी चुनाव मे मतदान करने की जानकारी दिया गया ।मौके पर बताया कि देश मे अच्छी सरकार के चुनाव मे आप सब मतदाताओ का यह अधिकार व कर्तव्य है कि आप अपना मत देकर सरकार बनाने मे भूमिका निभाये। आगे मतदाताओ को बताया गया कि घर में 18 वर्ष व उससे उपर सभी सदस्य मतदान केन्द्र पर पहुंच कर एक साथ मतदान करे। मौके पर बीपीएम अभिषेक कुमार, सुरजकांत कुमार, विकास हजाम के साथ समूह की महिलाएं मौजूद थे।

## उपायुक्त ने शशिकांत कुमार श्रीवास्तव को उनके कार्यों के लिए किया सम्मानित



**चतरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अबु इमरान ने जिला जनसंपर्क कार्यालय में सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार श्रीवास्तव को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया है। जिला मुख्यालय स्थित उपायुक्त कक्ष में उनको सम्मानित किया गया।गौरतलब है कि उपायुक्त अबु इमरान का 2 मार्च 2024 को झारखंड सरकार कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर स्थानांतरण प्रबंध निदेशक, झारखण्ड मेडिकल एण्ड हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एण्ड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन लिश, राँची के पद पर किया गया है। वहीं संयुक्त सचिव, वित्त विभाग, झारखण्ड, राँची के पद पर पदस्थापित रमेश घोलप को स्थानान्तरित करते हुए चतरा जिला का जिला दण्डाधिकारी एवं उपायुक्त नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में आज 4 मार्च को उपायुक्त अबु इमरान ने समाहरणालय कार्यालय कक्ष में जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर कार्यरत शशिकांत कुमार के कार्यों का अनुशंसा करते हुए उन्हें अनुभव प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ ही कहा शशिकांत श्रीवास्तव सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर के पद पर जिला जनसंपर्क कार्यालय चतरा में 1 मार्च 2019 से कार्यरत हैं। मेरे कार्यकाल में 11 जुलाई 2022 से दिनांक 4 मार्च 2024 तक इनके द्वारा प्रेस विज्ञप्ति, सोशल मीडिया हैंडलिंग, कार्यालय कार्य, निर्वाचन कार्य समेत अन्य जनसम्पर्कीय कार्यों का निर्वहन सुचारू रूप से किया जा रहा है। इनका कार्य उत्कृष्ट एवं अति उत्तम रहा है। डीसी अबू इमरान ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## राज्यपाल के नाम बीडीओ को भाजपा ने एक दिवसीय धरना के माध्यम से सौंपा ज्ञापन



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड मुख्यालय के समीप भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कई समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विनय कुमार को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में लिखित रूप से कहा है कि जेसीसी परीक्षा प्रश्न पत्र को लीक करने वाले दोषियों के खिलाफ सीबीआई जांच हो। दुमका में विदेशी पर्यटक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दोषियों को गिफ्तार किया जाय। प्रखण्ड में चल रहे अबूआ आवास योजना निष्पक्ष जांच कर योग्य लाभुकों को आवास का लाभ दिया जाय। आपको बता दें कि यह एक दिवसीय धरना 11:30 से लेकर लगभग 2:30 बजे तक रहा। सभी वक्ताओं ने बारी बारी से अपना अपना पक्ष रखते हुए झारखण्ड सरकार को खूब कोषा। हालांकि इस तरह का जघन्य अपराध हो या धांधली सभी राज्यों में व्यापक रूप से है। इस पर लगाम लगाना आवश्यक है। नहीं तो महिलाएं और बच्चियाँ सुरक्षित नहीं है। वहीं युवा सभी राज्यों में बेरोजगार हैं जिन्हें रोजगार आवश्यक है। मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष दयानिधि सिंह, बिनोद पासवान, मुखिया नरेश साहू,मुखिया शकुंतला देवी, संजय पासवान, अक्षेवट सिंह, आनंद कुमार यादव, रमेश सिंह, लवकुश सिंह, महेंद्र सिंह, परमेश्वर यादव, राजीव गुप्ता, बालेश्वर ठाकुर, लिलाधर महतो, सेवा साहू के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

# कठौतिया शिवपुर रेल लाइन निर्माण योजना में ठिकेदार कर रहा सरकारी आदेशों की अवहेलना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** चतरा मध्य पूर्व रेलवे योजना के स्थानीय कार्यालय हजारीबाग के देखरेख में कठौतिया शिवपुर 54 किलोमीटर रेल लाइन निर्माण योजना में प्रथम स्तर से ही गड़बड़ी किया जा रहा है। घटिया किस्म के बालू जिसमें मिट्टी मिला हो जिसको बालू और चिप्स मिलकर मशीन द्वारा मिक्सिंग कर फूल पुलिया के कार्य में लिया जा रहा है। और तोहार सबसे आश्चर्य चकित कर देने वाली बात, इस रेल लाइन में काफी मात्रा में हरे पेड़ पौधे कट गए जबकि सरकार द्वारा यह प्रावधान नहीं है। की इतनी ढेर सारे मात्रा में पेड़ कटाई किया जाए। कठौतिया से नावाडीह के बीच बन रहे रेलवे लाइन कार्य के दरमियान कुछ दिन पहले उन्होंने स्थानीय रेलवे अधिकारियों की सह पर सैकड़ो हरे पेड़ कटवा दिए। साथ ही जंगल से ही कुछ छोटे पौधों को मशीनों से उखाड़ जंगलों में खाली पड़े स्थानों पर पुनर रोपण कराया गया जिसमें पौध रोपण के समय ही पानी भेट कराया गया फिर पौधा को पानी का दर्शन नहीं, जिसमें सभी पौधे सूख गए। लकड़ी को जलावन के रूप में स्थानीय लोग ले गए। जबकि रेलवे विभाग अपनी निगरानी में पौध नर्सरी कर पौध लगाने का कार्य करता है ना की जंगल को उखाड़ कर फिर जंगल में ही लगाए। यह सारा खेल रेल अधिकारियों के नाक के नीचे किया जा रहा है। रेल अधिकारी एवं अभियंता कार्य स्थल पर पहुंचकर अपनी ड्यूटी बजाकर हजारीबाग चले जाते हैं।54 किलोमीटर की इस रेल परियोजना में कठौतिया के द्वारा 14 किलोमीटर तक रॉयल कंपनी द्वारी से धनगडा मिश्रोल, टंडवा तक 28 किलोमीटर मिलेनियम कंपनी तथा मिसरोल से शिवपुर तक 12 किलोमीटर राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी को ठेका दिया गया है सबसे आश्चर्य जनक वाली बात है कि स्थानीय जनता में भ्रम एवं संशय पैदा करने की नीयत से रेलवे विभाग द्वारा निर्माणाधीन रेलवे ट्रैक किनारे इस योजना संबंधित कहीं कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है और मजदूरों को बिना सेफ्टी के कार्य कराया जा रहा है। पत्थलगड़ा और द्वारी की स्थानीय जनता मध्य पूर्व रेलवे के वरीय अधिकारियों से शीघ्र जांच कर भ्रष्ट रेलवे अभियंता एवं अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर दिया धरना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** झारखण्ड में व्याप्त भ्रष्टाचार, हत्या, लूट, बलात्कार और बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा ने धरना दिया है।प्रदेश की उपराजधानी दुमका में विदेशी महिला के साथ बलात्कार की घटना के विरोध में भाजपा नेताओं ने चंपई सोरेन सरकार को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि प्रदेश में महिलाएं असुरक्षित हैं।एक दिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन 11 बजे दिन मे प्रखंड मुख्यालय चतरा मे किया गया। चतरा ग्रामीण मंडल एवं चतरा नगर मंडल के संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चतरा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह एवं नगर अध्यक्ष विद्या सागर आर्य के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस संबंध मे एक ज्ञापन महामहिम राज्यपाल महोदय को प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से दिया गया द्यधरना को मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता ने की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा किये जा रहे कार्यो के बारे में कहा कि सरकार हर मोर्चा मे असफल रही है। सरकार बनने के पूर्व गठबंधन सरकार द्वारा घोषणा किया गया था कि प्रत्येक घर मे एक नौकरी दिया जायेगा, परन्तु नौकरी नहीं देकर मेघावी छात्रों के साथ प्रश्न पत्र को लिक करके बहुत बड़ा धोखा दिया गया हैं द्य जेएमएम, कांग्रेस एवं राजद के द्वारा गठबंधन की सरकार झारखण्ड मे हैं। इस सरकार मे सिर्फ भर्ष्टाचार हैं सरकार सिर्फ ट्रांसफर पोस्टिग का उद्योग खोलकर शोषण दोहन करने का कार्य किया जा रहा हैं द्यअतिशीघ्र ऐसे भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेकना हैं। विदेशी महिला के साथ बलत्कार किया गया परन्तु अभी तक सरकार मुकदर्शक हैं।

## श्री राम कथा में उमड़ रही है भारी भीड़



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श नगर में आयोजित हो रहे सात दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ मे श्री राम कथा का आयोजन हो रहा है। जिसमें कथावाचक पंडित सुरेश शास्त्री द्वारा कथा वाचन किया जा रहा है । जिसे सुनने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। कथावाचक पंडित सुरेश शास्त्री के द्वारा भगवान राम की जीवनी व भगवान शिव के जीवनी पर कथा वाचन किया जा रहा है। वही श्री गिर्राज धरण रासलीला संस्थान एवं भक्ति चरित्र मंडल श्रीमद् भागवत कथा एवं भजन संध्या मथुरा की ओर से कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ में भंडारा की भी व्यवस्था की गई है जिसका प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। वही यज्ञ को सफल बनाने में अध्यक्ष राम दर्शन तिवारी,महामंत्री रवि सिंह,सचिव अखिलेश भोक्ता, मंदिर निर्माण समिति निर्मल सिन्हा, संयोजक रंजीत जायसवाल, महामंत्री प्रदीप गंझु, मंदिर समिति गजेंद्र चौबे,ि वनोद बिहारी गुप्ता, लालदेव गंझु, विनोद साव, दिलीप कुमार, विवेक सिंह,रंजय सिंह, अजीत ओझा, रामकुमार भगत,अनुज जायसवाल, अशोक साव, धनुषधारी गंझु, उपेंद्र साहू, शशि भूषण गुप्ता, दीपांशु कुमार, आशीष ओझा, रविंद्र गुप्ता, संजीव सिन्हा, रविंद्र सिन्हा, रति गंझु, अवधेश भगत, देवेंद्र सिन्हा, संजय प्रसाद, जगनारायण पाठक, सुनील पांडे, शंभू प्रसाद सिन्हा, संतोष यादव, रवि रजक, जितेंद्र कुमार, राजेंद्र साव, लालदीप कुमार, ललन सिंह, गोविंद यादव, बृजभूषण मिश्रा लाल, अरुण नाथ शाहदेव समेत कई लोग सरहणीय भूमिका निभा रहे हैं।

# उपायुक्त ने कारा सुरक्षा समिति की बैठक में दिए आवश्यक दिशा निर्देश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 4 मार्च 2024 को उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में कारा सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कारा सुरक्षा के मद्देनजर कारा में रखे गए कैदियों की संख्या, जेल भवन की वर्तमान स्थिति, सी.टी.वी, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, पेयजल, विद्युत सहित अन्य व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई एवं कारा सुरक्षा को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा मंडल कारा में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जानकारी लेते हुए सीसीटीवी कैमरा को सदैव क्रियाशील रखने का निर्देश दिया गया साथ ही कारा सुरक्षा संबंधित अन्य जानकारी ली गई एवं निर्देश दिया गया कि कारा सुरक्षा को लेकर पदाधिकारी पूरी तरह से सजग रहें। साथ ही सुरक्षा को लेकर पर्याप्त सुरक्षा बल की तैनाती समेत अन्य दिशा निर्देश दिया गया।बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, अपर समाहर्ता रामा रविदास, विशेष शाखा पुलिस उपाधीक्षक, लातेहार, कृषि पदाधिकारी, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कारा अधीक्षक लातेहार, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुदूरवर्ती इलाकों को प्रखंड मुख्यालय से जोड़ना हमारी प्राथमिकता : रामचंद्र सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोरवाईकला व मंगरा पंचायत में सोमवार को सम्मानित विधायक रामचंद्र सिंह ने सुदूरवर्ती इलाकों के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। जहां मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना मद से लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से दो पुल का निर्माण कार्य के साथ जिला परिषद मद से लगभग 56 लाख रुपए की लागत से एक पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जो ग्रामीणों के लिए लाइफलाइन पुल है जिसका भूमि पूजन विधायक ने विधिवत नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाका, गांव जो अबतक मूलभूत सुविधाओं से कोसों दूर है उन्हें पुल, सड़क के माध्यम से मुख्य सड़क और प्रखंड मुख्यालय तक जोड़ने की कोशिश और हमारी प्राथमिकता में है। उन्होंने कहा कि वर्षो पूर्व हमने सैदूप में पुल बनवाया था, आज हमारी कोशिश से इस पुल का निर्माण कार्य शुरू किया गया है जो आवागमन के लिए सुखदाई होगा साथ ही यह छिपादोहर नगर को भी जोड़ता है। कहा कि हमने वन विभाग से बात किया है वह जंगल के रास्ते को दुरुस्त करे वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशिम रेखा मिंज व पंचायत के मुखिया आशीष कुमार सिंह से अनुरोध किया है कि गांव के सड़कों में मुरम डलवा दिया जाए। मौके पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर जिला परिषद मद से पुल निर्माण कार्य पर शिलापट्ट नहीं रहने पर भड़क उठी उन्होंने विभाग के अभियंता पर लापरवाही का आरोप लगाया । वहीं ग्रामीणों ने पुल निर्माण कार्य स्थानीय मजदूरों से काम कराने, स्थानीय ग्रामसभा द्वारा चयनित निगरानी समिति की देखरेख में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग विधायक से रखी है। मौके पर थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के साथ सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

## झोलाछाप चिकित्सक ने महिला का किया ऑपरेशन, हुई मौत, हंगामा



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरियातू प्रखंड में संचालित मां उग्रतारा नर्सिंग होम में सोमवार को बरियातू निवासी विनोद यादव की पत्नी संगीता देवी 25 वर्ष का गलत इलाज के कारण मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना पाकर बरियातू थाना प्रभारी राजा दिलावर दलबल के साथ नर्सिंग होम पहुंचकर घटना की जानकारी ली। परीजनों ने बताया कि संगीता देवी का प्रसव पीड़ा होने के बाद शनिवार को बरियातू उप-स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेफर किया गया। बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जाच कर उसे रिम्स ले जाने की सलाह दी।विनोद यादव अपनी पत्नी को लेकर मां उग्रतारा नर्सिंग होम पहुंचे जहां झोलाछाप चिकित्सक द्वारा बिना एनेस्थीसिया के ही सिजेरियन ऑपरेशन कर दिया। इसके बाद रविवार को संगीता देवी की स्थिति गंभीर हो गई।मामला बिगड़ता देख अस्पताल संचालक द्वारा संगीता देवी को बाहर ले जाने की सलाह दी। उसके बाद परिजन उसे रांची के अस्पताल ले जाने के क्रम में संगीता देवी की मौत हो गई ।सोमवार को संगीता देवी के परिजन अस्पताल पहुंचकर जमकर हंगामा किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिले के सभी प्रखंडों में किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला अध्यक्ष के निर्देश पर सोमवार को जिले के लातेहार हेरहंज, बालुमाथ, बरवाडीह बारियातू सहित सभी प्रखंडों में एक दिवसीय धरना दिया गया। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद ने की। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी चंदवा जिप सदस्य सरोज देवी ने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार से राज्य की जनता त्रस्त है।राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है।सरकारी कार्यालयों मे कोई भी काम बिना रूपया दिये नही होता है।अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष श्री प्रसाद ने कहा कि गरीब लोगों के लिए दिये जाने वाला अबुवा आवास में अवैध रूपया की वसूली हो रही है। डीएमएफडी की राशि को सरकारी पदाधिकारी अपना चारागाह बना लिये है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कल्याणी देवी ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है। पिछले दिनो में राज्य में विदेशी महिला के साथ दुष्कर्म की घटना ने झारखंड को शर्मशार कर दिया है। प्रखंड प्रमुख परशुराम लोहार ने कहा कि वर्तमान सरकार में पंचायत के जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान नहीं दिया जा रहा है। ओबीसी मोर्चा के जिला महामंत्री विष्णु गुप्ता ने कहा कि राज्य के युवा, किसान व आदिवासी परेशान है।पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हर वर्ष पांच लाख युवाओं को राजगार देने का वादा किया था जो खोखला साबित हो गया। कार्यक्रम का संचालन पिंटू कुमार रजक व धन्यवाद ज्ञापन प्रखंड महामंत्री अवधेश चंद्रवंशी ने किया। धरना के बाद राज्यपाल को संबंधित मांग पत्र अंचल अधिकारी को सौंपा गया। मौके पर विशिष्ट अतिथि जिप अध्यक्ष पूनम देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कल्याणी पांडेय ओबीसी जिला महामंत्री विष्णुदेव गुप्ता उप प्रमुख राजकुमार प्रसाद, अनील सिंह, शिव शंकर प्रसाद, राजू कुमार, सुनीता देवी, हरिओम प्रसाद, संजय सिंह, दीपक प्रसाद, अमित कुमार, पप्पू नायक, मोहन सिंह, शिव शंकर सिंह, राजू सिंह, केदार यादव, संदीप कुमार सिंह, सुरेंद्र बैठा, आलोक कुमार अकेला, निखिल कुमार सिंह, त्रिपुंजय राम, दुर्गावती देवी, उर्मिला देवी, अनु देवी व रिशु देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राज्य में भ्रष्टाचार और जेएसएससी के पेपर लिक मामले पर भाजपा ने दिया धरना




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** भाजपा प्रदेश कमिटी के निर्देश पर सोमवार को मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के नेतृत्व में राज्य में फैले भर्ष्टाचार और जेएसएससी पेपर लिक मामले के खिलाफ सोमवार को ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमे प्रभारी मुकेश सिंह, जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। धरना कार्यक्रम के पूर्व पार्टी नेताओं ने पुराने ब्लॉक परिसर से विरोध मार्च निकलते हुए राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजे करते हुए नगर भ्रमन कर प्रखंड परिसर पहुँच कर धरने पर बैठक गए और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली। कार्यक्रम के प्रभारी मुकेश सिंह ने कहाँ कि राज्य की गठबंधन सरकार ने पुरे राज्य की जनता को भर्ष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी, भुखमरी के मुँह पर लाकर खड़ा कर दिया है। जिसके खिलाफ हमारी पार्टी राज्य के जनता के हक और अधिकार को लेकर अब उग्र आंदोलन कर राज्य की जनता को गठबंधन के लूट और अपराध के कारनामो को बताने का काम कर रही हैं। मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन ने कहा कि गठबंधन सरकार राज्य की सम्पति को सीधे तोर पर लूट रही है। इस दौरान राजयपाल के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को माँग पत्र सौपा गया। मौके पर प्रमुख सुशीला देवी उप प्रमुख वीरेंद्र जयसवाल विबेक सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सखीचंद प्रसाद, भाजपा महिला नेत्री रुपाली सिंह, कालो देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज यादव, पारस जयसवाल, उपेद्र प्रसाद, सतीश यादव, समेत काफ़ी सख्या में पार्टी नेता कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## संदेशखाली घटना को लेकर अभाविप ने चलाया हस्ताक्षर अभियान

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लातेहार के द्वारा गांधी इंटर महाविद्यालय में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् झारखंड के प्रांत जनजाति छात्र कार्य प्रमुख व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने बताया कि पश्चिम बंगाल में हुए कुकर्म जैसी घटनाओं को अंजाम देने के बावजूद भी वहां कि सरकार के प्रशासन मौन है।

# भाजपाइयों ने किया एकदिवसीय धरना प्रदर्शन









**विष्णुगढ़ :** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ के दोनों मंडलो ने संयुक्त रूप से प्रखण्ड मुख्यालय परिसर में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार वर्तमान झारखंड सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी सरकार के खिलाफ आज 04 मार्च 2024 को एकदिवसीय धरना दिया गया। आयोजित धरने की अध्यक्षता पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने तथा संचालन पूर्वी मंडल अध्यक्ष नारायण महतो ने किया। धरना कार्यक्रम प्रभारी रंजीत कुमार सिन्हा,सह-प्रभारी सुरेश प्रसाद की उपस्थिति में धरने ऊर्जा दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान चम्पई सोरेन की सरकार और पूर्व में हेमन्त सोरेन की सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबी है।झारखंड की खनिज संपदाओं को बेतहाशा लुटा जा रहा है।सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के कोई काम नही होता,जिससे आम-जन इस सरकार से त्रस्त हो गई है।करीब दस हजार करोड़ के घोटाले की जाँच में फँसे हेमंत सोरेन अपनी गिरफ्तारी पर ड्रामा कर रहे,इस पर उदाहरण देते हुए रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा अगर मैं चोरी करता हूँ,और थानेदार मुझे गिरफ्तार करें तो मैं केंद्र सरकार को दोषी ठहराऊंगा ये कहा से तथ्यपरक होगी ।जेएसएससी तथा सीजीएल के पेपर लीक होने से कई युवाओ का भविष्य अंधकार में डूब गया है। सह-प्रभारी सुरेश प्रसाद ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि वर्तमान झारखण्ड की सरकार सत्ता में आने के पूर्व जनता से किये वादे भूल गई जैसे प्रत्येक वर्ष 5 लाख युवाओ को नौकरी,3 लाख का आवास जिसमे पूरा परिवार रह सके,गैरमजरूआ भूमि के रशीद काटने,5000 की बेराजगारी भत्ता समेत कई घोषणा की गई थी,जिसमे एक भी पूरा नही हो सका।सरकार चार वर्ष पूरा कर चुकी है,और जनता का हाथ खाली है। इस मौके पर साँसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद,सुशील कुमार मंडल,पूर्व मंडल अध्यक्ष डोमन प्रसाद गुप्ता,मंडल उपाध्यक्ष महादेव मंडल,उमा देवी,महामंत्री प्रकाश साव,मंत्री निर्मल कुमार,राजेश सोनी,संतोष कुमार महतो,महेंद्र कुमार महतो,अंजू देवी,सविता देवी,सोनी देवी,ममता देवी,मुन्नीलाल महतो,गोविंद महतो,तुलसी सिंह,नागेश्वर महतो,कौलेश्वर महतो,फूलचंद महतो,बासुदेव महतो,अशोक मंडल,कन्हाई यादव समेत सैकड़ो की सँख्या में कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण शामिल थे।

**बड़कागांव :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में झारखंड सरकार के खिलाफ भाजपाइयों ने राज्यव्यापी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। राम जानकी मंदिर से भाजपाइयों तख्तियां और बैनर के साथ ने जुलूस निकाल कर बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। जुलूस प्रखंड मुख्यालय में धरना में तब्दील हो गया। उक्त धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता उरीमारी बड़कागांव मंडल खेमलाल महतो एवं संचालन बड़कागांव पश्चिम मंडल महामंत्री इंद्र भूषण के द्वारा किया गया। आयोजित धरना में भाजपाइयों ने झारखंड में पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई से कराने, वर्तमान सरकार के सभी विभागों में अवैध वसूली जैसे गलत तरीके से खनन कार्य, लुट खसोट, हत्या, बलात्कार, भूमाफियाओं एवं बिचौलियों का बोलबाला एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद किया। सभा का धन्यवाद ज्ञापन नरसिंह प्रसाद के द्वारा किया गया। धरना प्रदर्शन के पश्चात भाजपाइयों ने राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन सौप कर मांगों को रखा। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि सरकार में लुट खसोट अफसर की मनमानी काफी बढ़ गई है। झारखंड में लोग लोग अपराधियों के शिकार हो रहे हैं क्राइम का ग्राफ काफी बढ़ गया है। मौके पर मुख्य रूप से पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, कार्यक्रम प्रभारी सह विधानसभा सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, पुर्व प्रमुख टुकेश्वर प्रसाद, किसान मोर्चा अध्यक्ष त्रिवेणी महतो, अनीता देवी, पालक प्रभारी डॉक्टर बालेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधि बेचन साव, श्रीकांत निराला, रामपति राम, मनीष पांडे, महामंत्री दिनेश करमाली, शिव शंकर उर्फ शिबू ,सुमन गिरी, इन्द्र भुषण, नरसिंह प्रसाद, उपाध्यक्ष अशोक साव, किशोर राणा, मोहन साव, अवधेश मिश्रा, जागेश्वर तुरी देवंती देवी, कृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, अरुण मालाकार, अवध किशोर यादव, सेवंती कुमारी, जुगेश बेदिया, राजेश ठाकुर, रामेश्वर चौरसिया, गोपाल प्रजापति, त्रिवेणी महतो, अनुज यादव, नरेश साव, सुमित्रा देवी, स्वरूप नारायण, भगीरथ ठाकुर, बिनोद तुरी, मनोज प्रभाकर सत्यजीत विद्या अलंकार, समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**बरही :** राज्य सरकार की गिरती कानून व्यवस्था, अराजकता एवं लूट पाट के खिलाफ राज्यव्यापी सांकेतिक धारना प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को प्रदेश सह जिला के निर्देशानुसार भाजपाइयों ने बरही प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता बरही पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अमित साहू व संचालन भाजपा एस.सी. मोर्चा मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक ने किया। धरना प्रदर्शन के दौरान भाजपाइयों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और कोसा। धरना को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में बड़े पैमाने पर निरंतर कानून व्यवस्था गिरती जा रही है। आदिवासी युवा, महिला, व्यापारी वर्ग के लोग सुरक्षित नहीं है। जेएसएससी 2024 के परीक्षा में 7 लाख विद्यार्थी सरकार के क्रियाकलाप से आहत है।सरकारी अफसरशाही एवं लापरवाही से इनके प्रश्न पत्र लीक कर दिया गया है। जिससे झारखंड के विद्यार्थियों की भविष्य अंधकार में कर दिया है। आदिवासी बहु बेटियां के साथ बलात्कार घटना में बढ़ोतरी हुई है। दिन दहाड़े हत्या, फिरौती, डकैती, छिनतई, चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। राज्य की खनिज संपदा कोयला, बालू, पत्थर के लूट के कारण राज्य विकाशशील में बाधक बनकर सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। यदि सरकार सावधान न हुई तो पार्टी आगामी कार्य सड़क से सदन तक आंदोलन करने को बाध्य होगी। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष पूर्वी बंधन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बरही पश्चिमी दिनेश साव, एससीमोर्चा के मंडल अध्यक्ष नागेश्वर कुमार रजक, सांसद प्रतिनिधि डोमेन पण्डेय, ओबीसी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, पूर्वी मंडल उपाध्यक्ष नंदलाल प्रसाद, पश्चिमी मंडल उपाध्यक्ष उपेंद्र नारायण, धनवार पंचायत के उप मुखिया दामोदर प्रसाद वर्मा, मनोज कुमार साहू, बालेश्वर यादव, विकास यादव, रघुनाथ मोदी, रामस्वरूप पासवान, रामजी राणा, नरेश यादव, वीरेंद्र सिंह, गगन निषाद, नरेश प्रजापति, हरि प्रसाद गुप्ता, राजकुमार प्रसाद केसरी, मनोज कुमार राणा, अर्जुन यादव, सचिन यादव, सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।



**चरही :** चुरचू प्रखंड मुख्यालय के समीप भारतीय जनता पार्टी द्वारा एक दिवसीय सांकेतिक धरणा देते हुए राज्य में बदहाल सरकारी व्यवस्था, बडे पैमाने में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं निरंतर गिरती कानून व्यवस्था, आदिवासी युवा, महिला, किसान, व्यापारी विरोधी इस सरकार के विरोध में प्रखंडों में सांकेतिक धरणा देकर ज्ञापन के माध्यम से अपना विरोध प्रकट करती है तथा प्रमुख बिन्दुओं पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना अनिवार्य समझती है। झारखंड सरकार की लचर एवं गलत निती से जनवरी माह में सम्मपन हुई छ्वस्स्ष्ट 2024 की परीक्षा जिसमें राज्य भर के सात लाख विधार्थीयों द्वारा भाग लिया गया चिन्तु सरकारी अफसर शाही एंव लापरवाही के कारण इसके प्रन्न पत्र को लीक कर दिया गया यह घोर लापरवाही झारखंड सरकार की किन नाकामियों का सबूत है जिसने राज्य के बच्चों के भविष्य अंधकार मे है। धरना में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह, चोलेश्वर महतो,बालेश राम, अनिल कुमार साव,जगदीश यादव,संदीप एक्का,विना मिश्रा, सुनीता देवी , सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




**दारू :** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार दारू मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय सांकेतिक धरणा दिया। इस धरना कि अद्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने किया। बीडीओ मनीष कुमार के अनुपस्थिति में ज्ञापन कार्यालय प्रभारी दिग्विजय सिंह को सौंपा गया।भाजपा के द्वारा सौंपा ज्ञापन में कहा है कि राज्य में बदहाल सरकारी व्यवस्था,बडे पैमाने में व्याप्त भ्रष्टाचार एंव निरंतर गिरती कानून व्यवस्था,आदिवासी, युवा,महिला,किसान,वव्यापारियों का विरोधी है। साथ ही साथ जनवरी माह में जेएसएससी द्वारा अयोजित सीजीएल 2024 की परीक्षा का पेपर लीक होना बड़ा दुर्भाग्य की बात है।इसमें राज्य भर के सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे। पेपर लीक करवाना राज्य के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करना है। राज्य में व्याप्त राज्य मे लचर कानून व्यवस्था चिन्ता का विषय लगातार बना हुआ हैं अपनी आदिवासी बहन-बेटीयों के साथ बलात्कार की घटनाओ की बढ़ोतरी दिन दहाड़े हत्या,छिनतई,फिरौती डकैती,चोरी,गैंगवार की घटना ।

## पंचतत्व में विलीन हुए बरही के वरिष्ठ पत्रकार ए.पी. प्रधान

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही के वरिष्ठ पत्रकार आनंद प्रसाद प्रधान का निधन रविवार दोपहर 12 बजे रांची के एक निजी अस्पताल में हो गया। जिसका अंतिम संस्कार कार्य सोमवार दोपहर 11 बजे बरसोत स्थित श्मशान घाट में किया गया। जिससे बरही प्रखंड के पत्रकारिता जगत के एक मजबूत स्तंभ पंचतत्व में विलीन हो गया। उनके अंतिम संस्कार कार्य में राजनीतिक व सामाजिक कार्यकर्ता के अलावा पत्रकार संगठन के कई लोग बरसोत स्थित उनके पैतृक आवास पर पहुंचे। इससे पूर्व पत्रकार प्रधान के निधन की खबर पाकर बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, प्रेस क्लब के कई पदाधिकारी रविवार को ही बरसोत पहुंचकर स्व. प्रधान के शरीर का अंतिम दर्शन किए। स्व. प्रधान एक निडर, साहसी एवं बेबाक पत्रकार थे। वे पत्रकारिता अपनी शौक से करते थे, यही कारण था कि उनके मन में किसी प्रकार का लोभ लालच नही था, उनके मन में किसी के प्रति कोई दुर्भावनाए भी नहीं थी। जिससे मिलते हंस कर मिलते और अपनी बांतो एवं व्यवहार से उसे अपना बना लेते, यही सब चीजे याद कर उनका शव उठाते लोग भावुक हो उठे। उनके परिवार जनों पर दुखो का पहाड़ टूट पड़ा है। मौके पर झामुमो नेता बिनोद विश्वकर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, भाजपा नेता रंजीत चन्द्रवंसी, विहीप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता,व्यवसायी संघ अध्यक्ष कपिल केशरी, धनवार मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार जावेद इस्लाम, दीपक पाठक, स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि विष्णुधारी महतो, पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि देवनंदन यादव, प्रकास साव, बिनोद प्रसाद, छोटी भुइयां, स्थानीय पत्रकार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## साक्ष्य के अभाव में आचार संहिता उलंघन मामले में बरी हुए टुन्नू गोप

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह लोक सभा चुनाव संचालन समिति जिला संयोजक टुन्नु गोप पर वर्ष 2014 के लोक सभा के चुनाव में आचार संहिता के मामले में बड़कागांव में सार्वजनिक संपत्ति अधिनियम वाद पर मुकदमा दायर हुआ था, मामला बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत साढ़ पंचायत के अंतर्गत सरकारी संपत्ति पर पोस्टर लगाना और झंडा लगाए जाने का आरोप था। उस वक्त तात्कालिक जिला अध्यक्ष टुन्नु गोप पर आचार संहिता के उलंघन का मामला दर्ज हुआ था, जो वर्ष 2014 से लंबित चल रहा था। न्यायिक दंडाधिकारी सृष्टि कुमारी हजारीबाग के न्यायालय से साक्ष्य के अभाव में सोमवार को दोष मुक्त किया गया। इस मामले को अधिवक्ता प्रमोद कुमार सिंह,राणा राहुल प्रताप और अजय कुमार ने बचाव पक्ष के अधिवक्ता के रूप में पक्ष रखा।उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा जी के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दी है।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस में आयोजित वार्षिक खेलकूद का समापन सोमवार को किया गया। बता दें कि इस खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें फुटबॉल में साइंस एंड मैनेजमेंट विभाग की टीम ने बाजी मारी तो क्रिकेट में विज्ञान विभाग ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल और कबड्डी में मैनेजमेंट विभाग विजेता बना। वहीं 100 मीटर दौड़ के पुरूष वर्ग में हरभजन यादव, राहुल कुमार व रोहित क्रमशः प्रथम, द्वीतिय व तृतीय स्थान पर रहे जबकि महिला वर्ग में सुगंधी, पूजा और राजमणि क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे पायदान पर रहे। शॉर्टपुट और डिस्कस थ्रो में ओम सिंह ने जीत दर्ज की जबकि जेवलिन थ्रो में प्रेम कुमार और टेबल टेनिस में अर्निश कुमार को विजेता घोषित किया गया। कैरम में छात्रों में विशाल और छात्राओं में साक्षी गुप्ता विजयी पताका लहराया। समापन के मौके पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद भी जरूरी है।

## विधायक अंबा प्रसाद ने 5 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले उच्चस्तरीय पुल का किया शिलान्यास

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** ग्रामीण विकास विभाग मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के बादाम पंचायत ग्राम राउत पारा से बादाम के बीच स्थित बदमाही नदी पर पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद, जिप सदस्य सुनीता देवी एवं मुखिया सुनीता देवी ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। लगभग 5 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कार्य होगा। पुल के निर्माण होने से ग्राम राउत पारा, कुतुल्वा, कालोनिया, और हड़हड़वा के ग्रामीणों को बरसात के दिनो में आवागमन में कोई कठिनाई नहीं होगी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने संवेदक को निर्देश दिया के गुणवत्तापूर्ण पुल का निर्माण होना



चाहिए ताकि सालो साल ग्रामीण पुल का लाभ उठा सके। उन्होंने कहा के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के सहयोग से ये इस उच्चस्तरीय पुल का निर्माण होना सुनिश्चित हुआ है। जनता का ही आशीर्वाद है के आज मैं जानता को समस्या को विधानसभा में रख पा रही हूं। आज चाहे विस्थापन का समस्या हो या बड़कागांव के विकास का मामला हो बेबाकी से मैं अपनी बात विधानसभा के पटल पर रख रही हु। इसी का परिणाम है के आज बड़कागांव के एक एक गांव को सड़क से जोड़ने का काम किया जा रहा है। जहां पुल की आवश्यकता है वहा पे पुल का निर्माण हो रहा है। अभी विकास की कई योजनाएं बड़कागांव में चल रही है जिससे निश्चित रूप से बड़कागांव के लोगों को लाभ होगा। मौके पर पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास ने कहा के 75 सालों के लंबे इंतजार के बाद पुल निर्माण का शिलान्यास होने से लोगों के मन की मुराद पूरी हो रही है। स्थानीय विधायक होने का यही लाभ होता है। आज लोग काफी खुश हैं इसका श्रेय विधायक अंबा प्रसाद को जाता है। मौके पर मुख्य रूप से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, वरिष्ठ कांग्रेसी जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, जमाल सगीर, करीम साव, त्रिलोकी साव, जुबेर खान, विक्रम गुप्ता, अहमद उल्लाह, गोविंद महतो, संतोष कुशवाहा, शारिक अशरफ, अर्जुन साव सहित सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बिरहोर परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करे प्रशासन : सुरजीत

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केरेडारी के पगार गांव में ऋतिक माइंस के नजदीक बिरहोर कॉलोनी में कुछ दिन पहले एक बच्चे की मृत्यु हुई थी। इसी संदर्भ में सोमवार को जिले के उपायुक्त को एक ज्ञापन राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के बैनर तले प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने सौपा। ज्ञापन में श्री नाग वाला ने इंगित करते हुए कहा की लिखा है कि जब उनकी टीम घटनास्थल पर पहुंची तो पाया कि जिस बिरहोर बच्चे की मृत्यु हुई है उसका घर माइंस से मात्र 50 मीटर की दूरी पर है।जिस कारण पूरा बिरहोर परिवार प्रदूषण में रहने के लिए विवश है।धूल गर्दा से लोग त्रस्त है और यही कारण है कि लोग बीमार पड़ रहे हैं यहां तक की माइनिंग में जो ब्लास्टिंग होता है उससे भी बहुत से घरों में दरार आ गया है।अगर जल्द ही इस पर कोई उपाय नहीं किया गया तो और भी जाने जा सकती है। इसी संदर्भ में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस ने उपायुक्त से आग्रह किया है कि जल्द ही उनके पुनर्वास की व्यवस्था हो उन्हें बेहतर सुविधा मिले और माइनिंग क्षेत्र से हटाकर उन्हें व्यवस्थित किया जाए और इसके लिए ऋतिक माइंस को भी दंडित किया जाए, यहां एक और झारखंड सरकार बिरहोरों को संरक्षित करने का काम कर रही है वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी और रितिक माइंस के द्वारा इस तरह का किया गया कृत्य क्षमा योग्य नहीं है।कहा गया कि सभी राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के लोग बहुत जल्द ही इस मामले को लेकर सूबे के मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी बातों को रखेंगे ।

## भारत माता चौक पर हुआ कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्थानीय भारत माता चौक पर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी कल्पना सोरेन का रांची से गिरिडीह जाने के क्रम में सोमवार को स्वागत किया गया।बताते चलें कि सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्थापना दिवस पर गिरिडीह में हुए समारोह से श्रीमती सोरेन राजनीति में विधिवत पदार्पण की हैं।भारत माता चौक पर उनके स्वागत के लिए हजारीबाग के विभिन्न प्रखंडों से आए झामुमो के सैकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता अपनी नेत्री के स्वागत में खड़े देखे गए। स्वागतकर्ताओं में झामुमो के केंद्रीय सचिव सह जिलाध्यक्ष संजीव बेदिया,यासीन अंसारी, नजरूला अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद इकबाल, मो जमालुद्दीन, लाल खान, तराना प्रवीण, नजराना प्रवीण,मंगल तुरी, शंभू ठाकुर. कार्यक्रम में जिला श्रमिक संघ के सचिव सह बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष सह संजय सिंह, कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष श्रमिक संघ के जिला अध्यक्ष राजा मोहमद, नईम राही,बालकुमार महतो,निसार अहमद, संजय पासवान अंसारी, नजरूला अंसारी, तबारक अंसारी, शाहिद इकबाल सहित कई कार्यकर्त्ता थे

## नारी शक्ति बंदन यात्रा आज तैयारी पूरी : विवेकानंद सिंह


**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मिशन 4सौ के पार पीएम मोदी की मैराथन दौड़, सोमवार को देश के सभी जिला मुख्यालयों में महिलाओं के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इसके तहत हजारीबाग जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका साहू के नेतृत्व में गैर राजनीतिक मोदी नारीशक्ति बंदन मैराथन दौड़ सुबह 8 बजे झील परिसर का चक्कर लगाकर पूरा किया गया।आज मंगलवार को महिलाओं द्वारा शक्ति बंदन यात्रा निकाली जाएगी । साथ ही प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में जहां देश का चहू मुखी विकास हुआ है ।वहीं हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की गई है ।फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 4सौ पार का नारा बुलंद करते हुए ,सखी निर्माण कार्यक्रम के तहत हर बूथ स्तर पर पांच-पांच महिलाओं को जोड़ना है। पीएम मोदी के मैराथन दौड़ के तहत 7 दिन में 8 राज्यों का तूफानी दौरा होगा। यह दौरा 4 मार्च से 7 मार्च के बीच किया जाएगा ।जिसमें तेलंगाना ,तमिलनाडु, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल और जम्मू कश्मीर मुख्य राज्य है। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ,प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता ,भैया अभिमन्यु प्रसाद ,जिला मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणुका साहू , रामकिशोर सावंत ,विनोद झुनझुनवाला , दिलीप साहू ,सत्यभामा, मंजू मिश्रा ,सुशीला देवी, विनीता पासवान समेत कई अन्य उपस्थित हुए।

## एनटीपीसी आईटीआई में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह समारोह का शुभारंभ



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनटीपीसी के तत्वाधान से संचालित मैती बड़कागांव आईटीआई में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4 मार्च को शुरू किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक खनन सह खान प्रबंधक पकरी बरवाडीह एनटीपीसी के अरविंद कुमार सिंह के हाथों किया गया। जिन्होंने सतत विकास और कॉर्पोरेट जिम्मेदारी को आगे बढ़ाने में सुरक्षा के महत्व पर जोर दिया। उद्घाटन समारोह ने उद्योग जगत के कर्मचारी, सुरक्षा पेशेवरों और हितधारकों को सभी क्षेत्रों में सुरक्षा प्रथाओं को बढ़ाने पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ लाया गया। अरविंद कुमार सिंह ने एक प्रेरक के रूप में लोगों को जागरूक किया। श्री सिंह ने कहा सुरक्षा सिर्फ एक प्राथमिकता नहीं है यह एक मुख्य मूल्य है जो संगठनात्मक सफलता के हर पहलू को रेखांकित करता है। जैसा कि हम ईएसजी उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं, सुरक्षा नेतृत्व सर्वोपरि हो जाता है, जिम्मेदारी, लचीलेपन की संस्कृति को बढ़ावा देता है। मिथलेश उपाध्याय प्रिंसिपल एमएआईटीआई ने सुरक्षा और स्थिरता एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए अरविंद कुमार सिंह और सभी प्रतिभागियों को उनकी सक्रिय भागीदारी और अटूट समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदीप कुमार कार्यक्रम संचालक, अमरेश विद्यार्थी, विकास चौरसिया, मुकेश कुमार, तरुण रंजन, संदीप मौर्य, इरफान अंसारी, शाहिद अख्तर, संजीत मेहता, उपेंद्र कुमार, श्रीनाथ श्री, रवि कुमार, सुनील कुमार उपस्थित थे।

## बरही एसडीओ व बीडीओ ने बूथों का किया भौतिक सत्यापन



**बरही :** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू है। सोमवार को एसडीओ जोहन टुडू व बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने #Iamverifiedvoter अभियान और बूथ का भौतिक सत्यापन किया। इस दौरान एसडीओ व बीडीओ ने जीतपुर बूथ संख्या 348, कुटमा बूथ संख्या 49 का जायजा लिया। वहीं बीडीओ ने धनवार बूथ संख्या 58,59,60 व करियातपुर बूथ संख्या 361, 62,63 64 का जायजा लिया। इस दौरान लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर लेने को कहा गया। यदि जिन मतदाताओं को सूची में नाम नहीं चढ़ा है,उसे अपना नाम चढ़ा लेने को कहा गया। साथ ही बताया कि वोटर हेल्प लाइन एप डाउन लोड करके अपना नाम मतदाता सूची में नाम स्वयं चेक कर सकते हैं या फिर मतदाता पहचान पत्र के लिए अप्लाई कर सकते हैं। मौके पर क्षेत्र के संबंधित बीएलओ मौजूद थे।

## विधायक अंबा का लगा जनता दरबार

**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस स्थित विधायक आवासीय कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के विभिन्न गांव से अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर सैंकडो ग्रामीणों ने अपनी समस्या को विधायक के समक्ष रखे। जिसे विधायक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग के पदाधिकारी से संपर्क कर



समस्याओं का निष्पादन करने का काम किया। इस दरबार में विगत 24 फरवरी को एनटीपीसी साइडिंग में कार्य करने के दौरान बसंत ठाकुर नामक मजदूर की मृत्यु हो गई थी। जिसे आरबीटीआर कंपनी के द्वारा एकरारनामा किया गया था कि परिजनों को मुआवाजा के रूप में 16 लाख रूपया दिया जाएगा। लेकिन, कंपनी के द्वारा टाल मटोल किया जा रहा था। मृतक बसंत ठाकुर के मामा अशोक ठाकुर ने विधायक अंबा प्रसाद के पास इन समस्याओं को लेकर जनता दरबार में पहुंचे। जिसे विधायक ने कड़ा एक्शन लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए एनटीपीसी के सीईओ से संपर्क कर तुरंत 2 घंटे के अंदर बकाया पैसा मृतक बसंत ठाकुर की मां रेखा देवी के खाते में साढे 13 लाख रुपए का भुगतान करवाया गया। वहीं मृतक की मां और मामा ने विधायक का आभार प्रकट किये। मौके पर पतरातू प्रखंड विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,जयंत तुरी,अंजन प्रसाद, कमलेश कुमार,हरिदास साव,रमेश बेदिया,योगेंद्र सिंह खरवार,प्रदीप साव,रामा ठाकुर,संजय शर्मा,जय सिंह,अशोक प्रसाद,सकरुला अंसारी,अजय पासवान,विजय सोनी एवं सैंकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ ब्लॉक परिसर में भाजपा के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राज्य में नौजवानों कि भविष्य के साथ खिलवाड़ ,व्याप्त भ्रष्टाचार , गिरती कानून व्यवस्था ,आदिवासी युवा, महिला ,व्यापारी, किसान, विरोधी सरकार के खिलाफ,रामगढ़ ब्लॉक परिसर में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया?। रामगढ़ जिला अंचल कार्यालय में केंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो एवं प्रभारी अखिलेश प्रसाद



के द्वारा , अंचल अधिकारी को ज्ञापन दिया गया।यह धारणा भारतीय जनता पार्टी के रामगढ़ कैंट अध्यक्ष शिव कुमार महतो की अध्यक्षता में की गई इस कार्यक्रम के प्रभारी भाजपा के उपाध्यक्ष अखिलेश प्रसाद थे। कार्यक्रम के संचालन महामंत्री ऋषिकेश सिंह जी, एवं समापन की घोषणा सूर्यवंश श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह, जिला मंत्री बसुध तिवारी, विजय जयसवाल,रंजीत पांडे, भोला कुशवाहा , मनोज जयसवाल जिला मीडिया प्रभारी भीमसेन चौहान आईटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनू धीरज साहू, सोशल मीडिया प्रभारी संतोष कुमार शर्मा, शीतल सिंह संतराज पासवान, ललन सिंह, रोबिन गुप्ता, महेश चौधारी, अनमोल सिंह,मुख्य रूप से मौजूद थे।

## चेक डैम निर्माण से दर्जनो गांव के किसानो को मिलेगी सिंचाई की बेहतर सुविधा : विधायक सुनीता

**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: रामगढ़ विधानसभा के गोला क्षेत्र अंतर्गत लेवाटांड़ के पास हीर नाला में 54 लाख की लागत से चेक डैम का शिलान्यास किया गया जबकि अन्य दूसरे स्थल पर 51 लाख की लागत से रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी द्वारा पूजा अर्चना कर शिलापट्ट का अनावरण कर विधिवत रूप से शिलान्यास किया इस दौरान विधायक ने कहा कि चेक डैम बनने से पास



पड़ोस के दर्जनों गांव के किसानो को सिंचाई हेतु लाभ मिलेगा तथा सालों भर जल जमाव रहेगा जिससे किसानों को खेती बारी करने में बेहतर सुविधा मिलेगी, रामगढ़ विधानसभा का विकास हर संभव विकास करना हमारा लक्ष्य है, ग्रामीण क्षेत्रों में पानी बिजली शिक्षा सड़क स्वास्थ्य एवं शिक्षा संबंधी मूलभूत सुविधाएं जनहित के लिए धरातल पर उतारने का प्रयास निरंतर करती रहूंगी,रामगढ़ के विकास में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं होगी, पूरे क्षेत्र का सर्वांगीण विकास किया जाएगा एवं सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का प्रयास करते रहूंगी तथा जनता को सुख-दुख में हमेशा साथ देने का काम करूंगी, इस मौके पर आजसू केंद्रीय सदस्य अमृतलाल मुंडा,गोला प्रखंड प्रमुख गीता देवी जिला परिषद सदस्य सरस्वती देवी, आजसू पार्टी के रामगढ़ जिला कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश महतो, नित्यानंद महतो सुशीला देवी, सरिता देवी, लाभुक समिति के संवेदक सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## कौशल योजना के तहत जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के तहत जागरूकता वाहन को सोमवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कौशल रथ सभी प्रखंडों में घूम घूमकर युवाओं को योजना से जुड़ी महत्पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराएगा। योजना के तहत युवाओं और बेरोजगारों को बेहतर भविष्य और रोजगार प्रदान करने के लिए निःशुल्क रोजगार परत प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं। जैसे वेल्डिंग, नर्सिंग, स्व्ह, (सीविंग मशीन ऑपरेटर), नर्स असिस्टेंट, सहायक इलेक्ट्रिशिन, रीटेल सेल एसोसिएट, लॉजिस्टिक्स इत्यादि में वह अपना भविष्य बना सकते है । इस योजना का लाभ सभी तरह के युवाओं जो 18 से 45 साल के बीच के है उठा सकते है।। कुछ क्षेत्रों में निरक्षर भी प्रशिक्षण लेकर रोजगार से जुड़ सकते है। इसमे ज्यादा प्रशिक्षित होना ज़रूरी नही हैं 5 वी, 10 वीं 12 वी तक के पढ़े लिखे युवा भी इससे जुड़कर अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। उक्त अवसर पर उप विकास आयुक्त, नजारत उप समाहर्ता, डीपीएम जेएसएलपीएस सहित अन्य उपस्थित थे।

## कोयलांचल अरगड्डा- सिरका से अधिक रामगढ़ में वर्षा पानी, सड़कों बगल भरा जल


**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: कोयलांचल अरगड्डा- सिरका समेत आस-पास के क्षेत्र में दोपहर 2 बजे के बाद काले बादलों ने बरसना आरंभ किया। जबकि शहर रामगढ़ में 20 मिनट से अधिक जोरदार वर्षा हुई। जिससे मुख्य सड़कों पर पानी भर आया। सब्जी लगाए दुकानदारों के सब्जियों में पानी भर आया। अस्त-व्यस्त की स्थिति उत्पन्न हो गई। बतलादे कि बीते



रात्रि भी अरगड्डा क्षेत्र एंव अगल बगल के इलाके में वर्षा हुई थी। इसे लेकर कहीं से भी अप्रिय घटना की खबर नहीं प्राप्त हुई हैं।

## राधा गोविंद विश्वविद्यालय में ड्रोन प्रौद्योगिकी में व्यावहारिक दृष्टिकोण पर कार्यशाला का भव्य उद्घाटन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता)**: राधा गोविंद विश्वविद्यालय में यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला, अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कंप्यूटर साइंस विभाग एवम राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ द्वारा संयुक्त रूप से पांच दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। यह कार्यशाला 4 से 8 मार्च तक ड्रोन प्रौद्योगिकी में



व्यावहारिक दृष्टिकोण के विषय पर होगी। कार्यशाला के प्रथम दिन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह एवं प्रो जे श्रीनिवास मुख्य संयोजक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान राउरकेला ने इस कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन कियाद्यकुलाधिपति ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें सदैव नित्य नवीन तकनीक सीखने के लिए प्रेरित कियाद्य कार्यशाला की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीद्यस्वागत भाषण इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अवनीश कुमार ने किया।विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ निर्मल कुमार मंडल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रतिभागियों को आज के परिदृश्य में ड्रोन तकनीक की महत्ता पर प्रकाश डाला। मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के सदस्य श्री अजय कुमार, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष,व्याख्यातगण एवम छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।इस कार्यशाला के सफल आयोजन में कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष डॉ संजय कुमार,व्याख्याता विपुल कुमार , विभाग के नीलकमल, अनूप कुमार,एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सभी व्याख्याता गण का योगदान रहा।

# झारखंड सरकार की अकर्मण्यता के खिलाफ भाजपा का धरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला** : झारखंड सरकार की अकर्मण्यता एवं भ्रष्टाचारी रवैये की विरोध में भारतीय जनता पार्टी गोला मंडल एवं बरलंगा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गोला प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह् गोला मंडल प्रभारी राजु चतुर्वेदी एवं सांसद प्रतिनिधि सह् उपप्रमुख विजय ओझा मुख्य रूप से शामिल हुए।मौके पर राजु चतुर्वेदी ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार की सारी हदों को पार कर चुकी है तथा चारों ओर भ्रष्टाचार की गंगोत्री बह रही है। विजय ओझा ने अपने संबोधन में कहा कि जब से महागठबंधन की सरकार बनी है तब से विकास का काम ही ठप्प हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पीएमएलए के तहत जेल में हैं। इसी सरकार के कार्यकाल में कुछ प्रशासनिक अधिकारी भी जेल में बन्द हैं। खनन घोटाला, भूमि घोटाला, जेएसएससी पेपर लीक मामला भी सूर्खियों में है। वक्ताओं ने कहा कि भ्रष्टाचार के अलावे गिरती हुई विधि व्यवस्था चिंता का



विषय है। गत दिनों राज्य की उप राजधानी दुमका में विदेशी( स्पेन की नागरिक) महिला के साथ सामूहिक दूष्कर्म का मामला प्रकाश में आया, जिससे विश्व पटल पर झारखंड की छवि को शर्मसार किया। सचिवालय से लेकर प्रखंड स्तर तक लालफीताशाही हावी है , बिना चढ़ावा के कोई कार्य नहीं होता। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार, पंचम चौधरी, स्नेहलता चौधरी, मनोज कुमार महतो, डोमन नायक, जितेन्द्र साहु, रवि हाजरा, विकास मणि पाठक, मंशु बेदिया, एहशानुल हक, रामकुमार नायक, सुधा देवी, सुलेखा देवी, महेन्द्र प्रसाद, ललन कुशवाहा, हरीश बर्मन, प्रमोद रजवार सहित कई अन्य मौजूद थे।

# झारखंड सरकार के खिलाफ धरना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गोला** : गोला प्रखंड बिकास कार्यालय में झारखंड प्रदेश भाजपा द्वारा गोला मंडल एवं बरलंगा मंडल के संजुक्त रुप से एक दिवसीय झारखंड सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने किया संचालन महामंत्री जितेंद्र साहु ने किया धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रवी हाजरा ने किया मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष सह गोला मंडल प्रभारी राजु चतुर्वेदी सांसद प्रतिनिधि सह उप प्रमुख बिजय ओझा शामिल हुए जिसमें राजु चतुर्वेदी और बिजय ओझा ने इस सरकार के खिलाफ जम कर भड़ास निकाली उन्होंने कहा की जब से झारखंड मुक्ति मोर्चा कोंग्रेस राजद की सरकार बनी तब से बिकास काम ठप पड़ी हुई है हाल ही में जेएसएससी,2024 की परीक्षा जिसमें राज्य भर के सात लाख विधार्थीयों दुआरा भाग लिया गया किन्तु सरकारी अफसरशाही एंव लापरवाही के कारण प्रश्न पत्र को लिक कर दिया गया यह घोर लापरवाही झारखंड सरकार की किन नाकामियों का जिता जाता सबुत है राज्य के बच्चों के भविष्य को अंधकार में ले जाने का कार्य किया है इस राज्य से लचर कानून व्यवस्था चिंता का बिषय लगातार बना हुआ है आए दिन आदिवासी बहन बेटियों के साथ बलात्कार दुमका में बिदेशी महिला के साथ घटना घटी है बहुत ही शर्मशार हैं डकेती हत्या बालु की लुट आम हों गई है न ही युवा न महिलाएं किसान कोई भी सुरक्षित नहीं है राज्य संपदा की खनीज को खोखला कर चुका है भु माफियाओं द्वारा जमिन पर जोर जबरदस्ती ग़लत तरीके से होता है ब्लोक पर बिना चढ़ाए का काम नहीं होता है सब जगह दलाल उगाही करते हैं जनता त्रस्त है है सरकार मस्त है आने वाले दिनों में इस सरकार को जाना तय है फिर एक बार केन्द्र में भाजपा सरकार झारखंड में भी भाजपा सरकार बनेगी इसमें मुख्य रूप से शामिल हुए बरलंगा मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार जिला उपाध्यक्ष स्नेह लता चोधरी डोमन नायक मनोज कुमार महतो पंचम चोधरी मंशु बेदिया हरीश बर्मन बिकास मणी पाठक रामकुमार नायक ललन कुशवाहा सुधा देवी सुलेखा देवी प्रदीप कुशवाहा प्रमोद रजवार महेंद्र प्रसाद एहसानुल हक झुलन महथा दिगंबर महतो मोहन महतो अनिता देवी खिरोधर तिवारी जितलाल मुंडा कान्तेशवर प्रसाद बद्री प्रसाद सुधीर कुमार महतो दिपक कुमार मिश्रा बिहारी लाल महतो बिगन राम दांगी केदारनाथ महतो आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


## उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग (नजारत शाखा)

विज्ञापन संख्या –177 / नजा0

**अति अल्पकालीन निविदा**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शेख भिक्षारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग (हजारीबाग सदर अस्पताल) में CSR मद अन्तर्गत Modular OT Equipment Item का अधिष्ठापन किया जाना है।

अतः Modular OT के निर्माण / अधिष्ठापन हेतु इच्छुक फर्म / एजेन्सी से दिनांक 04.03.2024 से दिनांक 11.03.2024 के अपराहन 12:30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक एजेन्सी निविदा को निबंधित डाक अथवा स्वयं से सीलबंद / मुहरबंद लिफाफे में जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में जमा करेगें। निविदा की सभी नियम एवं शर्तें हजारीबाग जिला प्रशासन के अधिकारिक वेबसाईट– www.hazaribag.nic.in में अपलोड किया गया है, जिससे डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।

उपायुक्त के आदेश से,
नजारत उपसमाहर्ता, हजारीबाग

PR 321381 District(23-24)#D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद,पलामू

Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**शुद्धि पत्र**

**NIT ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 09/2023-24**

इस कार्यालय के आम सूचना ज्ञापांक 391 / जि0अ0, दिनांक 27.02.2024 द्वारा निर्गत अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना ई–संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 09/2023-24 (PR No-320750), में तकनीकी कारणो से पूर्व से Uploaded Online Tender के स्थान पर पुनः निविदा Upload कर संशोधित तिथि के अनुसार निम्न प्रकार निविदा आमंत्रित किया जाता है–

| | पूर्व से निर्धारित निविदा की तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | दिनांक 01.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 08.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक) | दिनांक 05.03.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 11.03.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | दिनांक 09.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे) | दिनांक 12.03.2024 (अपराह्न 3:00 बजे) |

नोट :– 1. उपर्युक्त NIT के निविदा की अन्य सभी शर्तें यथावत रहेंगी।
2. उक्त हेतु पूर्व में इस कार्यालय के ज्ञापांक 435 / जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 एवं ज्ञापांक 448 / जि0अ0, दिनांक 29.02.2024 द्वारा निर्गत शुद्धि पत्र को विलोपित किया जाता है।

ह0 / –
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 321405 District(23-24).D

## कार्यालय, जिला परिषद सिमडेगा

**अति अल्प कालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –05/2023-24**

जिला परिषद् सिमडेगा में निबंधित संवेदकों से दो लिफाफा पद्धति अंतर्गत मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।
1. विभाग का नाम :–जिला परिषद सिमडेगा
2. विज्ञापनदाता का नाम :–जिला अभियंता, जिला परिषद, सिमडेगा।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–06.03.2024 से 12.03.2024 तक (कार्यालय अवधि में अपराह्न 2:00 बजे तक )
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :–13.03.2024 (पूर्वाह्न 11.00 बजे से 1:30 बजे अपराह्न तक)
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :–13.03.2024 (अपराह्न 2:30 बजे )
6. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
7. निविदा प्राप्ति एवं निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय, जिला परिषद, सिमडेगा।
8. कार्य विवरणी :–

| ग्रुप / क्र.सं. | कार्य का नाम | कुल प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रु0) | परिमाण विपत्र कामूल्य (रु0) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | प्रखण्ड बानो के ग्राम ओल्हान् अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | छः माह |
| 4 | प्रखण्ड बानो के ग्राम सुतरीउली अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेन्द्र (HSC) भवन निर्माण कार्य । | 55,50,000.00 | 1,11,000.00 | 10,000.00 | छः माह |

निविदा शर्तें www.simdega.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद्, सिमडेगा के सूचनापट्ट में देखा जा सकता है।

ह0 / –
जिला अभियंता,
जिला परिषद्, सिमडेगा।

PR.NO.321415 Simdega(23-24):D


# आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर उड़न दस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों के लिए हुआ प्रशिक्षण का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष क्रियान्वयन के मद्देनजर सोमवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार की उपस्थिति में जिला समाहरणालय के ब्लॉक बी स्थित सभा कक्ष में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के उड़न दस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों के सभी पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकाइयों आदि के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने उड़न दस्ता दलों एवं स्थैतिक निगरानी दलों में प्रतिनियुक्त सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों की गंभीरता को समझते हुए एवं निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मास्टर ट्रेनरों के द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नवीनतम दिशा निर्देशों के



आधार पर तैयार किए गए प्रशिक्षण सामग्रियों के संबंध में सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को विस्तार से एवं विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति के दौरान अधिकारियों द्वारा लिए जाने वाले निर्णय एवं इस दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का भी अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने को लेकर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्थैतिक निगरानी दलों के पदाधिकारियों को चेक पोस्ट की निगरानी, निर्वाचन क्षेत्र में भारी मात्रा में ले जाने वाले नगदी, अवैध शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि पर निगरानी रखने, जांच प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराने, दैनिक प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित कोषांग व प्रेक्षकों को भेजने आदि तथा उड़न दस्ता दलों के अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता सह विधि व्यवस्था कोषांग के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने, विधानसभा क्षेत्र में भारी मात्रा में ले जाए जाने वाले अवैध नगदी, शराब, कोई संदेहास्पद वस्तु या शस्त्रों इत्यादि जो मतदाताओं को लुभाने/प्रभावित करने हेतु प्रयोग किया जा सकता हो पर निगरानी रखने, किसी प्रकार की कोई भी सूचना प्राप्त होने पर अविलंब उस स्थान पर पहुंचकर अवैध वस्तुओं को जप्त करने, जांच के दौरान कराई जाने वाली वीडियोग्राफी एवं दैनिक प्रतिवेदन तैयार कर संबंधित कोषांगों व प्रेक्षकों आदि को भेजने को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई एवं सभी की दुविधाओं को दूर किया गया।


## कार्यालय, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिमडेगा

**–ःअति अल्पकालीन निविदाः–**

मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक-(N) 208 दिनांक– 21.02.2024 के आलोक में मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम (2024–25 के लिए) योजना के तहत् बागवानी हेतु सिमडेगा जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के लिए पौधा का क्रय किया जाना है। जिसके लिये योग्य एवं इच्छुक निर्माताओं / आपूर्तिकर्त्ताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

**(A) आम पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1- Grafted आम पौधा लंगड़ा, मालदाह, बाम्बे ग्रीन, दशहरी, आम्रपाली, मल्लिका, हिमसागर एवं गुलाबखास आदि प्रजाति का ही हो। पौधे True to its type होना चाहिए।
2. पौधों का कलम सिर्फ Grafting पद्धति से तैयार होना चाहिए।
3. पौधे की लम्बाई 2′6″ से अधिक व 5′ के बीच हो।
4. पौधें में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो व उसमें कलम (Graft) के उपर कम से कम 03 स्वस्थ Flushes निकला हो।
5. पौधों की उम्र कम से कम 02 वर्ष हो एवं एक वर्ष कलमी (Grafted) के रूप में हो।
6. पौधे में जहाँ कलम (Grafting) किया गया हो, उसके ऊपर (Scion) व नीचे के तने (Stock) की मोटाई समान हो।
7- Stock की लम्बाई 01–1.5 फीट हो।
8. पौधे के थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″ (2.6–4 फीट के ऊँचाई वाले पौधे) से 9″×11″ (4 फीट से अधिक ऊँचाई वाले पौधे) का होना चाहिए। पौधा का जड़ स्वस्थ व अधिक घना हो। इसमें पौधा कम से कम छः महीने तक रहना चाहिए।

**(B) अमरूद पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधा अलाहाबाद सफेदा, अल्का मृदला व लखनऊ–49 (L-49) प्रजाति का ही हो। पौधे True to its type होना चाहिए।
2. पौधा Layering या Grafting विधि से तैयार होना चाहिए।
3. पौधों का लम्बाई 2′6″ से अधिक व 5′ के बीच हो।
4. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो व उसमें कलम या Layering के बाद कम से कम 2–3 स्वस्थ Flushes निकला हो।
5. पौधे का उम्र कम से कम 01 वर्ष से अधिक हो (Layering विधि से तैयार)।
6. पौधे का उम्र कम से कम 02 वर्ष हो, जिसमें न्यूनतम एक वर्श कलमी (Grafted) के रूप में हो। (Grafting विधि से तैयार)।
7. पौधे के थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″से 9″×11″ का होना चाहिए। पौधा का जड़ स्वस्थ व अधिक घना हो। इसमें पौधा कम से कम छः महीने तक रहना चाहिए।

**(C) नीम्बू पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधा सिर्फ कागजी एवं साई शर्वती प्रजाति का ही हो। पौधे True to its type होना चाहिए।
2. पौधे Air Layered हो।
3. पौधों की लम्बाई 2 फीट से अधिक व 4 फीट के बीच हो।
4. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो व उसमें कम से कम 2–3 स्वस्थ Flushes निकला हो।
5. पौधे का उम्र कम से कम 01 वा से अधिक हो।
6. पौधे के थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″से 9″×11″ का होना चाहिए। इसमें पौधा कम से कम छः महीने तक रहना चाहिए।

**(D) कटहल पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधे True to type commercial Local Varieties (ICAR RCAR, FSRCHPR, झारखण्ड के किसान के बगान से चिन्हित प्रभेद अथवा राज्य कृशि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित अन्य प्रभेद) होना चाहिए।
2- Scion की मानक ऊँचाई 01 फीट से ज्यादा हो।
3. पौधे की ऊँचाई कम से कम 2–2.5 फीट एवं 4 फीट से कम हो।
4. पौधे में कम से कम 02–03 स्वस्थ Flushes निकला हो।
5. पौधे की उम्र कम से कम 02 वर्ष का हो, जिसमें कलम (Grafting) के समय 01 वर्श एवं कलम (Grafting) के बाद कम से कम 01 वर्ष होनी चाहिए।
6. पौधों का थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″से 9″×11″ का होना चाहिए। इसमें पौधा कम से कम छः महीने तक रहना चाहिए।
7. पौधों की दूरी 10 मीटर × 10 मीटर एवं Multi tier होना चाहिए।
8. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो।

**(E) Drum Stick पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधे True to type commercial प्रभेद (PKM-1/PKM-2/ODC बरमसिया (फल के लिए) अथवा राज्य राज्य कृषि विश्वविद्यालय द्वारा अनुशंसित अन्य प्रभेद) होना चाहिए।
2. पौधे की ऊँचाई कम से कम 1.5–2.0 फीट एवं 3 फीट से कम हो।
3. पौधे की उम्र कम से कम 01 महीना से 02 महीने तक होनी चाहिए।
4. पौधों का थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 6″×4″ का होना चाहिए।
5. पौधों की दूरी 3 मीटर × 3 मीटर होनी चाहिए।
6. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो।
7. इस पौधे का क्रय दीदी बगिया योजना के मार्गदर्शिका विभागीय पत्रांक–572 (अनु) दिनांक 02.06.2021 के अनुरूप की जाय।

**(F) Sapota (चीकू) पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधे True to type commercial प्रभेद यथा– Murabba, Cricket Ball, Kali pati (राज्य कृषि विश्वविद्यालय / ICAR RCER द्वारा अनुशंसित) होना चाहिए।
2. Scion की मानक ऊँचाई 01 फीट से ज्यादा हो।
3. पौधे की लम्बाई कम से कम 2–2.5 फीट एवं 4 फीट से कम हो।
4. पौधे में कम से कम 02–03 स्वस्थ Flushes निकला हो।
5. पौधे की उम्र कम से कम 02 वर्ष का हो जिसमें कलम (Grafting) के समय 01 वर्श एवं कलम (Grafting) के बाद कम से कम 01 वर्ष होनी चाहिए।
6. पौधों का थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″ से 9″×11″ का होना चाहिए। इसमें पौधा कम से कम छः महीने तक रहना चाहिए।
7. पौधों की दूरी 10 मीटर × 10 मीटर एवं Multi tier होनी चाहिए।
8. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो।

**(G) Litchi (लीची) पौधों की खरीदारी के दौरान निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखा जायः–**
1. पौधे True to type commercial प्रभेद यथा– Shahi, Purbi, Bedana, Swarna, madhu, China (राज्य कृषि विश्वविद्यालय / ICAR RCER/FSR CHPR द्वारा अनुशंसित) होना चाहिए।
2. पौधे की लम्बाई कम से कम 2–2.5 फीट एवं 4 फीट से कम हो।
3. पौधे में कम से कम 02–03 स्वस्थ Flushes निकला हो।
4. पौधे कलमी या Air layered हो साथ ही पौधे की उम्र कम से कम 01 वर्ष होनी चाहिए।
5. पौधों का थैला काला Polythene का हो व थैला (Black Polythene bag) का आकार 7″×8″ से 9″×11″ का होना चाहिए।
6. पौधों की दूरी 10 मीटर × 10 मीटर होनी चाहिए।
7. पौधों में किसी प्रकार का रोग / बीमारी नहीं हो।

नोट :– निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तों को www.simdega.nic.in में देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,
सिमडेगा।

PR 321434 Rural Development(23-24)#D

## मछियारा के स्कूल में वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा के माँ तारा प्ले स्कुल मछियारा मे वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन । संस्थापक व अतिथी के द्वारा दीपप्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने गीत, संगीत, नृत्य, नाटक, व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया । मुख्य अतिथी जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा की बच्चों के अन्दर अशिम प्रतिभा छिपा रहता है, उसको निखारने मे विधालय के शिक्षक शिक्षिका को कड़ी मेहनत करना पड़ता है ढ्ढ बच्चों के रूची व लगन के अनुसार यदि उसे तरासा जाय तो उसे मंजिल तक पहुँचाना आसान हो जाता है । विशिष्ट अतिथी धनबाद प्रखण्ड के उप प्रमुख रेणु सिंह, पदुगोड़ा पंचायत के मुखिया महेश कुमार पटवारी, परमेन्द्र सिंह, स्कुल के संस्थापक गोपाल चन्द्र पाण्डे, प्रचार्य संजय कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया । अन्त मे अतिथीयों के द्वारा बच्चों को मेडल से पुरूस्कृत कर सम्मानित किया गया ढ्ढ समारोह का संचालन जिया कुमारी पाण्डे ने किया । मौके पर पुजा कुमारी, वसन्ती कुमारी, नगमा प्रवीण, हिना प्रवीण, बॉबी कुमारी, राजेश कुमार रवानी, गुलजार अन्सारी, रेखा देवी, आनन्द कुमार पाण्डे, समीर कुमार पाण्डे, फैकन पाण्डे, संजय पाण्डे, बच्चन सिंह, आदि का समारोह को सफल बनाने मे सराहनिय योगदान रहा ।

## उदय शर्मा चौथी बार राजद के प्रदेश महासचिव बने

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव ने केन्दुआ बाजार निवासी राजद नेता उदय शर्मा को पार्टी का प्रदेश महासचिव के पद पर मनोनीत किया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आशा व्यक्त कि है कि नव मनोनीत महासचिव पूरी लगन एंव निष्ठा के साथ अपने पद कि गरिमा को अक्षुण बनाये रखेंगे।इनके मनोनयन पर राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक सदस्य सह पार्टी के पूर्व प्रदेश महासचिव सुनील सिंह पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह पूर्व महानगर अध्यक्ष मंसूर आलम अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मो. गुलाम समदानी, महिला प्रकोष्ट के जिलाध्यक्ष अनवरी खातुन, रंजन शर्मा, हसन खान, राजीव रंजन, रविन्द्र वर्मा आदि ने हार्दिक बधाई दी है। उदय शर्मा पार्टी में चौथी बार प्रदेश महासचिव बने, इससे पूर्व, पूर्व मंत्री सह तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष गिरीनाथ सिंह, अन्नपूर्णा देवी एवं अभय कुमार सिंह की कमिटी में कार्य कर चुके हैं। पार्टी के संस्थापक सदस्य सुनील सिंह ने कहा कि इनके मनोनयन से संगठन सशक्त होगा एवं इनके अनुभव का पार्टी को लाभ मिलेगा।



## पहला कदम में मनाया गया विश्व श्रवण दिवस



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित जगजीवन नगर स्थित दिव्यांग बच्चो की विशेष स्कूल पहला कदम में सोमवार को विश्व श्रवण दिवस मनाया गया। विश्व श्रवण दिवस सम्पूर्ण विश्व मे 3 मार्च को मनाया जाता है। 2024 कि थीम है बदलती मानसिकता - आइए कान और सुनने की देखभाल को सभी के लिए वास्तविकता बनाये। इस थीम का मुख्य उद्देश्य हमे सुनने के समर्थन और देखभाल के प्रति अपनी मानसिकता को बदलने के लिए प्रेरित करना है। सुनने की क्षमता में कमी या बहरापन ऐसी स्थिति है जिसमे व्यक्ति अपनी सुनने की क्षमता को खो देता है। अधिकांश लोग सुनने की समस्या को गम्भीरता से नही लेते है और इसे अनदेखा कर देते है। इस कारण यह समस्या सही समय पर सही इलाज न होने से गम्भीर रूप धारण कर लेती है। पहला कदम स्कूल में भी विश्व श्रवण दिवस पर सुनने की समस्याओं को समझाने और इसके समाधान के लिए स्पेशलिस्ट द्वारा विस्तार से चर्चा की गई और बताया गया कि सुनने की समस्या के समाधान और सहायता के लिए जरूरी है कि हम अपनी मानसिकता बदले और इसे प्राथमिकता बनाये और और इनसे पीड़ित को हीन भावना में ग्रस्त न होने दे और सामान्य जन की तरह ट्रीट करें।

# दो साल की मासूम बच्ची की हत्यारे को फांसी देने की मांग की

## महिलाओं ने तोपचांची थाना का घेराव कर किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** जिला के तोपचांची थाना का स्थानीय महिलाओं ने घेराव कर जमकर हंगामा किया। महिलाओं के द्वारा पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। महिलाओं ने दो साल की मासूम बच्ची की हत्यारे की गिरफ्तारी और उसे फांसी की सजा दिलाने की मांग की है।



प्रदर्शन करने पहुंची महिलाओं का कहना है कि दो साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। लेकिन 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस मामले का खुलासा नहीं कर सकी है। पुलिस के हांथ अब तक खाली हैं। महिलाओं ने कहा कि ऐसे जघन्य अपराध करने वाले को फांसी की सजा दी जानी चाहिए।

आक्रोशित महिलाओं को तोपचांची थाना की पुलिस के द्वारा कड़ी मशक्कत के बाद शांत कराया गया। पुलिस का कहना है कि ऐसे मामलों में छानबीन में थोड़ा वक्त लगता है लेकिन मामले का बहुत जल्द उद्बेदन कर लिया जाएगा।

बता दें कि तोपचांची थाना क्षेत्र की 2 साल की बच्ची 17 फरवरी की शाम लापता हो गई थी। 18 फरवरी को पिता के द्वारा तोपचांची थाना में शिकायत देकर बच्चों की खोजबीन की गुहार लगाई गयी। 13 दिनों बाद 1 मार्च को बच्ची का शव पुलिस ने बरामद किया। बच्ची के हाथ और पैर काटे गये थे और इसके साथ ही उसके बाल भी नहीं थे, बच्ची को जला दिया गया था। काफी बेरहम तरीके से बच्ची की हत्या की गई थी।

इसको लेकर शनिवार को तोपचांची पुलिस ने बोकारो पुलिस से मदद मांगी। बोकारो पुलिस की मदद से खोजी कुत्ते को मंगवाया गया था। खोजी कुत्तों के जरिए सुराग तलाशने की कोशिश पुलिस ने की लेकिन अभी तक सफलता हाथ नहीं लगी है।

## प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों को झामुमो ने किया सम्मानित



**कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सूर्य मंदिर स्थित प्रेस क्लब कतरास में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारी को झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने बुके एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। श्री टुडू ने कहा कि बहुत हर्ष की बात है कि आज देश के चौथे स्तंभ को प्रेस क्लब में सम्मानित करने का मौका मिला। प्रेस क्लब के जो भी जरूरत होगी पूरा सहयोग किया जाएगा। सम्मानित होने वाले सदस्यों में प्रेस क्लब के महासचिव विनय वर्मा, अध्यक्ष पद के रनर रहे जितेंद्र पासवान, कार्यकारी अध्यक्ष शंकर प्रसाद साव, कोषाध्यक्ष सुमन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष सोहन कुमार विश्वकर्मा, मनोज कुमार, सह सचिव दीपक कुमार गुप्ता, सुनील बर्मन, मनोज चौहान, मो साजिद को सम्मानित किया गया। मौके पर आमिर खान, घंटू त्रिगुनइत, संजय रजवार, इफ्तेखार अहमद नजमी, टिंकू अंसारी, रौनक सिन्हा, कृष्ण सिन्हा, राजेश यादव, मंटू गुप्ता, कृष्णा लाला, मुकेश गुप्ता, रितिक सिंह, पारस ठाकुर, कृष्ण, खालिद अंसारी आदि मौजूद थे।

## कुशवाहा संघ भाजपा के खिलाफ चलायेगी मुहीम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** राजधनवार के सपामारण में कुशवाहा संघ राजधनवार इकाई के द्वारा एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें की निर्णय लिया गया कि कुशवाहा समाज भारतीय जनता पार्टी के सीट बंटवारे में कुशवाहा समाज को प्रतिनिधित्व न देने के निर्णय का घोर निंदा करता है। साथ ही कहा गया कि कुशवाहा समाज के किसी भी नेता को भाजपा के द्वारा सम्मान नहीं दिया गया जिसका कुशवाहा संघ विरोध करती है। साथ ही कुशवाहा संघ राजधनवार के द्वारा यह मांग किया गया कि भारतीय जनता पार्टी कोडरमा लोकसभा के टिकट वितरण पर पुनर्विचार करते हुए कुशवाहा समाज के हित में निर्णय अन्यथा कुशवाहा समाज कड़ा रुख अपनाने के लिए विवश होगी।

## झामुमो की स्थापना दिवस में शामिल हुई कल्पना सोरेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में झामुमो का 51 वां स्थापना दिवस को लेकर गिरिडीह से सक्रिय राजनीति की शुरुवात करने वाली पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी सोमवार को झंडा मैदान में जेएमएम के स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुई। इस दौरान स्थापना दिवस समारोह में सीएम चंपई सोरेन, मंत्री बेबी देवी, हफीजूल हसन, जेएमएम की राज्य सभा सदस्य महुआ माजी, सदर विधायक सुद्विया कुमार सोनू, टुंडी विधायक मथुरा महतो, पूर्व विधायक सरफराज अहमद, आदि भी मौजुद रहे। स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कल्पना सोरेन ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी पर भाजपा पर जमकर निशाना साधा। बोलते बोलते



कल्पना सोरेन भावुक होकर रो पड़ी।मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा की राज्य के सीएम हेमंत सोरेन की गलती क्या रही।जब महामारी में सीएम हेमंत ने प्रवासी मजदूरों को देश के कई कोने से राज्य वापसी कराया। तब साजिश रचने वाली भाजपा उस वक्त खामोश थी। कल्पना ने कहा की वो आज गिरिडीह से सक्रिय राजनीति की शुरुवात करने जा रही है। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने को लेकर कल्पना सोरेन ने भाजपा पर जमकर प्रहार किया, और कहा की हेमंत बाबू को जेल भेजना भाजपा के लिए लिए बड़ी गलती साबित होगा। क्योंकि हेमंत सोरेन ने सीएम रहते हुए एक झारखंडी होते हुए राज्यहित में काम किया।

इधर स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सीएम चंपाई सोरेन ने कहा की पिछड़ा वर्ग के लिए 27 फीसदी आरक्षण लाने का काम हेमंत सरकार ने किया था। सीएम ने कहा की सरना धर्म कोड को कभी भाजपा लागू नहीं करने वाली। सीएम ने मौके कर 1932 के खतियान का जिक्र करते हुए कहा की जो 1932 का होगा, वही मूलवासी होगा। पूर्व सीएम हेमंत को जेल भेज कर भाजपा ने राज्य के मूलवासी अस्तित्व को मिटाने का प्रयास किया है। इस दौरान स्थापना दिवस समारोह को मंत्री बेबी देवी, हफीजुल हसन, राज्य सभा सांसद महुआ माजी, सदर विधायक सोनू, पूर्व विधायक सरफराज अहमद समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। इधर स्थापना दिवस समारोह में हजारों की संख्या में जेएमएम कार्यकर्ता और समर्थको की भीड़ जिले भर से जुटी थी। समर्थक पारंपरिक ढोल नगाड़े के साथ आयोजन स्थल झंडा मैदान पहुंचे थे।

## ज्योतिष बंगाल प्रांत की सोहनी फेम प्रीमियर राइजिंग अवार्ड 2024 से सम्मानित




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर दो मर्तबा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात ज्योतिष बंगाल प्रांत की डॉ. सोहनी शास्त्री को फेम प्रीमियर राइजिंग अवार्ड 2024 से विभूषित किया गया। इस अवसर पर देश की चंद नामचीन महिलाओं को भी सम्मानित किया गया जबकि बंगाल प्रांत से केवल डॉ. सोनी शास्त्री ने सम्मान पाया। डॉ. सोनी शास्त्री प्रख्यात ज्योतिष होने के साथ ही लाइफ कोच मोटिवेशनल स्पीकर तथा लोकोपकारक के रूप में भी अपनी विशिष्ट उपलब्धियां के कारण राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित है। वे महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है उनका मानना है कि महिलाओं में ईश्वरीय शक्ति है, धैर्य के साथ अनवरत कर्म, धर्म और ईश्वर पर अटूट आस्था से सभी लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर अनेक प्रबुद्ध महिलाओं ने उनके मार्गदर्शन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।


### कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा

निविदा से संबंधित शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 63/जि0प0 दिनांक 01.03.2024 एवं PR नं0 321100 द्वारा प्रकाशित अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14/2023–24 के कंडिका 3.1 को निम्न प्रकार संशोधित की जाती है।

3.1 This invitation for bids from the registered contractor of District Board, Building Construction Deptt./R.W.D./R.C.D./Public undertaking or any other State Govt./Central Govt. Department of Govt. of Jharkhand

के स्थान पर

Registered Contractors of District Board, Koderma ही निविदा में भाग लेंगे।

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेंगी। जिला अभियंता, जिला परिषद्, कोडरमा

PR 321489 (Panchayati Raj)23-24*D


## योग्य व्यक्ति को सबसे पहले आबुआ आवास दिलाने की गारंटी करे सरकार : नागेंद्र महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस बीच धरना कार्यक्रम में उपस्थित बगोदर विधानसभा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा संचालित आबुआ आवास योजना केवल छलावा प्रतीत हो रही है। इस योजना में बिचौलियापन हावी हो चुका है, जिसके कारण अग्रिम अहर्ता रखने वाले लाभुकों को सूची में पीछे कर दिया गया है, जबकि कम अहर्ता रखने वाले लाभुकों को सबसे पहले आवास दिया जा रहा है। साथ हीं राज्य में गिरती कानून व्यवस्था पर राज्य सरकार को आड़े लेते हुए जेएससीसी के नियुक्ति के विरुद्ध सरकार पर हमला बोला। मौके पर सांसद प्रतिनिधि देवनाथ राणा, सांसद प्रतिनिधि प्रेमचंद प्रसाद कुशवाहा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य तुलसी यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण दास, मंडल अध्यक्ष राजदेव साव, अशोक कुमार वर्मा, मुखिया सत्येंद्र राउत, राजेंद्र राम, रामकिशुन वर्मा, मुंशी यादव, समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## गिरिडीह में भाजपाइयों ने राज्य सरकार के खिलाफ किया एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** सोमवार को गिरिडीह ज़िले में भाजपाइयों द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्षन किया गया। वही राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अभिलंब रोक लगाने, जेएसएससी परीक्षा के पेपर लीक एवं नियुक्ति परीक्षाओं में भ्रष्टाचार, अबुआ आवास के नाम पर भ्रष्टाचार एवं अनियमितता, राज्य में गिरती कानून व्यवस्था, थाना प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पिछले कई सालों से कर्मचारियों का तबादला ना होना समेत अन्य मुद्दों को लेकर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर पूरे झारखंड प्रदेश के सभी प्रखंडों मुख्यालयों में पार्टी नेताओं व कार्यकर्त्ताओं ने एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया. गिरिडीह में भी सभी प्रखंड कार्यालयों में भाजपाइयों ने धरना दिया और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. गिरिडीह प्रखंड



परिसर में जिला अध्यक्ष महादेव दुबे की अध्यक्षता में धरना आयोजित था. इस धरने में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह विधानसभा के निवर्तमान विधायक निर्भय कुमार शाहबादी मौजूद रहे. जबकि कार्यक्रम में मंच का संचालन हरमिंदर सिंह बग्गा के द्वारा किया गया।

## अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला कार्यकारिणी धनबाद की एक अति आवश्यक बैठक जिले के सभी 17शैक्षिक अंचल के अध्यक्ष और सचिव की गरिमामयी उपस्थिति में मध्य विद्यालय झारुडीह में सम्पन्न हुई। बैठक मे सभी शैक्षिक अंचल के अध्यक्ष/सचिव को फूल माला पहनाकर स्वागत व अभिनंदन से बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में जिला स्तरीय समिति का पुनर्गठन, ग्रेड 4 में प्रोन्नति के उपरांत वेतन निर्धारण अभी तक नहीं होना समेत अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया।


### JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED

(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Road, Ranchi-834001, Jharkhand. Ph No.: +91-651-2225878,
CIN: U45200JH2013SGC001752,
e-mail Id- juidcolimited@gmail.com

NIT No.: JUIDCO/NIT/TH/ADITYAPUR/2024/603
Date: 04.03.2024

e-Procurement Notice Notice Inviting Tender
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | CONSTRUCTION OF TOWN HALL AT ADITYAPUR MUNICIPAL CORPORATION, JHARKHAND |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | Rs. 14,74,52,296/- (Rupees Fourteen Crore, Seventy Four Lakhs, Fifty Two Thousand, Two Hundred and Ninety Six) only. |
| 3 | Time of Completion | 24 Months (Including Monsoon & Mobilization Period) |
| 4 | Date of Publication of Tender on Website | 06.03.2024 at 2:00 P.M. |
| 5 | Last Date/Time of Submission of Bids | 26.03.2024 upto 5.00 P.M. |
| 6 | Last Date/Time of Submission of Bid Security Money and Tender Fee through the e-procurement website of Government of Jharkhand | 26.03.2024 upto 5.00 P.M. |
| 7 | Date/Time of opening of Bid | 27.03.2024 at 05.30 P.M. |
| 8 | Name & Address of office Inviting tender | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 9 | Helpline Number of e-procurement Cell | 0651-2225878 |

Note :Only e-tenders will be accepted.
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website
https://jharkhandtenders.gov.in

sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd, Ranchi

PR 321460 (Urban Development and Housing)23-24*D



### कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची।

E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com

Re - e-Tender No. : 884 Date 2-3-2024

पुर्न अति अल्पकालीन ई– निविदा

सदर अस्पताल, रॉची के लिए विभिन्न विभाग के लिए Essential Drugs , other medicine , Hemophilia, Chemicals and others के दर निर्धारण एवं क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 16.3.2024 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि website http://jharkhandtenders.gov.in पर दिनांक 6.3.2024 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र website http://jharkhandtenders.gov.in पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

Pr310443 (HEALTH MED EDUAND FAMILY WELFARE)23-24 * D

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉची।

PR 321481 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D



### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–65/2023–24

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराह्न् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराह्न् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.03.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यो का विवरण :

| क्र0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Guard Room, Barrack and Toilet Block in Residence No-1 at Circular Road, Ranchi | 4898400.00 | 98000.00 | 5000.00 | Two Months |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 321495 (Building) 23-24 (D)

राज्य सरकार की विफलताओं को लेकर कैरो भाजपा ने दिया धरना, सौंपा बीडीओ को ज्ञापन

# केंद्र की मोदी सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला सभी वर्गो के विकास के लिए प्रतिबद्ध : नवीन कुमार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो ब्लाक परिसर मुख्यालय मे 04 मार्च सोमवार को कैरो मंडल भाजपा अध्यक्ष लखन उराँव की अध्यक्षता मे झारखंड प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार राज्य के झामुमो कांग्रेस गठबंधन की नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा राज्य की जनता से किये गये वादाखिलाफी को लेकर दिया एक दिवसीय धरना,सौपा बीडीओ को ज्ञापन। धरना को सम्बोधित करते हुए मंडल प्रभारी सह जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार गाँव, गरीब, युवा, महिला, किसान के साथ समाज के सभी वर्गो के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। प्रखंड प्रभारी नवीन कुमार टिंकु ने कहा कि राज्य की झामुमो कांग्रेस और राजद की महाठगबंधन वाली सरकार ने सत्ता मे आने से पुर्व राज्य के युवावों को प्रत्येक वर्ष 05 लाख रोजगार देने की बात कही थी,परंतु यहाँ तो परीक्षा होने से पुर्व ही पेपर लीक हो जाता है,यह सरकार बीए और स्नातकोत्तर पास बेरोजगारो की भत्ता देने की बात कही थी परंतु सच्चाई तो यह है कि आज तक एक बेरोजगारो के खाते मे भत्ता की राशि नहीं पहुँची। भाजपा की नरेन्द्र मोदी नेतृत्व वाली सरकार ने पूरे देश मे 04 करोड़ से अधिक लोगो को पक्का घर दिया। 2014 से पहले यूपीए शासन का भारत सबको याद है, देश कोयला घोटाला, 2 जी स्पेक्ट्रम घोटाला, हेलिकेपटर घोटाला,भूमि घोटाला इत्यादि यूपीए के शासन काल मे कई घोटालो से देश त्रस्त था,इन सभी घोटालों से मुक्त शसक्त भारत एवं शक्तिशाली भारत का निर्माण देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया इसलिये 2024 मे भी अबकी बार 400 पार फिर से मोदी सरकार की नारो को हम आप सबको सत्य कर दिखाना है। धरने को संबोधन मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष नजीर आलम खान ने कहा कि देश के यशस्वी पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार ने 10 करोड़ से अधिक एलपीजी कनेक्सन,12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, आयुष्मान भारत के तह्त 55 करोड़ लाभार्थियों को 05 लाख रुपये की स्वास्थ्य सुरक्षा इत्यादि कई अनेको कार्य पीएम मोदी सरकार की उपलब्धि रही है। आज के उक्त धरने को प्रखंड के अनेको भाजपा कार्यकर्ताओं ने सम्बोधित कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाया, वही राज्य के झामुमो गठबंधन सरकार की जनता से किये गये वादाखिलाफी को बताया, तत्पश्चात भाजपाईयों ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन।

## विधायक कोलेबिरा ने विभिन्न सड़कों का शिलान्यास करते हुए किया कार्यालयो का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने अपने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गतट टी टांगर प्रखंड के विभिन्न सड़कों का शिलान्यास करते हुए विभिन्न कार्यालय में निरीक्षण किया। उन्होंने रेफरल अस्पताल पहुंचकर मरीज के साथ हाल-चाल जाना वहां पहुंचकर छोटे-छोटे बच्चों के बीच जो इलाजरत थे पहुंचे। विधायक ने कहा कि हमारे झारखंड की सरकार आम जन के हित में एक से बढ़कर एक योजना लाई है। जिसमें इलाज रात बच्चों के मां को खान-पान के साथ आर्थिक रूप से मदद भी देने का प्रावधान है जिसे दिया जा रहा है साथ ही साथ उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री असाध्य रोग के लिए भी झारखंड सरकार मदद कर रही है। विधायक ने ने कहा की महिलाओं के लिए गर्भावस्था से लेकर बच्चों को जन्म देने तक की सुविधा झारखंड सरकार मोहैय्या करा रही है। सरकार जन्म से लेकर युवावस्था तक बच्चों का पढ़ाई लिखाई एवं युवतियों के विवाह तक का खर्च सरकार देने का कार्य कर रही है। युवक और युवतियां उच्च शिक्षा ग्रहण करना चाहती है तो सरकार छात्रवृत्ति के माध्यम से उन छात्राओं को पढ़ने का व्यवस्था सरकार कर रही है। आज हमारे गठबंधन की सरकार फूलों झानो योजना, दीदी बड़ी योजना, आदि लाकर महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य कर रही है। विधायक अंचलाधिकारी से मिलकर जमीन संबंधी जो समस्याएं हैं उसे पर चर्चा करते हुए कहा की बहुत सारे ऐसे भी रैयत हैं जो अपनी जमीन को पूर्व में ही बेच चुके हैं किंतु जब ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो रहा था तब उसमें खरीदार रैयत का नाम नहीं चढ़ा कर पुनः बेचने वाले रैयत का ही नाम चढ़ा दिया गया। नतीजा यह हो रहा है की जिस रैयत ने जमीन को बेच दिया पुनः उक्त जमीन को बेचने का काम कर रहा है जिससे लोगों में खून खराबा एवं बेईमानी का सिलसिला चालू हो गया है इसलिए जो खरीदे हुए रैयत हैं उनका आवेदन अगर आता है तो उसे पर अविलंब सुनवाई करते हुए समय पर उक्त लागू को लाभ पहुंचाया जाए। विधायक ने कहा की पूर्व के भाजपा सरकार ने बहुत सारे ऐसे भी गलत नीति लाए, जिससे कि लोग भयक्रांत और दिग्भ्रमित हुए। केंद्र की भाजपा सरकार ने आवास योजना में पैसा देना झारखंड सरकार को बंद कर दिया जिस पर हमारे यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी ने बुआ आवास लाकर झारखंड के जनता को लाभ पहुंचाने का योजना लाए। जिस पर अभी कार्य हो रहा है।

## युवा कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी बैठक लोहरदगा युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी के अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन में किया गया है। जिसमें युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव अभिनव सिद्धार्थ ने यूथ जोड़ो बूथ जोड़ों के माध्यम से लोगों को कैसे प्रेरित करें इसके बारे में भी बताया और पार्टी के मजबूती पर भी बात की। युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला प्रभारी आफताब आलम ने कहा कि हम लोगों के पास बहुत कम समय में बहुत बड़ी जिम्मेवारी है इसलिए जितने भी हमारे युवा कांग्रेस के सिपाही हैं सबों से मेरा अनुरोध है कि मन लगाकर सबों को कांग्रेस परिवार के लिए कार्य करना है और लोकसभा के उम्मीदवार को भारी मतों से विजई बनाना है। साथ ही लोहरदगा जिला यूथ जोड़ो बूथ जोड़ों के जिला कोऑर्डिनेटर विजय शुक्ला ने बताया कि मोबाइल के माध्यम से कैसे ऐप डाउनलोड करना है और उसे एप्लीकेशन के माध्यम से लोगों को कैसे जोड़ा जाए इसके बारे में भी विशेष जानकारी दी। जिला कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जीलानी ने कहा कि युवा कांग्रेस गाँव गाँव तक जा कर पार्टी कि मजबूती के लिए काम करेगी और मजबूती दिलाने का कार्य करेगी। इस कार्यकारिणी की बैठक में मुख्य रूप से विधानसभा उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, जिला महासचिव राजू टाना भगत, जिला महासचिव इमरोज अंसारी, मोसिम अंसारी, जिला सचिव सोहेल अख्तर, जिला प्रवक्ता आसिफ अंसारी, सोशल मीडिया जिला संयोजक मनीष शर्मा, आमस अंसारी, वकील खान दीपेश उरांव, राजकुमार उरांव, सुनील उरांव, मनोज उराव, सद्दाम अंसारी, मोबिन अंसारी, आसिफ खान इत्यादि इस सभा में अनेको लोग उपस्थित हुए।

## परिवारिक, सामाजिक विवादित मामलों का निष्पादन के लिए आयोजित हुआ विधिक जागरुकता शिविर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा :** चलन्त लोक अदालत सह विधिक जगरुक्ता वेन के माध्यम से सेन्हा प्रखंड परिसर में परिवारिक, समाजिक एवं लंबित विवादों को मध्यक्षता को लेकर शिविर का आयोजन विभिन्न पंचायत ग्राम में भ्रमण कर विवादों का निष्पादन हेतु विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रमेश कुमार के निर्देशानुसार सेन्हा प्रखंड मुख्यालय परिसर में सर्व प्रथम वेन के माध्यम से आयोजित किया गया। वही अधिवक्ता लाल धर्मेंद्र देव तथा दीपक कुमार के द्वारा सुझाव एवं विवादित मामलों को निष्पादन के दिशा में कार्य किया गया। विधिक जगरुक्ता अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत ग्राम से आए ग्रामीणों की समस्या को सुना उस पर पहल करते हुए विवादित मामला को निष्पादन की दिशा में सलाह दिया गया। साथ ही वैसे मामलों पर प्राथमिकता विशेष कर दिया गया जो पारिवारिक एवं सामाजिक विवाद सामने आया। अधिवक्ता लालदेव धर्मेंद्र ने जानकारी देते हुए कहा कि चलन्त लोक अदालत सह विधिक जगरुक्ता के माध्यम से बढ़ते एवं लंबित मामलों पर विशेष पहल किया जाता है। जिसमे ज्यादा कर गरीब परिवार के लोग शामिल है और वैसे लोगों को सरकारी प्रबधान के अनुसार सहयोग करना विधिक जगरुक्ता अभियान का पहला कर्तव्य है। जिसके तहत विवादित मामला को दो परिवार या दो समाज के बीच चल रहा हो उसको प्राथमिकता देते हुए मध्यक्षता किया जा रहा है। चलन्त लोक अदालत सह विधिक जगरुक्ता शिविर के दौरान पीएलवी पुनू देवी, दुखिता मिंज, मंजू खाखा, प्रियांशु यादव के अलावे अन्य ग्रामीण महिला पुरुष शामिल थे।

## आंधी तूफान व ओला वृष्टि से किसान तथा मकान मालिक को हुआ आर्थिक नुकसान



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातू तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो, बरही सहित विभिन्न गांव में रविवार रात से ही सोमवार को सुबह से मौसम खराब होने के कारण आंधी तूफान व ओला वृष्टि के साथ बारिश होने से किसानो का फसल सहित ग्रामीणों का एल्वेस्टर मकान का छत उड़ गया। जिसे पीड़ित परिवार के लोग चिंतित हो अंचलाधिकारी से मिल कर किसान व आंधी तूफान से उड़ा एलवेस्टर मकान मालिक घटना से अवगत कराते हुए सरकारी सहायता का गुहार लगया है। विदित हो कि सीठीयो ग्राम निवासी रामबिहारी सिंह की पत्नी कलश देवी ने सीओ को अवगत कराते हुए बताया कि आंधी तूफान में मेरा मकान का एल्वेस्टर उड़ने से लगभग 70 हजार का नुकसान के साथ घर के अंदर रखा सामग्री भी क्षतिग्रस्त हो गया है। इस संदर्भ में अंचलाधिकारी राकेश कुमार तिवारी से संपर्क कर जायजा लिए जाने पर उन्होंने बताया कि आंधी तूफान से मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना आवेदन के माध्यम से प्राप्त हुआ है। जिसके आलोक में जांच प्रकिया आरम्भ कर दिया गया है और वैसे लोगो को जांचोपरांत सरकारी प्रबधान के अनुसार सहयोग किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जो किसान या मकान मालिक आपदा से हुई क्षति का आवेदन नही दिए है वैसे लोग अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करें जिसपर उन पीड़ित लोगों को भी सहयोग हेतु जांच प्रतिवेदन आपदा विभाग को समर्पित करते हुए लाभ दिलाने का पहल किया जा सके।

## हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग को लेकर झामुमों ने निकाला न्याय मार्च



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** जेएमएम केंद्रीय कमिटी के निर्देशानुसार एवं जिला अध्यक्ष मोज़म्मिल अहमद के दिशा निर्देश पर लोहरदगा के वार्ड नं. 3 में झामुमों नगर अध्यक्ष आकाश कुमार के नेतृत्व में झामुमों कार्यकर्ताओं ने न्याय पद यात्रा निकाला। यह न्याय यात्रा गली मोहल्ले होते हुए मुख्य चौक तक निकाला गया। मौके पर झामुमों कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग की। इधर झामुमों नगर अध्यक्ष आकाश कुमार ने कहा कि जिस प्रकार झारखंड के लोकप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक षड्यंत्र के तहत फंसा कर जेल भेजा गया है। इसका खामियाजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को आने वाली 2024 के चुनावी मैदान मे जनता मुंह तोड़ जवाब देगी और साजिश करता भाजपा को भुगतना पड़ेगा। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि केंद्र सरकार ने साजिश कर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ कार्रवाई की है। जबकि भाजपा में शामिल होने वाले भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है। कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन को तत्काल रिहा करने की मांग किया। साथ ही भाजपा की केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## भाजपा सिमडेगा ने किया भ्रष्टाचार व नियुक्ति घोटाला के विरुद्ध एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा जिला के तत्वावधान में जिला के सभी मंडलो पर झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं जेएसएससी नियुक्ति घोटाला के विरोध के निमित्त सिमडेगा नगर मंडल,सेवई मंडल एवं बीरू मंडल की सँयुक्त एक दिवसीय धरना प्रदर्शन नगर परिषद सिमडेगा कार्यालय के समक्ष हुई । धरना प्रदर्शन में वक्ताओं ने झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर जमकर निशाना साधा मंत्री सह सिमडेगा विधानसभा के पूर्व विधायक विमला प्रधान ने धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए झारखंड सरकार की नाकामियों को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा की जेएसएससी नियुक्ति घोटाला के साथ ऐसी कई तरह की परीक्षाओं में गड़बड़ी सामने आई लेकिन भ्र्ष्ट हेमंत सरकार कभी भी मानने को तैयार नहीं थी लेकिन छात्रों ने जब सड़क पर उतरकर विरोध किया और सारा सबूत दिखाया तो सरकार को भी स्वीकार करना पड़ा जब छात्र अपने हक और अधिकार के लिए सड़क में उतरते हैं तो लाठी चार्ज कर उनके ऊपर संगीन धारा लगाकर केस कर डराने की कोशिश की जाती है आज राज्य सरकार के संरक्षण में जेएसएससी के कुकर्म की सजा युवा ही नहीं पूरा झारखंड प्रदेश भुगत रहा है उन्होंने मंच से युवा शक्ति को आह्वान करते हुए कहा कि आने वाले समय में युवा एक होकर झारखंड की भ्र्ष्ट सरकार को उखाड़ फेंकने का काम करें तब ही झारखंड का विकास संभव है।

## एमबी डीएवी विद्यालय के दो छात्र व छात्रा इंस्पायर अवार्ड में हुए चयनित





प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** विज्ञान और प्रौद्योगिकी हमारे दैनिक जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। हम सुबह अलार्म घड़ियों की घंटी बजने से उठते हैं और रात को लाइट बंद करके बिस्तर पर जाते हैं। ये सभी विलासिताएँ जो हम वहन करने में सक्षम हैं,विज्ञान और प्रौद्योगिकी का परिणाम हैं इनके बिना आज अपने जीवन की कल्पना करना असंभव है। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा इंस्पायर अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों को प्रतिभागी बनने का अवसर प्राप्त होता है। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित अपने नए विचारों को भेजा जाता हैं। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी से संबंधित अपनी योजना को प्रतिरूप देने हेतु 10000 रुपए की धनराशि प्रदान की जाती है। एमबी डीएवी विद्यालय के कक्षा नौवीं के छात्र सिद्धार्थ अग्रवाल तथा कक्षा सातवीं की छात्रा गुंजन लिलहारे इस प्रतियोगिता में चयनित हुए तथा उन्हें भारत सरकार द्वारा 10000 की धनराशि राज्य स्तर पर मॉडल बनाकर प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता में चयनित विद्यार्थियों को माननीय प्राचार्य महोदय श्री जी पी झा के साथ समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई दी।

## उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड सरकार के निदेश पर आज सोमवार को जिला के सभी मतदान केंद्रों पर सोशल मीडिया अभियान #IamVerifiedVoter के माध्यम से मतदाता सूची वेरीफिकेशन का कार्य किया गया। मतदाताओं ने अपना नाम अंतिम प्रकाशित सूची में अथवा ऑनलाईन माध्यम से जांच कर अपनी सेल्फी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए हैशटैग #IamVerifiedVoter का इस्तेमाल किया। 12-लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कुल 3,65,684 (तीन लाख पैंसठ हजार छह सौ चौरासी) मतदाता हैं जिसमें महिला मतदाताओं की संख्या 1,84,050 और पुरूष मतदाताओं की संख्या 1,81,633 है। थर्ड जेण्डर मतदाता की संख्या 1 है। जिसमें 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में 2,80,448 और 69-बिशुनपुर (अंश) में 85,236 मतदाता हैं। आज उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुजाता कुजूर समेत अन्य पदाधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों पर पहुंच कर औचक निरीक्षण किया गया।

## नववर्ष विक्रम संवत व होली मिलन समारोह को लेकर जय श्री राम समिति की हुई बैठक



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज जय श्रीराम समिति की बैठक पावरगंज स्थित दुर्गाबाड़ी मंदिर प्रांगण में ओम महतो की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत एवं होली मिलन समारोह को लेकर खास चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से नव वर्ष को लेकर 6 मार्च को मुंद्रिका बैंक्वेट हॉल में जिला संरक्षक, जिला पदाधिकारी, प्रखंड पदाधिकारी, पंचायत एवं वार्ड के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा शहर के गण्यमान्य अभिभावक गण के साथ बैठक होगी। जिसमें भव्य शोभा यात्रा निकालने पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस बार कार्यकर्ता सह सम्मान समाहरो एवं होली मिलन समारोह 20 मार्च दिन बुधवार को एक साथ मनाई जाएगी। साथ ही जिला पदाधिकारी एवं नगर पदाधिकारी की उपस्थिति में नगर कमिटी का विस्तार करते हुए आकाश प्रजापति को नगर उपाध्यक्ष का कार्यभार सोपा गया जिसे नगर अध्यक्ष दीपक साहू ने पट्टा पहनाकर सम्मानित करते हुए बधाई दी। मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी, जिला संचालन समिति सदस्य ओम महतो, प्रदीप साहू, बिक्की कसेरा, बजरंग करुवा, नगर अध्यक्ष दीपक साहू, कार्यकारी अध्यक्ष ज्योति भगत, राहुल कुमार, महामंत्री शुशील पटनायक, संजय कुमार समेत आदि लोग उपस्थित थे।

## भ्रष्ट सरकार का ज्वलंत उदाहरण है हेमंत सोरेन जेल के सलाखों में : मनीर उरांव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी किस्को मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व में झारखंड सरकार के जन विरोधी भ्रष्टाचार नीतियों के खिलाफ एकदिवसीय प्रखंड घेराव एवं धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह उपस्थित थे। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि आज झारखंड सरकार के गठन हुए 4न30 वर्ष होने को है इससे पूर्व की सरकार हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही थी पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिफ्त थी जिसके कारण उन्हें श्रष्ठ के द्वारा जेल के सलाखों के पीछे भेजने का काम किया। आज अगर झारखंड सरकार को देखा जाए तो कोई भी ऐसा योजना इस झारखंड की आम जनता के लिए नहीं चलाई जा रही है एकमात्र योजना है उसमें भी आदमी गरीब व्यक्तियों को लूट रहा है। धरना कार्यक्रम में बाल कृष्णा सिंह एवं एससी मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुआ है। गरीब जनता को लूटने पर विश्वास करती है। आज वह आदिवासी होने का ढोंग रच रही है और आदिवासियों के नाम पर लूट मचा रखा है। धरना कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू, महामंत्री राजकुमार मुंडा, जगन्नाथ राम, मौलाना जियाउल्लाह हक अशरफी, सुरेश लोहार, मुन्नीलाल उरांव, रौशन कुमार साहू, घनश्याम साहू, धनेश्वर पांडे, संजय सहदेव, बिनु राम, मदन साहू, रामचरण साहू, मोती साहू आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

झारखंड के हर विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त, इस सरकार की बिदाई जल्द : सुशील श्रीवास्तव

## झारखंड में जल्द आएगी भाजपा सरकार, भ्रष्टाचारी सचेत हो जाए : सुशील श्रीवास्तव

कुरडेग में झारखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**कुरडेग :** कुरडेग मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा झारखंड सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत सिंह ने कहा कि झारखंड में हर तरफ लूट मची है, आदिवासी मूलवासी सभी इस सरकार में त्रस्त हैं, इस सरकार में लोगो मे भय का माहौल है। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता सह केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की झारखंड के वर्तमान सरकार के कलाकार में कोई विभाग ऐसा नहीं है जहां भ्रष्टाचार नहीं है आज इस सरकार द्वारा आदिवासी मूलवासी ओबीसी सभी को ठगा गया है सरकार के 4 साल के कार्यकाल में सिर्फ बालू पत्थर और जमीन की चोरी हुई है आदिवासी मूलवासियों के लिए कोई काम नहीं हुआ है,8 महीने के बाद झारखंड में भाजपा की सरकार एवं सिमडेगा जिले के दोनो विधानसभा में भाजपा का विधायक होगा इसीलिए भ्रष्टाचारी सचेत हो जाए। जिला उपाध्यक्ष मनोज साय ने झारखंड सरकार पर हमला बोलते हुए कहा की जो मुख्यमंत्री अबुवा दिशुम अबुवा राज की बात करता था वही मुख्यमंत्री आदिवासी मूलवासी का हक को छिन कर भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है,मोदी सरकार की गारंटी है कि एक भी भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे। धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा ने कहा कि जब से झारखंड में गठबंधन की सरकार बनी है महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है आए दिन लूट हत्या डकैती और बलात्कार की घटनाएं आम हो गई है विदेशी महिला से दुष्कर्म की घटना से झारखंड का नाम विदेश में भी शर्मसार हुआ है झारखंड की महिलाएं आने वाले चुनाव में इस सरकार को सबक सिखाएंगे।

## कहने को लोकतंत्र और करने को राजतंत्र : लाल गुड्डू नाथ शाहदेव

**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंचायती राज के अधिकार अधिनियम और कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाते हुए कुडू पूर्वी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य गंगोत्री देवी एवं आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव ने कहा है कि जिस प्रकार से आज के समय में पंचायती राज व्यवस्था चल रही है उसको देख कर बड़ी विडम्बना का अनुभव होता है। लोक सभा ना विधान सभा सबसे ऊंची ग्राम सभा का नारा तो जोर जोर से लगाया जाता है।


45 YEARS OF EXCELLENCE
SRAMAYEVA JAYATHE
NARAYANA
COACHING CENTER
IIT-JEE/NEET/FOUNDATION
Narayana Conquers
JEE Main 2024 (Session-1)
6 Students Score 300/300
8 Students Score Overall 100 Percentile
Highest number of perfect scorers & 100 percentile achievers from a single institution
300/300
Overall 100 Percentile AMOGH AGRAWAL App NO. 240310198608
Overall 100 Percentile SHAIK SURAJ App NO. 240310038821
Overall 100 Percentile ARYAN PRAKASH App NO. 240310099049
Overall 100 Percentile M SAI TEJA App NO. 240310661132
Overall 100 Percentile ROHAN SAI PABBA App NO. 240310106660
Overall 100 Percentile M ANOOP App NO. 240310552251
Overall 100 Percentile H VIDITH App NO. 240310608827
Overall 100 Percentile TAVVA DINESH REDDY App NO. 240310889590
21 students score more than 290/300
Scan QR Code For Students' Testimonials
MORA ADARSHA
SRI SURYA VARMA DATLA
BHOGALAPALLI SANDESH
MAHARNAB DAS
DAKI MADHAVARAO
E L NARASIMHA REDDY
SIDDHARTH DEY
MATCHA BALAADITYA
KRISHIV GOYAL
N SAI ANIRUDH REDDY
MOHITH JAGANNADHAM
BOTHAMOLLA CHARAN
MADHUSMITA T
RESULTS FROM JHARKHAND STATE
PHYSICS 100 PERCENTILE KISALAY KARN SINGH App No. 240310308162
99.71 PERCENTILE SHREYA App No. 240310119684
99.64 PERCENTILE SACHIN KR.GUPTA App No. 240310938695
99.52 PERCENTILE YASH KUMAR App No. 240310586299
99.10 PERCENTILE ADARSH RAI App No. 240310686394
99.08 PERCENTILE PRIYANSHU SHARMA App No. 240310430321
98.76 PERCENTILE AKSHAT SINHA App No. 240311096195
98.18 PERCENTILE ARSH GADDI App No. 240310629634
98.09 PERCENTILE FAHAD NASIM App No. 240310125285
98.07 PERCENTILE MISTI SHARMA App No. 240310601334
97.76 PERCENTILE SHUBHAM KUMAR App No. 240310861213
97.68 PERCENTILE KSHITIJ NAYAN App No. 240310001329
97.67 PERCENTILE AADITYA SINGHAL App No. 240310095449
97.44 PERCENTILE NAVYA KOTHARI App No. 240310482294
97.20 PERCENTILE SHAH ERAM HASHIM App No. 240310588887
97.02 PERCENTILE PRERANA BOTHRA App No. 240310477412
97.01 PERCENTILE ADITYA KUMAR App No. 240310087352
Trust Narayana to fulfil your IIT JEE dreams, as #YourDreamsAreOurDreams
ADMISSIONS OPEN FOR ALL COURSES (SESSION 2024-25)
JEE (MAIN+ADV.) | NEET (UG) | FOUNDATION | BOARDS
NARAYANA COACHING CENTERS @ JHARKHAND STATE
DHANBAD: 3rd floor, Dev kalyani Building, Near Pragati Nursing Home, above Great Eastern Agency, Saraidhella, Jharkhand-828127
Ph No: 9031085004 / 05, 6287997301/02/03.
JAMSHEDPUR: 3rd, 4th & 5th Floor Hotel Smita Building, Near Sakchi Gol Chakkar, SNP Area, Sakchi, Jamshedpur, Jharkhand-831001.
Ph No: 9334870015/16/18/19/20/21
RANCHI: 2ND & 3RD Floor, L.N Corporate, Next To Bloom Hotel, Jagatpal Sahay Lane, Kutchery Road, Ranchi, Jharkhand-834001
Ph No: 7643990721/22/23/24/25.
Toll Free: 1800 102 3344 | www.narayanacoachingcenters.in | Follow us SUBSCRIBE